24:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 080 | epaper.rashtriyakhabar.com | चैत्र, शुक्लपक्ष तृतीया, विक्रम संवत 2080



## वासंतिक नवरात्र



तृतीयम् चंद्रघंटा

पिण्डजप्रवरारुढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

## चाणक्य नीति

पत्रं नैव यदा करीरविटपे दोषो वसन्तस्य किं
नोलूकोऽप्यवलोकते यदि दिवा सूर्यस्य किं दूषणम्।
वर्षा नैव पतन्ति चातकमुखे मेघस्य किं दूषणं
यत्पूर्वं विधिना ललाटलिखितं तन्मार्जितुं कः क्षमः॥

भावार्थ : यदि करील नामक पौधे पर पत्ते नहीं निकलते, तो इसमें वसन्त ऋतु का क्या दोष है? यदि उल्लू को दिन में दिखाई नहीं देता तो इसमें सूर्य का क्या दोष है? यदि चातक की चोंच में वर्षा का पानी नहीं टिकता तो इसमें बादल का क्या दोष है? संसार को बनानेवाले ब्रह्मा ने मनुष्य के भाग्य में जो कुछ लिख दिया है, उसे कोई भी नहीं मिटा सकता, वह उसे अवश्य भोगना पड़ता है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 20.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.01 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.49 बजे

## छजलानी के निधन पर आईएनएस ने जताया शोक

**नयी दिल्ली:** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) के अध्यक्ष के आर पी रेड्डी ने सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नई दुनिया समाचार पत्र समूह के संपादकीय बोर्ड के अध्यक्ष अभय छजलानी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रेड्डी ने एक शोक संदेश में कहा कि छजलानी बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उन्हें वर्ष 2009 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने श्री छजलानी के शोक संपप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की उन्हें शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## एनआईए ने नागपुर में संदिग्ध के घर की छापेमारी

**नागपुर:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को चरमपंथी उपदेशक जाकिर नाइक से संपर्कों को लेकर नागपुर में एक संदिग्ध के घर पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनआईए के 25 अधिकारियों की एक टीम गुरुवार को सुबह चार बजे अब्दुल मुक्तदिर के घर पहुंची और छापेमारी की। उन्होंने अब्दुल के पड़ोसियों के घर की भी तलाशी ली। गौरतलब है कि धर्मांतरण गतिविधियों में शामिल एक इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक के उपदेश आतंकवादियों के लिए आतंकवादी कार्य को बढ़ावा देता है। उन पर भारत में मनी लॉन्ड्रिंग, अभद्र भाषा के भाषण सहित कई आरोप हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

### शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद फिर से पुराने तेवर में दोनों पक्ष

# राहुल गांधी की माफी और जेपीसी की मांग का ही शोर

- नियम 377 का उल्लेख होने के बाद लोस में हंगामा
- राज्यसभा में दोपहर तक पहले कार्यवाही स्थगित
- धनखड़ ने नोटिसों को फिर से खारिज कर दिया

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को आज राज्यसभा में याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सदन की कार्यवाही शुरु होते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इन तीनों नायकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए 1931 में अपने प्राणों को न्यौछावर किया था। इसके बाद स्वतंत्रता आंदोलन में निर्णायक बदलाव आया तथा देश स्वतंत्र हो गया। इसक साथ ही लोग गरिमापूर्ण जीवन जीने लगे। उन्होंने कहा कि तीनों शहीद अपने बलिदानों को लेकर नयी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे। बाद में सदस्यों ने उनके सम्मान में दो मिनट मौन खड़े होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसके अलावा संसद के दोनों सदन आज भी हंगामे के शिकार रहे। लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप के बीच भारी हंगामे के कारण पीठासीन अधिकारी को सदन की कार्यवाही छह बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

भोजनावकाश के बाद दो बजे जैसे ही पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही शुरु की विपक्षी सदस्य सदन के बीचोंबीच आकर जेपीसी की मांग करने लगे। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से कहा कि जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखे जा रहे हैं तो सदस्य शांत हो गये। श्री अग्रवाल ने जरूरी कागजात रखने के बाद जैसे ही नियम 377 के तहत मामले उठाने को कहा तो विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरु कर दिया और सरकार पर तानाशाही करने का आरोप लगाकर न्याय देने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे।

उन्होंने सदस्यों से शांत रहने को कहा लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई और उन्होंने सदन की कार्यवाही छह बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया तो विपक्षी सदस्य नारेबाज़ी करने लगे। जवाब में सत्तापक्ष के सदस्य भी अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने कहा कि वह सदन को चलाना चाहते हैं, प्रश्नकाल के बाद नियमों के अनुरूप सभी सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाएगा। हंगामा नहीं रुका तो श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी।

›› शेष पेज दो पर

### पहले अखिलेश अब नवीन पटनायक से मिलने पहुंची ममता बनर्जी

# भाजपा और कांग्रेस से दूरी बनाकर चुनावी तैयारी



- क्षेत्रीय दल अपने इलाके में ताकत बढ़ाये
- राहुल को आगे करना भाजपा की चाल है
- जरूरत पड़ी तो बाद में मोर्चा बनाया जाएगा

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** बंगाल की मुख्यमंत्री ओडिशा के दौरे पर हैं। उनके दौरे के कार्यक्रम में उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भी मुलाकात की। इसी राजनीतिक मुलाकात के क्रम में ममता बनर्जी ने श्री पटनायक से भेंट में जगन्नाथ पुरी में पश्चिम बंगाल सरकार के गेस्ट हाउस के लिए भी जमीन मांगी है। इस क्रम में उन्होंने जगन्नाथपुरी में पूजा करने के बाद बंगाल सरकार के गेस्ट हाउस के लिए जमीन का मुआयना भी किया है। इससे पहले ममता बनर्जी ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के कलकत्ता में पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव से मुलाकात की। वह भाजपा और कांग्रेस से अलग अन्य दलों के नेताओं को यह समझाने की कोशिश कर रही हैं कि दरअसल भाजपा भी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार वाली चाल से अपनी जीत सुनिश्चित करना चाहती है। ममता ने पहले ही कांग्रेस के साथ मोचार्बंदी नहीं करने का एलान कर रखा है।

›› शेष पेज दो पर

### अमित शाह ने तीतवाल में किया मंदिर का उदघाटन

# शारदा पीठ के लिए भी गलियारा खोलने का प्रयास करेगा भारत

- शारदा पीठ पीओके के इलाके में स्थित है
- वर्तमान में यह पूरी तरह उपेक्षित हाल में
- करतारपुर गलियारा की तरह का इंतजाम

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** केंद्र सरकार अब पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित प्राचीन शारदा पीठ मंदिर के लिए भी गलियारा खोलने का प्रयास करेगी। इसके संकेत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिये हैं। उन्होंने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कुपवाड़ा के तीतवाल में मां शारदा देवी मंदिर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शाह ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर मां शारदा के नवनिर्मित मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है और यह पूरे भारत के श्रद्धालुओं के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि मां शारदा के मंदिर का उद्घाटन एक नए युग की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि शारदा पीठ के तत्वावधान में इस मंदिर का वास्तु शास्त्र एवं निर्माण पौराणिक शास्त्रों के अनुसार किया गया है। उन्होंने कहा, कुपवाड़ा में मां शारदा के मंदिर का पुनर्निर्माण शारदा-सभ्यता की खोज और शारदा-लिपि के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक आवश्यक और महत्वपूर्ण कदम है। इसी सिलसिले में श्री शाह ने कहा कि कभी शारदा पीठ को भारतीय उपमहाद्वीप में ज्ञान का केंद्र माना जाता था, देश भर से विद्वान यहां शास्त्रों और आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में आते थे। उन्होंने कहा, शारदा लिपि हमारे कश्मीर की मूल लिपि है, जिसका नाम मां शारदा के नाम पर रखा गया है।

शारदा पीठ भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और शैक्षिक विरासत का एक ऐतिहासिक केंद्र रहा है, जैसे करतारपुर कॉरिडोर, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के तहत सरकार, श्रद्धालुओं के लिए शारदा पीठ खोलने के लिए आगे बढ़ेगी। यह प्राचीन मंदिर और विश्वविद्यालय शारदा पीठ पीओके में नियंत्रण रेखा के पार नीलम घाटी में स्थित है। करतारपुर गलियारा खोले जाने के बाद पाकिस्तान को भी भारतीय श्रद्धालुओं से धार्मिक पर्यटन के जरिए अतिरिक्त आमदनी का नया स्त्रोत मिला है। इसलिए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में शांति स्थापित हुई है, कश्मीर घाटी और जम्मू एक बार फिर

›› शेष पेज दो पर

### देश भर में कांग्रेस और भाजपा के बीच घमासान की परिस्थिति

# मोदी पदवी के मामले में राहुल की दो साल की जेल, मिला बेल

- सुबह सूरत जाने के बाद शाम को दिल्ली लौटे
- प्रियंका वाड्रा और केजरीवाल ने समर्थन जताया
- गुजरात के कांग्रेसियों ने भारत का शेर कहा

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** गुजरात के सूरत की एक अदालत ने आज मोदी पदवी के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनायी है। इसके साथ ही उन्हें अपील में जाने के लिए तीस दिनों का समय दिया गया है। राहुल के खिलाफ यह मामला नरेंद्र मोदी के साथ साथ भगोड़े व्यवसायी नीरव मोदी और ललित मोदी के उल्लेख करने के लिए दर्ज किया गया था। सूरत की एक अदालत द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपनाम के बारे में उनकी टिप्पणी पर 2019 के आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुरुवार को दोषी पाया गया और दो साल की जेल की सजा सुनाई। हालाँकि, उन्हें जमानत दे दी गई थी और उन्हें निर्णय की अपील करने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों के लिए उनकी सजा को निलंबित कर दिया गया था। श्री गांधी के खिलाफ भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी द्वारा यह कहने के लिए मामला दायर किया गया था कि सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे होता है।

अपनी शिकायत में, भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने आरोप लगाया कि श्री गांधी ने 2019 में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूरे मोदी समुदाय को बदनाम किया।

पूर्णेश मोदी भूपेंद्र पटेल सरकार के पहले कार्यकाल में मंत्री थे। वह दिसंबर के चुनाव में सूरत पश्चिम विधानसभा सीट से फिर से चुने गए थे। श्री गांधी के वकील ने तर्क दिया है कि अदालती कार्यवाही शुरू से ही त्रुटिपूर्ण थी। वकील ने यह भी तर्क दिया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, न कि विधायक पूर्णेश मोदी को मामले में शिकायतकर्ता होना चाहिए था क्योंकि पीएम गांधी के भाषण का मुख्य लक्ष्य थे।

वायनाड से लोकसभा सांसद ने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की, पीएम मोदी पर उनके अंतिम नाम को लेकर निशाना साधा, जिसे वह भगोड़े व्यवसायी नीरव मोदी और ललित मोदी के साथ साझा करते हैं। फैसले के बाद अपनी पहली टिप्पणी में, श्री गांधी ने महात्मा गांधी को उद्धृत करते हुए हिंदी में ट्वीट किया

›› शेष पेज दो पर

## त्रिपुरा बार काउंसिल ने की रिजिजू की निंदा

**अगरतला:** त्रिपुरा बार काउंसिल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के खिलाफ केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू की टिप्पणी की निंदा की और आरोप लगाया कि यह केंद्र सरकार की ओर से न्यायपालिका में हस्तक्षेप का प्रयास है। अनुभवी अधिवक्ता एवं बार काउंसिल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम रे बर्मन ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय कानून मंत्री द्वारा की गई वह टिप्पणी अपमानजनक है, जिसमें उन्होंने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को भारत विरोधी करार दिया। बर्मन ने कहा, हमारा मानना है कि केंद्र न्यायाधीशों को सरकार के खिलाफ बोलने से रोककर न्यायपालिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। यह उन न्यायाधीशों के लिए खतरा है, जो सरकार के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

### कुकी समझौते में मणिपुर के कदम को मोदी सरकार नहीं लेगी वापस

# भाजपा ने अमित शाह के चुनावी वादे को तोड़ा



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी:** मणिपुर में पिछले साल हुए चुनाव के दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक कुकी समस्या को हल करने का वादा किया था।

इसके लिए कुकी उग्रवादी गुटों ने भी गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा का साथ दिया। नतीजे आए तो एन बीरेन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बन गई लेकिन एक साल के अंदर ही अमित शाह के किए इस वादे को सीएम बीरेन सिंह ने तोड़ दिया है। इस बीच, केंद्र सरकार के मणिपुर सरकार के तीन कुकी-जोमी विद्रोही समूहों के साथ एक संघर्ष विराम समझौते से हटने के फैसले का समर्थन करने की संभावना नहीं है। इस मामले पर केंद्र की अनिच्छा को राज्य सरकार को बता दिया गया है, हालांकि राज्य सरकार कुछ कुकी समूहों की हालिया गतिविधियों पर बाद की चिंता से सहमत है। हाल ही में, मणिपुर मंत्रिमंडल ने कुकी नेशनल आर्मी (केएनए), कुकी रिवोल्यूशनरी आर्मी (केआरए) और जोमी रिवोल्यूशनरी आर्मी (जेडआरए) के साथ ऑपरेशन समझौते के निलंबन से तुरंत वापस लेने का निर्णय लिया। इस फैसले के बाद मणिपुर के चुराचंदपुर, कांगपोकपी और तेंगनोपाल जिलों में कई विरोध रैलियां हुई और बाद में राज्य सरकार के बेदखली अभियान को लेकर कांगपोकपी जिले में पुलिस के साथ झड़पें हुईं।

राज्य ने केंद्र के साथ अपनी चिंता साझा की है कि ये संगठन सीमा पार से

›› शेष पेज दो पर

## जानकारी

### भौरों की तकनीक का अध्ययन कर तैयार हुई है छोटी सी मशीन

# नया उड़ने वाला रोबोट पंख नष्ट होने के बाद भी उड़ेगा

- पंख को नुकसान होने का परीक्षण किया गया
- कॉर्बन नैनोट्यूब से बनाया है इसका ढांचा
- एमआईटी के रोबोटिक वैज्ञानिकों का काम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** हम जानते हैं कि खास तौर पर उड़ने के मामले में भौरे अनाड़ी साबित होती है। वैज्ञानिक अनुसंधान में यह पता लगाया गया है कि वह प्रति सेकंड एक बार एक फूल से टकराती है, जो समय के साथ उसके पंखों को नुकसान पहुंचाती है। फिर भी उनके पंखों में कई छोटे-छोटे चीरे या छेद होने के बावजूद भौंरे अभी भी उड़ सकते हैं। दूसरी ओर, एरियल रोबोट इतने लचीले नहीं होते हैं। ऐसे रोबोट के पंखों को कोई नुकसान पहुंचने के बाद वे उड़ नहीं सकते। इसी परेशानी को नयी प्रजाति के रोबोट ने दूर करने का काम किया है। भौरे के प्राकृतिक गुणों की नकल कर एमआईटी के शोधकताओं ने इस रोबोट में खुद ही मरम्मत की तकनीक विकसित की है।

शोध दल ने इस रोबोट की कृत्रिम मांसपेशियों को अनुकूलित किया ताकि रोबोट खुद ही मामूली क्षति को दूर कर सके। इसके अलावा, उन्होंने एक उपन्यास लेजर मरम्मत विधि का प्रदर्शन किया जो रोबोट को गंभीर क्षति से उबरने में मदद कर सकता है। इन तकनीकों का उपयोग करते हुए, एक क्षतिग्रस्त रोबोट अपनी कृत्रिम मांसपेशियों में से एक को 10 सुइयों द्वारा चुभाने के बाद उड़ान-स्तर के प्रदर्शन को बनाए रख सकता है और एक बड़ा छेद जलने के बाद भी एक्ट्यूएटर संचालित करने में सक्षम था। जांच के लिए शोधकताओं ने उसके पंख के सिरे का 20 प्रतिशत हिस्सा काट दिया हो। इसके बाद भी उसके उड़ने की क्षमता कायम रही। शोध दल ने पहले नरम, कृत्रिम मांसपेशियों की गतिशीलता को समझने में काफी समय बिताया और एक नई निर्माण विधि विकसित की। एमआईटी के जूनियर अस्टिटेंट प्रोफसर केविन चेन कहते हैं कि कीड़े अभी भी हमसे बेहतर हैं क्योंकि वे अपने पंखों का 40 प्रतिशत तक खो सकते हैं और फिर भी उड़ सकते हैं।

इसकी कृत्रिम मांसपेशियां इलास्टोमेर की परतों से बनाई जाती हैं जो दो रेजर-पतले इलेक्ट्रोड के बीच सैंडविच होती हैं और फिर एक स्क्विशी ट्यूब में लुढ़क जाती हैं। जब वोल्टेज डीईए पर लागू होता है, तो इलेक्ट्रोड इलास्टोमेर को निचोड़ते हैं, जो पंख को फड़फड़ाता है।

›› शेष पेज दो पर

शहर >> अपडेट

## भाकपा ने मनाया शहादत दिवस

**रांची:** भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में शहीद ए आजम में सरदार भगत सिंह ,राजगुरु सुखदेव का 92 वा शहादत दिवस मनाया गया, ।सीपीआई के कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। राज्य कार्यकारणी सह जिला मंत्री अजय सिंह ने सभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि शहीद ए आजम भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव के विचारो की जरूरत आज की युवा पीढ़ी को ज्यादा है। जिस तरह से देश में आज बेरोजगारी, महंगाई, और शिक्षा का व्यवसायीकरण किया जा रहा है ,और पूंजीवाद का विस्तार हो रहा है । जो उनके विचारो के उलट है। शहीद ए आजम भगत सिंह का सपना था की देश में समता मूलक समाज का निर्माण हो ,विदेशी बनिए जाए तो देशी बनिए का राज ना हो । शहीद ए आजम भगत सिंह के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणा दायक है। आज भी शहीद ए आजम भगत सिंह करोड़ों युवाओं के रोल मॉडल है।

संकल्प

### सीएम हेमंत सोरेन 1932 के मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट की

# सदन में हेमंत का एलान- 1932 है और रहेगा, यह हमारे पूर्वजों का संकल्प है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड विधानसभा में गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन 1932 के मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि 1932 हमारा है और रहेगा। 1932 हमारे पूर्वजों का संकल्प रहा है, इसलिए उससे पीछे हटने का कोई सवाल ही नहीं है।सोरेन ने कहा कि हम लोगों ने 3 साल का कार्यकाल पूरा किया है और बेहतरीन काम किया है। 2 साल कोरोना वायरस में गया है। बचे हुए साल में हम लोग बेहतरीन तरीके से काम करेंगे। हम लोगों ने 10,00,000 किसानों को ऋण उपलब्ध कराया है। महिलाओं, किसानों, बुजुर्गों, अनुबंध कर्मियों, दिहाड़ी मजदूरों की बच्चियों को हम लोगों ने लाभ देने का काम किया है। अब तो जीएसटी की ऐसी व्यवस्था आ गई है जब तक केंद्र सरकार की हम पर कृपा नहीं बरसेगी तब तक हम कोई काम कर नहीं पाएंगे।बीजेपी के लोगों ने 20 सालों में कभी भी तपोवन मंदिर का काम नहीं किया। हमारी सरकार ने ही तपोवन मंदिर का जीर्णोद्धार करने का काम किया है। यह लोग सिर्फ उस पर हिंदू की राजनीति करते हैं, यह क्या हिंदू की बात करेंगे। यह सभी लोग हिंदुओं के दुश्मन हैं। यह लोग हिंदुओं का वोट बटोरने का काम करते हैं।पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का काम हमारी सरकार ने किया है। पूरे भारत में झारखंड सरकार ने ही पुरानी पेंशन योजना देने का काम किया है। वह लोग जो अपने पूरी कमाई को लगा दे, उसकी पूरी कमाई को शेयर बाजार में उड़ाने के लिए नहीं दे सकते।सोरेन ने कहा कि गलत नीतियों के नाते ही इन्हें एक राज्य से हाथ धोना पड़ा है। आने वाले समय में यह पूरे देश से हाथ धोना पड़ेगा। हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं कि हम देवरिया बांटते हैं, गरीबों को सम्मान देना गरीबों को हक के लिए लड़ना, रेवाड़ी बांटना है। व्यापारियों को पैसा दे देना, व्यापारियों को पैसा देकर के देश का पैसा लेकर के भाग जाने यह बड़ी बात है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड ऐसा राज्य है जिसके बच्चे विदेश में पढ़ने जाते हैं। जिन्हें हंड्रेड परसेंट स्कॉलरशिप देने का काम किया जाता है और इसे दूसरे राज्य की सरकार भी लागू कर रही है। हमारे राज्य में जो भी कानून बनाता है उसे दूसरे राज्य अपनाते हैं। हम लोगों ने नियम बनाया है, खासतौर पर मजदूरों के लिए, जो लोग बाहर जाकर के काम करते हैं उसे पूरा देश देख रहा है और उसे लागू करने का भी काम कर रहा है।हेमंत सोरेन ने कहा कि हम झारखंड के 100% लोगों को नौकरी देने की व्यवस्था करते हैं तो भाजपा के लोग ही विरोध करते हैं और जब हम केंद्र से अपना हक अधिकार मांगते हैं तो यही बीजेपी के लोग वहां भी विरोध करते हैं। महोदय यह तो बड़ी अजीब स्थिति है, यह कैसे चलेगा। बीजेपी को लोगों को कम से कम अपनी बात पर कायम रहना होगा। क्योंकि यह लोग लगातार चीजों को बदलते रहते हैं। ऐसे में इन लोगों से किसी भी तरह की उम्मीद करना बेमानी है।हेमंत सोरेन ने कहा कि देश की जो हालत है हो गई है उसमें बीजेपी के लोग यह बताएं कि गरीब वर्गों के लिए क्या किया है, रोजगार के लिए क्या किया है, यही लोग कहते थे कि गरीब लोग हवाई चप्पल पहन कर के हवाई जहाज में सफर करेंगे लेकिन अब वही हवाई जहाज भेज दिया गया। हवाई जहाज बेच दिए, रेलवे को भी बेच दिया है। इन लोगों की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।केंद्र सरकार की नीतियां भी लगातार कमजोर हो रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना में 75,000 करोड़ का प्रावधान पिछली बार रखा गया था, लेकिन इस बार उसे घटाकर के 60 हजार करोड़ कर दिया गया है। किसानों के लिए इनके पास कोई योजना नहीं है।सोरेन ने कहा कि आज के अमृतकाल में कौन ऐसे लोग हैं जो अमृत पी रहे हैं। महोदय अमृत काल में भी लोग जहर पीने को विवश हैं।

आरोप लगाते हुए

## मिथिलेश ने गडकरी के साथ मंच साझा करने से किया इनकार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ मंच साझा करने से राज्य सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इंकार कर दिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ है। एक साजिश के तहत मुख्यमंत्री को अपमान करने की कोशिश की गई है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर जाने वाला था लेकिन अब नहीं जाऊंगा क्योंकि इस कार्यक्रम में जानबूझकर राज्य सरकार को नीचा दिखाने का प्रयास किया गया है और इसे बर्दास्त नहीं किया जा सकता। झारखंड में योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास हो रहा है और मुख्यमंत्री को आमंत्रित नहीं किया जाना यह गलत है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार का गैर भाजपा शासित राज्यों में सरकार के प्रति क्या सोच है, यह दशार्ता है। यह गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों का अपमान है और इसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं कर सकता।

### प्रदेश अध्यक्ष बैठक कर बनाएंगे आगे की रणनीति

# राहुल गांधी की सजा को बताया लोकतंत्र पर कुठाराघात

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मानहानि के एक मामले में गुजरात राज्य के सूरत की न्यायालय ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 02 साल की सजा सुनाई है। कांग्रेस इसे भारतीय जनता पार्टी की साजिश का हिस्सा बताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि यह लोकतंत्र पर कुठाराघात है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है। यही कारण है कि साजिश के तहत देशभर में कई मुकदमे राहुल गांधी पर किये गए थे।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडाणी को लेकर राहुल गांधी मुखर हुए हैं, उसी साजिश का यह परिणाम है। कहा कि कांग्रेस इस सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में जाएगी। राजेश ठाकुरने कहा कि जिस गांधी-नेहरू परिवार की परंपरा त्याग, कुबार्नी और जेल जाने की रही है। अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की रही है। राहुल गांधी इससे और मजबूत होंगे।राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस इस लड़ाई को आगे लेकर जाएगी। अडाणी प्रकरण से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा यह कुकृत्य कर रही है। इसे जनता को बतायेंगे कि 'कैसे अडाणी और मोदी की यारी, अब देश पर पड़ रही भारी'। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हर चुनौतियों का सामना करने का संकल्प गुरुवार को लिया जाएगा।

# झारखंड में जातीय जनगणना की मांग, विधानसभा के बाहर आजसू विधायकों का धरना

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को आजसू विधायक लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी सदन के बाहर तख्ती बैनर के साथ धरने पर बैठ गए। आजसू विधायकों की मांग है कि राज्य की सरकार बिहार की तर्ज पर झारखंड में जातीय जनगणना कराए ताकि एक आंकड़ा मिल सके और पिछड़ी जातियों के साथ न्याय हो सके। विधायक लंबोदर महतो ने वर्तमान सरकार को ओबीसी विरोधी बताते हुए कहा कि कई जिलों में ओबीसी का आरक्षण रोस्टर में जीरो दिखाया गया है तो ओबीसी को 27% आरक्षण भी नहीं मिला है। झारखंड में आजसू पार्टी और भारतीय जनता पार्टी, भले ही एक दूसरे के सहयोगी हों लेकिन जातीय जनगणना की आजसू की मांग पर विधायक लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी अकेले पड़ती दिखीं। भाजपा के विधायकों ने उनका समर्थन तो नहीं किया, पूर्व मंत्री और विधायक अमर बाउरी ने यह भी कह दिया कि ऐसी मांगें मुद्दे से भटकाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की साफ सोच है कि जो आरक्षण हमें एसटी-एससी और ओबीसी को मिला हुआ है, उसे ही आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं झामुमो विधायक और मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आजसू के लोग दिखावा करते हैं, जब भाजपा के साथ सरकार में थे तब तो इन्होंने ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 फीसदी कर दिया था। आज ये लोग सिर्फ ओबीसी समाज को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

## विधायक इरफान अंसारी ने भाजपा नेताओं को चूड़ियां पहनने की दी सलाह

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में सूरत कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। इसको झारखंड कांग्रेस के विधायक इरफान अंसारी ने भाजपा की साजिश करार दिया है। इरफान अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी से डरे हुए भाजपा के नेताओं को चूड़ियां पहन लेनी चाहिए। वहीं पूर्व कृषि मंत्री और भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी ने देशभर के मोदी समाज के लोगों का अपमान किया था और हमेशा अनाप शनाप बोलते रहते हैं, उसमें उन्हें सजा मिलनी ही थी। वहीं शहीद-ए-आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पर विधानसभा में भगत सिंह के चोले में पहुंचे कांग्रेसी विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि जिस तरह से अंग्रेजों ने भगत सिंह से डर कर आनन फानन में उन्हें फांसी दे दी थी। उसी तरह वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है। विधायकों ने इस मामले को लेकर सदन में भी खूब हंगामा किया। जिसकी वजह से सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी।

हंगामा

### कांग्रेस विधायकों का हंगामा,दीपिका पांडे सिंह वेल में आकर बैठी

# बीजेपी विधायक ने गली-गली में शोर है राहुल गांधी चोर है के नारे लगाये

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रदीप यादव ने कहा कि गरीबों की आवाज उठाने वाले राहुल गांधी की राजनीतिक हत्या करने की साजिश हो रही है। इसके बाद कांग्रेस विधायक वेल में आ गये और दीपिका पांडे सिंह वेल में आकर बैठ गयी। उधर भाजपा के विधायक भी वेल में आ गये और गली-गली में शोर है, राहुल गांधी चोर है के नारे लगाये। हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी।भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में कृषि विभाग द्वारा संचालित कुल 76 स्कीम में 53 योजनाओं पर शून्य खर्च का मामला उठाया। उन्होनें कहा कि कृषि विभाग की 21 योजनाओं, पशुपालन की 17, गव्य विकास की 8 और मत्स्य विभाग की 7 योजनाओं पर इस वर्ष कोई राशि खर्च नहीं हुई है। कहा कि जब राशि खर्च नहीं हुई तो सरकार ने क्या कार्रवाई की। रकार तो निकम्मी है ही, मंत्री और अधिकारी भी निकम्मे हैं। कहा कि राशि खर्च नहीं होने के लिए कौन जिम्मेवार है। विभाग नहीं चल रहा है तो मंत्रिपद छोड़ दीजिए।जवाब में मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि प्रभाग की कुल 22 राज्य योजनाओं में से मात्र 4 योजनाओं में व्यय शून्य है। 11 केंद्र प्रायोजित योजनाओं में से 6 योजनाओं में भारत सरकार से राशि अप्राप्त है। जिस वजह से खर्च शून्य है। उन्होंने कहा कि सदस्य राजनीतिक बयान नहीं दें। यदि अधिकारी लापरवाह हैं तो उसका पुख्ता सबूत दें। सरकार जांच कराकर कर्रवाई करेगी।

## पेज एक का शेष

### नया उड़ने वाला रोबोट पंख नष्ट....

इसमें सूक्ष्म खामियां चिंगारी पैदा कर सकती हैं जो इलास्टोमेर को जला देती हैं और डिवाइस को विफल कर देती हैं। इससे बचने के लिए एक हिस्से को दूसरों से अलग कर दिया जाता है। शोध दल ने सबसे पहले कार्बन नैनोट्यूब की संरचना बनायी। कार्बन नैनोट्यूब अति-मजबूत लेकिन कार्बन के बेहद छोटे रोल हैं। चेन और उनकी टीम ने बड़े दोषों को दूर करने के लिए लेजर का इस्तेमाल किया। टीम ने जल्द ही महसूस किया कि, जब इस तरह के छोटे उपकरणों पर संचालन किया जाता है, तो यह देखने के लिए इलेक्ट्रोड का निरीक्षण करना बहुत मुश्किल होता है कि क्या उन्होंने किसी दोष को सफलतापूर्वक अलग किया है। इसलिए उन्होंने एक्ट्यूएटर में इलेक्ट्रोल्यूमिनेसेंट कणों को शामिल किया। अब, अगर वे प्रकाश को चमकते हुए देखते हैं, तो वे जानते हैं कि एक्ट्यूएटर का हिस्सा काम कर रहा है, लेकिन गहरे धब्बे का मतलब है कि उन्होंने उन क्षेत्रों को सफलतापूर्वक अलग कर दिया है। एक बार जब उन्होंने अपनी तकनीकों को सिद्ध कर लिया, तो शोधकताओं ने क्षतिग्रस्त एक्ट्यूएटर्स के साथ परीक्षण किया - कुछ को कई सुइयों से चुभाया गया था जबकि अन्य में छेद जल गए थे। उन्होंने मापा कि रोबोट ने फड़फड़ाते पंख, टेक-ऑफ और होवरिंग प्रयोगों में कितना अच्छा प्रदर्शन किया। वे नए नियंत्रण एल्गोरिदम भी विकसित कर रहे हैं ताकि रोबोट बेहतर ढंग से उड़ सकें, रोबोट को अपने आप को नियंत्रित करना सिखा सकें ताकि वे एक निरंतर शीर्ष रख सकें।

### अमित शाह ने तीतवाल में किया मंदिर ....

अपनी पुरानी परंपराओं, सभ्यता और गंगा-जमुनी तहजीब की ओर लौट रहे हैं। शाह ने कहा कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने संस्कृति कायाकल्प सहित जम्मू-कश्मीर के सभी क्षेत्रों में पहल की है। इसके तहत चिन्हित 123 स्थानों पर व्यवस्थित जीर्णोद्धार और मरम्मत का काम चल रहा है, जिसमें कई मंदिर और सूफी स्थल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 65 करोड़ रुपये की लागत से 35 स्थानों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सूफी संतों के 75 स्थलों को चिन्हित कर 31 मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। शाह ने कहा कि हर जिले में 20 सांस्कृतिक उत्सव भी आयोजित किए गए हैं जो हमारी पुरानी विरासत को पुनर्जीवित करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि आज की शुरूआत इस स्थान के खोए हुए गौरव को वापस लाने में मदद करेगी और मां शारदा के आशीर्वाद से यह स्थान पूजा का केंद्र बना रहेगा और युगों-युगों तक भारत की चेतना को जगाता रहेगा।

### भाजपा और कांग्रेस से दूरी बनाकर ....

साथ ही टीएमसी ने 2024 के चुनाव में अकेले रहने का भी एलान कर दिया है। इतना ही नहीं, राहुल गांधी लंदन में जो भी टिप्पणियां की थी, उन सभी पर तृणमूल कांग्रेस ने बात करना बंद नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस को लगता है कि लंदन में राहुल गांधी की टिप्पणियों से भाजपा को फायदा हुआ है। ममता का आकलन है कि सीबीआई और ईडी के मुद्दे पर भी विरोधी एक नहीं हो पा रहे हैं। अब धीरे धीरे यह साफ हो रहा है कि ममता बनर्जी नवीन पटनायक से मिलकर इसी फामूर्ला को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं। वह चाहती हैं कि तमिलनाडु में स्टालिन और डीएमके की सीटों की संख्या बढ़ाएं, केसीआर में तेलेंगना में ताकत बढ़ाएं। इसी तरह ओड़िया में नवीन पटनायक और बीजेडी अपनी सीटों की संख्या बढ़ाये। दिल्ली में केजरीवाल। इस फामूर्ला से क्षेत्रीय स्तर पर जो संतुलन कायम होगा, उससे कांग्रेस और भाजपा दोनों को परास्त कर पाना संभव होगा। उनके मुताबिक 2024 से पहले कोई नया मोर्चा बनाने की जरूरत नहीं है। 2024 में जरूरत पड़ी तो वोट के नतीजे आने के बाद गठबंधन बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा।

### राहुल गांधी की माफी और जेपीसी ...

दूसरी तरफ सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सदस्यों के हंगामे के कारण गुरुवार को राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। उप सभापति हरिवंश ने भोजनावकाश के उपरांत सदन की कार्यवाही शुरु करने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष के सदस्य शोर-शराबा करने लगे और अपनी सीटों से आगे आकर खड़े हो गये। श्री हरिवंश ने दोनों पक्षों के सदस्यों से शांत होने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। इसका सदस्यों पर कोई असर नहीं होता देखकर उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। हंगामे के बीच सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन के संचालन को लेकर कोई समझौता नहीं हो पा रहा हैं। इसी दौरान तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दलों, जनता दल (यू) , आम आदमी पार्टी , राष्ट्रीय जनता दल के साथ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य अपनी सीट से एक साथ जोर जोर से बोलने लगे। हंगामे के दौरान ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कुछ कहा जिसे शोरगुल के कारण सुना नहीं जा सका। इसके बाद सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित करने की घोषणा की। इससे पूर्व श्री धनखड़ ने कहा कि नियम 267 के तहत चर्चा कराने के लिए 12 सदस्यों ने नोटिस दिया है, जिन्हें अस्वीकार कर दिया गया हैं। नोटिस देने वाले सदस्यों में कांग्रेस प्रमोद तिवारी, अखिलेश प्रसाद सिंह, श्रीमती रंजीता रंजन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विश्वम, द्रमुक के तिरुचि शिवा और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह इन सदस्यों में शामिल है। इन सदस्यों ने अडानी मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने को लेकर नोटिस दिया था।

### मोदी पदवी के मामले में राहुल की दो...

मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा इसे प्राप्त करने का साधन है।उनकी बहन और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने ट्वीट किया, डरे हुए शासक राहुल गांधी की आवाज को दबाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मेरा भाई न कभी डरा है, न कभी डरेगा। वह सच बोलता रहेगा।देश की जनता की आवाज उठाने के लिए.सच्चाई की ताकत और करोड़ों देशवासियों का प्यार उनके साथ है। श्री गांधी फैसले के लिए दिन में पहले सूरत पहुंचे और कांग्रेस की गुजरात इकाई के शीर्ष नेताओं ने उनकी अगवानी की। शाम को वह दिल्ली लौट आये हैं। पार्टी के समर्थक और सदस्य श्री गांधी के लिए ताकत और समर्थन के प्रदर्शन के रूप में सूरत में विभिन्न स्थानों पर निकले, पोस्टरों के साथ उन्हें शेर-ए-हिंदुस्तान के रूप में प्रशंसा की और घोषणा की कि कांग्रेस नहीं होगी भाजपा की तानाशाही के आगे नतमस्तक प्रदर्शन किया। सजा सुनाये जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का समर्थन मिला, जिन्होंने ट्वीट किया कि वह अदालत के फैसले से असहमत हैं।

### भाजपा ने अमित शाह के चुनावी वादे को तोड़ा

म्यांमार के प्रवासियों की आमद का समर्थन कर रहे थे। अफीम की खेती और नशीली दवाओं के व्यापार को प्रोत्साहित कर रहे थे और अतिक्रमित वन भूमि पर मौजूद कुकी गांवों में बेदखली अभियान के विरोध के पीछे हैं। राज्य सरकार का मानना है कि स्वदेशी जनजातीय नेताओं के मंच द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों के पीछे विद्रोहियों ने अपना वजन डाला।सरकारी सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय राज्य के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। मणिपुर सरकार द्वारा उठाई गई चिंताएँ गंभीर हैं और उनसे निपटने की आवश्यकता है। लेकिन क्या ऑपरेशन संधि के निलंबन से हटना ही एकमात्र तरीका है जिस पर विचार करने की आवश्यकता है। पिछले हफ्ते, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और सूत्रों के अनुसार, उनसे समझौते के प्रावधानों को स्पष्ट करने और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मणिपुर के मुख्य सचिव डॉ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और केंद्र की शांति वार्ता वातार्कार ए के मिश्रा से भी मुलाकात की। 8 सितंबर, 1980। मणिपुर के इतिहास की वो तारीख, जब भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया और वहां पर अफस्पा यानी कि आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट, 1958 को लागू कर दिया गया। तब से अब तक 42 साल से ज्यादा का वक्त बीत चुका है, लेकिन अब भी मणिपुर में अफस्पा लागू ही है यानी कि अब भी भारत सरकार के लिए मणिपुर अशांत क्षेत्र ही है। मणिपुर में अब भी कम से कम 8 ऐसे संगठन हैं जो भारत सरकार के लिए या तो आतंकवादी हैं या फिर वो कानून के खिलाफ काम करने वाले हैं।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और उसके पॉलिटिकल विंग रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट (आरपीएफ) को आतंकवादी संगठन बताया है। ऐसे ही यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) और उसका सशस्त्र संगठन मणिपुर पीपल्स आर्मी, पीपल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी कांगलीपाक, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी, कांगली याओल कनबा लुप, को-ऑर्डिनेशनल कमेटी, एलाएंस फॉर सोशलिस्ट युनिटी कांगलीपाक और मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट भी या तो आतंकी संगठन हैं या फिर ये कानून के खिलाफ काम कर रहे हैं।

## शहर >> अपडेट

### बन्द और प्रदर्शन की घोषणा की निकली हवा

**लौरिया :** सोसल मीडिया के पत्रकार मनीष कश्यप की गिरफ्तारी के विरोध में होने वाले बन्द और विरोध प्रदर्शन की लौरिया में निकली हवा। लौरिया में कहीं भी बंद का नहीं दिखा असर। प्रतिदिन की भांति सभी दुकानें खुली रहीं। लोगों ने इस बंद के आह्वान को सिरे से खारिज कर दिया। गुरुवार को व्यासपुर चौक के समीप कुछ युवकों को प्रदर्शन और धरना का योजना बनाते देखा, लेकिन उसे प्रशासन ने विफल कर दिया। पुलिस ने गोलबंद हो रहे कुछ युवकों को भी खदेड़ दिया।

# सम्राट चौधरी बने बिहार भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

▶▶ कार्यकताओं के मान सम्मान के साथ साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूँगा : सम्राट

**रुपेश रंजन सिन्हा**



**पटना :** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मंत्री और वर्तमान में विधान परिषद सदस्य सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वह संजय जायसवाल की जगह लेंगे। सम्राट चौधरी इस समय विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। उनका प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने को लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़ कर देखा जा रहा है। सम्राट चौधरी ने इस एलान के बाद अपने ट्विटर अकाउंट पर वीडियो के माध्यम से भाजपा आलाकमान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, आदरणीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जे पी नड्डा जी, देश के गृहमंत्री अमित शाह जी और राजनाथ जी और सभी केंद्रीय नेतृत्व को मैं विशेष तौर पर धन्यवाद देता हूँ कि आप ने बिहार में पूरे भाजपा के संगठन को आगे बढ़ाने का जो दायित्व दिया है मैं विश्वास दिलाता हूँ कि बिहार में भाजपा के कार्यकताओं के मान सम्मान के साथ साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करूँगा। सम्राट भाजपा से पहले राजद में थे और 1999 में बिहार के कृषि राज्य मंत्री बने थे। 2014 में उन्हें शहरी विकास मंत्री पद दिया गया था। जून 2017 में वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए और फरवरी 2021 में पंचायती राज्य मंत्री बनाये गए, लेकिन अगस्त 2022 में जदयू-भाजपा गठबंधन की सरकार खत्म होने के साथ उनके पंचायती राज्य मंत्री का कार्यकाल भी समाप्त हो गया। खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके सम्राट चौधरी कुशवाहा समुदाय से आते हैं। भाजपा में शामिल होने से पहले वह नीतीश कुमार की जदयू और जीतन राम मांझी के हम पार्टी से भी जुड़े थे। जानकारों का मानना है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिछड़े वर्ग जाति के वोटबैंक में सेंध लगाने की तैयारी में है और संजय जायसवाल की जगह सम्राट चौधरी को बिहार की कमान सौंपना इसी कड़ी में उठाया गया एक कदम है। इधर सम्राट चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा नेता एवं कार्यकताओं के तरफ से बधाई देने का ताता लगा रहा। वही कला संस्कृति प्रकोष्ठ भाजपा बिहार के पटना महानगर अध्यक्ष सतीश कुमार दास एवं मिथुन राज ने सम्राट चौधरी से मिलकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## वालमार्ट फाउंडेशन ने नई पंचवर्षीय रणनीति की घोषणा की

**पटना :** भारत में किसानों की आजीविका सुधारने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए वॉलमार्ट फाउंडेशन ने अपनी नई पंचवर्षीय रणनीति की घोषणा की। इसका उद्देश्य 2028 तक 10 लाख छोटे किसानों तक पहुंचना है, जिनमें कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएं होंगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सहित कई राज्यों में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सामूहिकता (कलेक्टिवाइजेशन) और फार्म एग्रिगेशन के क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-लाभकारी संगठनों को अनुदान दिया जाएगा। कैथलीन मैकलॉफलिन, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर, वॉलमार्ट इंक तथा प्रेसिडेंट, वॉलमार्ट फाउंडेशन ने कहा, भारत में छोटे किसानों की बाजार पहुंच को विस्तार देने की वॉलमार्ट फाउंडेशन की नवीनतम प्रतिबद्धता हमारे उन प्रयासों का हिस्सा है, जिसके तहत हम ऐसे समाधान तलाशते हैं, जिनसे सभी संबंधित पक्षों के बीच व्यवस्थित तरीके से साझा मूल्य (शेयर्ड वैल्यू) तैयार करने में मदद मिले। बीते हुए समय की व्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने और महिलाओं के समावेश एवं सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए छोटे किसानों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ाने की दिशा में रणनीतिक परोपकार एक मजबूत साधन के रूप में भूमिका निभा सकता है।

## इंडसइंड बैंक सीबीडीटी के प्रत्यक्ष कर संग्रह प्रणाली पर हुआ लाइव

**पटना :** इंडसइंड बैंक ने आयकर विभाग के हाल ही में लॉन्च हुए भुगतान प्लेटफॉर्म टीआईएन 2.0 के साथ एकीकृत होने की घोषणा की है। बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एक एजेंसी बैंक के रूप में नियुक्त किया गया था और इस लाइसेंस के तहत, इंडसइंड बैंक के ग्राहक अब अपने प्रत्यक्ष करों का भुगतान बैंक के खुदरा या कॉर्पोरेट नेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म या किसी इंडसइंड बैंक के माध्यम से तेज, सहज और सुविधाजनक तरीके से नकद, चेक या डिमांड ड्राफ्ट का उपयोग करने वाली शाखा में कर सकते हैं। इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री सुमंत कठपालिया ने कहा, हम केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए एक एजेंसी बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं। यह इंडसइंड बैंक के उत्पाद सूट में एक और अतिरिक्त है जिसमें अत्याधुनिक डिजिटल क्षमताओं द्वारा संचालित अभिनव समाधान शामिल हैं। हम सरकार और अपने ग्राहकों के लिए समान रूप से 'पसंदीदा भागीदार' होने के प्रति आश्वस्त हैं और हम भारत के सबसे सुविधाजनक बैंक के रूप में बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की जयन्ती मनायी गयी



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ0 राम मनोहर लोहिया जी की जयन्ती मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ0 लोहिया के विचारों को लेकर लालू प्रसाद जी ने गरीबों, शोषितों को मान-सम्मान दिया और नफरत करने वाले लोगों को उनके बताये विचारों के अनुसार स्पष्ट रूप से जवाब देकर समाज में एक बेहतर वातावरण का निर्माण किया। उनके आदर्श मार्गों को सभी गरीब-गुरबों के बीच पहुंचाने के लिए उनके विचार का प्रचार-प्रसार किया जाना जरूरी है, तभी हम देश में बेहतर तरीके से उन शक्तियों को जवाब दे सकते हैं, जो मोहब्बत की राजनीति को समाप्त करके नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं। डॉ0 राम मनोहर लोहिया अनवरत गांव की दशा एवं वहां की प्रतिभा को सुधारने व निखारने के लिए सत्त संघर्ष करते रहे। डॉ0 लोहिया ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को जमीन पर उतारा। आजादी के बाद राजनीतिक सूचिता उनके लिए सर्वोपरि था। वे जीवनपर्यन्त समाजवाद तथा गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हित के लिए संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर डॉ0 लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चैधरी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ0 अनिल कुमार सहनी सहित दर्जनों नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने डॉ0 लोहिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बिहार बंद समर्थकों ने आगजनी कर मार्ग अवरुद्ध किया



**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बेतिया मोतिहारी मुख्य मार्ग एनएच 727 दुबौलिया चौक के समीप यूट्यूबर मनीष कश्यप के समर्थकों ने एनएच 727 पर आगजनी कर यातायात बाधित किया।
आक्रोशित समर्थको ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के विरोध में नारा लगाया। सरकार से मनीष कश्यप के अविलंब रिहाई की मांग किया। सड़क जाम की सूचना पर मझौलिया थाना की पुलिस के पहुंचते ही सड़क जाम व आगजनी करने वाले भाग खड़े हुए। मझौलिया में बिहार बंद को सफल बनाने के लिए सोसल मीडिया के मनीष कश्यप के समर्थकों ने थाना क्षेत्र के बारवा, सेमरा घाट पंचायत के धनकुटवा के समीप मुख्य सड़क पर आगजनी कर विरोध जताया। समर्थकों ने मनीष कश्यप को अविलंब रिहा करने की मांग किया। मझौलिया पुलिस ने आग को बुझाया यातायत को प्रारम्भ कराया। मझौलिया पुलिस एनएच 727, बेतिया, सरिसवा मुख्य सड़क समेत सभी छोटी बड़ी सड़कों पर तैनात रही।

# लोक पंच की प्रस्तुति नाट्य शिक्षक की बहाली का हुआ मंचन

**राष्ट्रीय खबर**




**पटना :** बिहार दिवस के अवसर पर लोक पंच के तरफ से नाटक शिक्षक की बहाली का मंचन किया गया। प्रस्तुत नाटक के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गयी है कि बिहार में नाट्य शिक्षक की बहाली हो और हमारे नाटक के साथ जनता का जुड़ाव और सहयोग महत्वपूर्ण है।

प्रस्तुत नाटक में रंगकर्मियों के संघर्ष को दिखाया गया है। जिसमें एक रंगकर्मी के जीवन के उस पहलू को उकेरा गया है जहाँ वो पढ़ाई के बाद भी अपने परिवार और समाज में उपेक्षित है।

उन्हें स्कूल, कॉलेज में एक अदद नाट्य शिक्षक की नौकरी भी नहीं मिल सकती, क्योंकि हमारे यहां नाटक के शिक्षकों की बहाली का कोई नियम नहीं है। इस मुखर सवाल पर आकर उक्त नाटक दर्शकों के लिए रंगकर्मियों के जीवन संघर्ष से जुड़ा निम्न सवाल भी छोड़ जाता है।

नाटक खत्म होने के बाद स्मृति चिन्ह देकर व ताली बजाकर दर्शक उन्हें सम्मानित करते हैं। यही रंगकर्मी जब अपने घर पहुंचते हैं तो घर में इन से बेहूदा किस्म के प्रश्न पूछे जाते हैं। क्या कर रहे हो ? नाटक करने से क्या होगा ? लोग तुम्हें लौंडा कहते हैं। नाचने वाला कहते हैं। यह सब करने से रोजी-रोटी नहीं चलेगा। कोई अच्छी घर की लड़की का हाथ तक नहीं मिलेगा।

इस तरह के अनगिनत ताने सुनने पड़ते हैं, फिर भी रंगकर्मी यह सब सहने के बावजूद रंगकर्म करते रहते हैं।

नाटक के माध्यम से रंगकर्मी मांग करते हैं कि स्कूल और कालेजो में नाट्य शिक्षक की बहाली हो और दर्शक का साथ हो।

प्रस्तुत नाटक में प्रमुख कलाकार की भूमिका में मनीष महिवाल, प्रियंका सिंह, मिताली, रजनीश पांडे, अरबिंद कुमार, रोहित कुमार, अजित, कृष्ण यादव, राम प्रवेश, अभिषेक राज आदि ने किरदार निभाया है। नाटक के लेखक एवं निर्देशक मनीष महिवाल हैं।

## रामविलास पासवान की प्रतिमा लगने से युवा पीढ़ी को मिलेगी प्रेरणा : दिलीप

**राष्ट्रीय खबर**



**गया :** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष व पद्म भूषण से सम्मानित दिवंगत रामविलास पासवान की आदम कद की प्रतिमा लगाने के लिए राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अरविंद सिंह, राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार, प्रदेश सचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ मुकेश कुमार चंद्रवंशी एवं जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ने पथल कट्टी जाकर निमार्णाधीन प्रतिमा का अवलोकन किया। इसके बाद जहां प्रतिमा लगाना है वहां जाकर स्थलीय निरीक्षण किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार ने कहा रामविलास पासवान के विचारों को एवं उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में आदम कद की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सभी नेताओं ने निरीक्षण के बाद आम जनता से प्रतिक्रिया लिए सभी ने एक स्वर में कहा की स्वर्गीय रामविलास पासवान एवं दूसरा डॉ भीमराव अंबेडकर साहब के रूप में आजीवन याद किए जाएंगे। उनके राजनीतिक सफर इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। दूरसंचार मंत्री रहते हुए उन्होंने संचार क्रांति के क्षेत्र में स्मरणीय कार्य किया। उनकी प्रतिमा लगने से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

# बोलेगा बिहार के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण किया जाएगा

**राष्ट्रीय खबर**



**पटना :** बिहार की महिला उद्यमियों के लिए नेतृत्व निर्माण की पहल बोलेगा बिहार का शुभारंभ पटना के गांधी मैदान में 22 मार्च से शुरू हुए तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह में बिहार दिवस के अवसर पर किया गया। इस पहल का नेतृत्व परपश क्लाइमेट लैब ने इको वारियर्स और सखी के साथ मिलकर किया है और इसका उद्देश्य बिहार में महिला उद्यमियों को अपने उद्यमों में विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) अपना सशक्तिकरण करना है. माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रमुख परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह ने स्टॉल ने आकर इस कैम्पेन के बारे में जानकारी ली।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से बोलेगा बिहार ने 22-24 मार्च तक गांधी मैदान में बिहार दिवस कार्यक्रम में एक रचनात्मक स्पहल की है। अभयमुद्रा या सुरक्षा के संकेत से प्रेरित यह इंस्टॉलेशन, सौर पैनलों के साथ उक्त मुद्रा (इशारा) में एक महिला के हाथ को दशार्ती है जो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए ऑन-साइट चार्जिंग स्टेशन को शक्ति प्रदान कर रही है। इंस्टॉलेशन लचीला और हरित आजीविका बनाने में महिलाओं की भूमिका का जश्न मनाती है और इस तरह जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए राज्य की क्षमता को बढ़ाती है।

यह इंस्टॉलेशन बोलेगा बिहार परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य डी आर ई के माध्यम से बिहार के गया और नालंदा जिलों में महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना है ताकि वे राज्य में डीआरई समाधानों को अपनाने में तेजी ला सकें और राज्य के शुद्ध शून्य लक्ष्यों में योगदान कर सकें। इस परियोजना का उद्देश्य कई हितधारकों को बुलाना है जो घरों में डीआरई समाधान को अपनाने और रखरखाव के लिए महत्वपूर्ण हैं।

बोलेगा बिहार की प्रवक्ता साम्य घोष ने इस मौके पर कहा कि हमारा उद्देश्य बिहार राज्य में एक अनुकरणीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जो विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा जैसे जलवायु-समर्थक समाधानों को अपनाने को प्रेरित कर सके।

दिलीप कुमार, वरिष्ठ सलाहकार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि डी आर ई से संचालित आजीविका से महिलाएं सशक्त होने के साथ ही जलवायु परिवर्तन के खतरे को भी कम कर सकती है।

मणि भूषण झा, वरिष्ठ सहयोगी, डब्ल्यू आर आई इंडिया ने बताया कि विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा समाधान जैसे सौर उर्जा बैकअप शक्ति प्रदान करते हैं, मांग में वृद्धि को पूरा करते हैं और कार्बन उत्सर्जन को कम करके संभावित रणनीति के रूप में कार्य करते हैं।

## अतिक्रमणमुक्त करने की नगर परिषद से मांग



**राष्ट्रीय खबर**

**नरकटियागंज :** नगर परिषद स्थित प्रोफेसर कॉलोनी, वार्ड नंबर 8 वासियों ने समस्या समाधान के लिए नगर परिषद से अनुरोध किया। नरकटियागंज के निवासी कुणाल सिंह, अतुल कुमार, आनंद कुमार सिंह, विजय चौधरी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर मुहल्ला अतिक्रमणमुक्त करने की लिए गुहार लगाया। विदित हो कि इसके पूर्व में दिनांक 04/05/2022 को आवेदन दिया गया। सिटी मैनेजर ने जमीन का दस्तावेज मांगा और दस्तावेज 10/06/2022 को दिया गया, लेकिन उसके बाद भी नगर परिषद् ने कोई पहल नहीं किया। एंबुलेंस और अग्निशामक यंत्र भी जाने मे परिशानी है। दस्तावेज में बारह फीट का रास्ता स्पष्ट है। आये दिन मुहल्ला में गाली गलौज और तनाव की स्थिति बनी हुई है। यदि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसके लिए नगर परिषद जिम्मेदार होगा।

# जिला पदाधिकारी ने मृतक के आश्रित को 02 लाख रुपये अनुग्रह राशि का चेक सौंपा

▶▶ मुख्यमंत्री राहत कोष की अनुग्रह अनुदान की राशि, नसीरुद्दीन अंसारी के आश्रित को दी गई

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के नसीरुद्दीन अंसारी विगत दिनों जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा स्थित अवंतीपुरा क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस दुर्घटना में मारे गए। पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने गुरुवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में उपर्युक्त मृतक के आश्रित (पिता इस्लाम मियां) को 02 लाख रुपये अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया।

चेक प्रदान करते हुए श्री कुमार ने पुनः मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके पिता को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से दी जा रही राशि का सदुपयोग कीजिये।ज्ञात हो कि इस संबंध में मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार ने कहा है कि जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के अवंतीपुरा क्षेत्र में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस पलटने से हुई दुर्घटना में बिहार के 04 मजदूरों की दुःखद मृत्यु हुई है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के शोक संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। आयुक्त, नई दिल्ली को जम्मू-कश्मीर सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गांव तक पहुंचाने की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिया। सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के पार्थिव शरीर को लाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई। एम्बुलेंस के साथ मजिस्ट्रेट तैनात कर उनकी देखरेख में मृतक के शव को लाया जा सके। मृतक का शव परिवारजनों को हैंडओवर करा दिया गया है। इसके साथ ही उपर्युक्त घटना में घायल पश्चिम चम्पारण जिला के शिकारपुर थाना अंतर्गत पकडी खैरवा टोला के दो व्यक्तियों तजाबुल मियां एवं नजीर आलम घायल हुए, जिनकी चिकित्सा कश्मीर प्रशासन ने महाराजा हरि सिंह हॉस्पिटल में करा रहा है। जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण कुंदन कुमार ने स्वयं घायल व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली है। उन्होंने श्रीनगर के डीसी, मो एजाज से इस संदर्भ में वार्ता भी किया और घायलों को समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को कहा है। इसी क्रम में डीएम के निर्देश के आलोक में वरीय पदाधिकारियों ने घायलों के परिजनों से बातचीत किया और स्थिति पर नजर रख रहे है। इस अवसर पर स्थापना उप समाहर्त्ता अनिल कुमार, जिला आपदा प्रभारी पदाधिकारी, सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जमालपुर में राजद नेताओं ने डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर :** जमालपुर शहर के वार्ड संख्या 09 रामपुर में राजद के राज्य परिषद सदस्य गोरेलाल सिंह के आवास प्रांगण में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के जन्मदिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन नगर अध्यक्ष बम बम यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राजद के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेश रमन राजू थे। मंच का संचालन जिला राजद के वरीय नेता नागेश्वर यादव जी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश रमन राजू ने संगोष्ठी में उपस्थित नेताओं को कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया ने देश की राजनीति में भारी बदलाव की बयार आजादी से पहले ही लगा दी थी।अपनी प्रखर देशभक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों लोकतंत्र के प्रहरी के कारण ही अपने समर्थकों के साथ अपने विरोधियों के मध्य भी अपार सम्मान हासिल किया। राम मनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च 1910 को फैजाबाद में हुआ था। उनके पिताजी गांधी जी से मिलने जाते तो उन्हें भी साथ ले जाते थे। इसलिए वह गांधीजी विचारों को ग्रहण करके उनके अनुयाई हो गए। गांधी जी के विराट व्यक्तित्व का उन पर गहरा असर हुआ। डॉक्टर लोहिया मानवता की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे। समाज ही उनका कुरुक्षेत्र था। राजद नगर अध्यक्ष बमबम यादव ने कहा कि स्वतंत्र भारत की राजनीति और चिंतन धारा का कुछ लोगों के व्यक्तित्व पर गहरा असर हुआ है। उसमें डॉक्टर राम मनोहर लोहिया प्रमुख रूप से थे।राज्य परिषद सदस्य अरविंद यादव ने कहा कि लोहिया जी के ही नक्शे कदम पर चलकर लालू जी ने राजनीति शुरू की और अभी तेजस्वी यादव उसको आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर रविंद्र कुमार रवि, रविंद्र यादवेंदु, अशोक यादव, जुगल यादव, विनय यादव, राज गुप्ता, युगल किशोर यादव, नवीन पाल, शंकर शरण सिंह, राकेश चौधरी, मंतोष कुमार, विमल यादव, लालू यादव, मनीष कुमार, सुमित राज, महेश यादव, प्रशांत यादव, विनोद यादव, विक्रम कुमार, शिवनारायण यादव, श्याम सिंह, आशीष सिंह, मेघराज, युवा नगर अध्यक्ष राज गुप्ता, आजाद कुमार सहित अन्य थे।

# रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर रहेगी पूर्ण पाबंदी : डीएम

## अशांति फैलाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई का निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**गया :** डीएम डॉ० त्यागराजन एसएम एवं वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की अध्यक्षता में रामनवमी, चैती छठ एवं रमजान के अवसर पर संप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गई।

शांति समिति के सदस्यों से डीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा चयनित रास्ते से ही जुलूस की आवाजाही रखें। बिना लाइसेंस के एक भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा, इसे सभी शांति समिति के सदस्य सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि रात्रि 11 बजे तक हर हाल में सोभा यात्रा को सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करे, ताकि अगले दिन विधान परिषद का चुनाव निर्धारित है, सभी



पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था में शामिल होना आवश्यक है। हथियार प्रदर्शन पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वाले जो भी असामाजिक तत्व होंगे, उनपर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलावासियों से अपील किया है कि आपसी सौहार्द के साथ सभी समुदाय आपस में भाईचारा के साथ त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित है। किसी भी व्यक्ति को कहीं भी समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0631-2222253/59 पर जानकारी या शिकायत कर सकते हैं। डीएम ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र के सभी संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करते हुए बैरीकेटिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी आयोजकों को सख्त निर्देश दिया कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट से ही जुलूस निकाले। डीएम ने रामनवमी जुलूस के दौरान पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। साथ ही वीडियोग्राफी करवाने को कहा। पेयजल हेतु जगह जगह पर पानी टैंकर भी लगवाने का निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है, तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जुलूस के रास्ते को सत्यापन करवाने के दौरान खराब सड़को को 26 मार्च तक मरम्मत करवाना सुनिश्चित करे।चैती छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए फल्गु नदी में पर्याप्त सफाई एवं कुंड का निर्माण करवाना सुनिश्चित करे।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि सभी संवेदनशील स्थानों पर लगातार फ्लैग मार्च करें। संवेदनशील स्थानों पर अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी स्वयं निरीक्षण करें। उन्होंने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में सीसीए तथा बाउंड डाउन प्रभावी रूप से करें।

## शहर >> अपडेट

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन का हुआ वितरण

**बगहा/पिपरासी :** पिपरासी मधुबनी बाल विकास परियोजना के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 23 मार्च को टेक होम राशन का वितरण किया गया। जिसका निरीक्षण महिला पर्यवेक्षिका और जिला से गठित टीम के द्वारा किया गया। महिला पर्यवेक्षक रानी कुमारी ने बताया के जिला से निर्देश के आलोक में परियोजना के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन का वितरण गुरुवार को करने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया की कुछ केंद्रों का निरीक्षण उनके द्वारा भी की गई है। साथ ही जिला से गठित टीम के द्वारा भी टेक होम राशन वितरण की मॉनिटरिंग की जा रही है। परियोजना के अधिकांश क्षेत्रों से टेक होम राशन वितरण करने की सूचना प्राप्त हुई है। वहीं उन्होंने बताया कि अगर किसी केंद्र पर टेक होम राशन वितरण नहीं किए जाने की सूचना प्राप्त होती है। वैसे केंद्रों के सेविका सहायिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बगहा डिवीजन में कुल 11 करोड़ 39 लाख रुपए की हुई राजस्व वसुली

**बगहा :** विधुत सब डिवीजन में विधुत विभाग ने लक्ष्य के अनुरुप विधुत बिल की वसुली युद्धस्तर पर की है। जानकारी विधुत विभाग के कार्यपालक अभियंता बगहा आलोक अमृतांशु ने दी है। उन्होंने बताया कि बगहा विधुत सब डिवीजन का 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लक्ष्य विधुत विभाग के वरीय अधिकारियों के द्वारा दी गई थी। उन्होंने बताया कि लक्ष्य के अनुरुप 3 करोड़ 92 लाख रुपए की राजस्व की वसूली की गई है। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विधुत बिल वसुली को लेकर युद्धस्तर पर अभियान चलाया गया था। तथा बगहा सब डिवीजन के विभिन्न क्षेत्रों में विभाग ने शिविर आयोजित कर विधुत अभियान चलाई। विधुत विभाग के वसुली अभियान के मुहिम में उपभोक्ताओं ने जागरुक होकर जुडा। तथा लक्ष्य को पुरा करते हुए राजस्व वसूली में सहयोग की। विधुत विभाग के सहायक अभियंता निरज कुमार ने बताया कि बगहा विधुत डिवीजन में लक्ष्य के अनुरुप वसुली की गई है। उन्होंने बताया कि 9 करोड 83 लाख रुपए की विभागीय अधिकारियों की राजस्व की वसूली करने का आदेश था। विभागीय एसडीओ ने बताया कि लक्ष्य के अनुरुप 7 करोड 47 लाख रुपये की राजस्व की वसूली विधुत विभाग ने की है। उन्होंने बताया कि विभागीय लक्ष्य को शत प्रतिशत पुरी करने के लिए लगातार बकायादारों से विधुत बिल वसुल किया जा रहा था। कार्यपालक अभियंता व सहायक अभियंता ने संयुक्त रुप से उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि बकाया विधुत बिल की राशि को ससमय जमा करें। अन्यथा वैसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि किसी भी उपभोक्ता को बिजली बिल संबंधित परेशानी है तो वे कार्यालय में आकर अपनी समस्या रख सकते हैं। उनकी समस्याओं को देखते हुए समाधान की जायेगी।

### अखंड ज्योति हॉस्पिटल के द्वारा किया गया आँखो का निशुल्क जाँच

**मधुबनी :** अखण्ड ज्योति आई हॉस्पिटल छपरा द्वारा गुरुवार को मधुबनी प्रखंड के कठार पंचायत के तुनिहवा हनुमान मंदिर प्रांगण में शिविर लगाकर करीब 100 लोगो का नि:शुल्क आँखों का जांच किया गया। साथ ही दवाइयां भी दिया गया। नेत्र जांच कर रहे डॉ0 सौरव पाण्डेय ने बताया कि, अखण्ड ज्योति हॉस्पिटल द्वारा गरीब असहाय, लाचार लोगो के नि:शुल्क आँखों का जांच किया जाता हैं। साथ मोतियाबिंद के मरीजो को फ्री ऑपरेशन भी किया जाता हैं। वही शिविर के आयोजक सह सामाजिक सदभावना प्रमुख उत्तर बिहार, संत रविदास ने बताया कि, अखण्ड ज्योति हॉस्पिटल द्वारा लगातार शिविर लगाकर लोगो की सेवा की जाती हैं। यहाँ तीसरी बार शिविर लगाया गया है। सैकड़ो लोगो की जांच किया जा चुका है। एवं सैकड़ो लोगो के ऑपरेशन भी किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि, सेवा ही मनुष्य का असली कमाई हैं, लोगो को सदैव एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। यह हॉस्पिटल इसका उद्धहारण हैं। ऊक्त आयोजक में जोगी कुशवाहा, सरपंच छोटेलाल कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष हरि तिवारी, सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# टीवीएस सर्विस सेन्टर में लगी भीषण आग, हुई लाखों की संपत्ति खाक

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/रामनगर :** रामनगर स्थित TVS सर्विस सेंटर में बुधवार-गुरूवार की मध्य रात्रि अचानक भीषण आग लग गई। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि वहां अफरा तफरी मच गई। आग में लाखों के नुकसान की संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के बेला-गोला बाजार के समीप स्थित TVS सर्विस सेंटर में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी की देखते ही देखते दो कार आग के आगोश में आ गई और पुरी तरह से जलकर राख हो गयी। लोगों ने इसकी सूचना सर्विस सेंटर के मैनेजर, मालीक और पुलिस को



दी। फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय लोगों के सहयोग से घंटो देर तक कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबु पाया गया लेकिन तब तक लाखो की संपत्ति जलकर राख हो चुकी है। आग में दो फोर विलर गाडी के साथ एक लैपटॉप और इलेक्ट्रानिक उपकरण भी जलकर राख हो गया है। हालांकि अभी तक आग लगने के वजह का खुलासा नहीं हुआ है।

आग लगने के बाद स्थानीय लोग भागने लगे। सबको डर लग रहा था कि कहीं पेट्रोल टैंक ब्लास्ट ना कर जाए। इस घटना में BR22PA4930 इनोवा क्रिस्टा और BR22AJ4930 टाटा टियागो जलकर खाक हो गया। हालांकि फायर ब्रिगेड के मदद से एजेंसी में रखी नयी बाइकों को किसी तरह से बाहर निकाल लिया गया। हालांकि पुलिस अपने स्तर से जांच लगी हुई है।

# शॉर्ट सर्किट के कारण फैक्ट्री में लगी आग

▸▸ दमकल गाड़ियों के द्वारा आग पे पाया गया काबू

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** जिले के बेला औद्योगिक क्षेत्र के फेज टू मे जानकारी के अनुसार ब्रिटानिया बिस्कुट फैक्ट्री में आग लग गई।आग लगने के बाद कर्मियों व मजदूरों मे अफरातफरी मच गई। मजदूरो का दम घुटने लगा। काम कर रहे मजदूर जान बचाने के लिए फैक्ट्री से बाहर सड़क पर निकल गए। वही,सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड व बेला थाने की टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया,इस घटना मे लाखों का नुकसान होने की बात बताई गई है। एसएसपी राकेश कुमार ने कहा कि ब्रिटानिया बिस्कुट



फैक्ट्री में आग लगी थी। पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया।लोगो द्वारा बताया गया कि ब्रिटानिया के ब्राउन बेली प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में सामान्य दिनों की तरह कर्मी काम कर रहे थे।

एक कर्मी ने बताया कि रोस्टर मशीन मे बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई,मशीन से धुआं निकलने लगा। ऑपरेटर ने मशीन बंद कर फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें तेज हो गईं, रोस्टर मशीन जल गई है।

कर्मियों व मजदूरों द्वारा बालू फेंककर आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। इसी बीच दमकल की छोटी व बड़ी पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। मशक्कत कर आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया। फैक्ट्री संचालक से इस घटना के बारे मे जानने की कोशिश की गई,लेकिन उनके द्वारा कुछ भी बताने से इनकार किया गया।

### बिहार दिवस पर बच्चों के बीच कराई गई खेल प्रतियोगिता



**भैरोगंज :** प्रखंड बगहा 1 भैरोगंज बाजार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में परीक्षा उपरांत बिहार दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस विषय पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह ने बताया कि परीक्षा उपरांत बिहार दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेल कराई गई जिसमें कबड्डी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, 100 मीटर का दौड़, हांडी फोड़, फुटबॉल सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया। जिस दौरान विजेता बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया मौके पर विद्यालय के शिक्षक विकास उपाध्याय, रोशन फिलिप, अभीराज पांडे, प्रियांशु कुमार, नीतू कुमारी, ब्यूटी कुमारी, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, सलोनी कुमारी, रेशमा खातून, रचना कुमारी सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# खनन कर रहे ट्रैक्टर ट्राली और लोडर को खनन पदाधिकारी ने किया जप्त

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** नगर के दीनदयाल नगर में गंडक नदी से खनन मे लगे ट्रैक्टर ट्राली और लोडर को खनन पदाधिकारी बेतिया ने गुरुवार के दिन बगहा पुलिस के सहयोग से जप्त किया। ट्रैक्टर चालक और लोडर संचालक आदि ने बताया कि हम लोग पारस नगर कटाव रोधी कार्य में ठेकेदार के आदेश पर सिल्ट गिराने का काम कर रहे हैं। इसके बाद खनन पदाधिकारी ने जल संसाधन विभाग उसके ठेकेदार सहित चालकों को आदेश दिया कि सरकारी काम में गंडक नदी स्वीकृत खनन करने संबंध कागजात लाकर दिखाएं उसके बाद ही कोई सुनवाई होगी।

बताते चलें कि 9 करोड़ की लागत से नगर के पारस नगर में जल संसाधन विभाग के देखरेख में कटाव निरोधी कार्य संवेदक किशोर कुमार के द्वारा कराया जा रहा है। कटाव निरोधक कार्य के



आड़ में बालु का खनन कर नगर के निजी मकानों आदि में भी गिराने का मामला बार-बार सामने आ रहा था। वहीं दूसरी ओर चखनी में जहां बरसात में गंडक ने कटाव के लिए दबाव बनाया था। वहां से भी अवैध रूप से सिल्ट का खनन किया जा रहा था। स्थानीय पूर्व बीडीसी इजहार सिद्दीकी सहित कई लोगों ने खनन पदाधिकारी को मोबाइल से इसकी सूचना दिया था। इसके बाद खनन पदाधिकारी ने उक्त जगह पर छापेमारी किया है। जहाँ कटाव निरोधी कार्य के साथ ही रेलवे निर्माण कार्य में उपयोग के नाम पर धड़ल्ले से सिल्ट का खनन कर 600 प्रति ट्रेलर बेचा जा रहा है जबकि कटाव निरोधी कार्य में चालकों को मात्र 300 दिये जाने का प्रावधान है।

इस संबंध में खनन पदाधिकारी बेतिया चौधरी सूर्यमणि भाई पटेल ने बताया कि लगातार अवैध खनन को लेकर सूचना मिल रही थी इसे देखते हुए नगर थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा व पुलिस दल के साथ छापामारी की गयी तो 28 ट्रैक्टर ट्रेलर, 1 लोडर व तीन खाली ट्रेलर जप्त किया गया है। चालक व अन्य लोग सरकारी काम की बात कर रहे हैं। सभी से कागजात मांगा गया है कागजात देखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान की बेटी ने लहराया परचम



**बेतिया :** किसान की बेटी ने परचम लहराया। बैरिया थाना क्षेत्र के फत्तू छापर निवासी मुस्तकीम मियां की पुत्री जो कि भाई-बहन में साता है, बहनों की संख्या में तीसरी है जो घर की आर्थिक स्थिति को जूझने के बाद भी इंटर में लाया बेहतर प्राप्तांक उपर्युक्त जानकारी अफसाना खातून के भाई जुल्फिकार, सानिया परवीन ने कहा कि मेरी बहन आर्थिक स्थिति से झूझते हुए भी बैरिया के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय विद्यालय बथाना से इंटर के परीक्षा में विद्यालय में आर्ट मे अव्वल स्थान प्राप्त की है। अफसाना खातून ने इस बेहतर रिजल्ट का श्रेय गुरुजनों गुरुजनों भाई बहनों माता-पिता को दिया।

# करमवा-लालसरैया जर्जर सड़क से आमजन परेशान



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत करमवा लालसरैया होते हुए बखरिया को जाने वाली मुख्य सड़क जर्जर हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर सड़क निर्माण विभाग के पदाधिकारियों का काई ध्यान नहीं है। लगभग 3 किलोमीटर में आलम यह है किपूरी सड़क गड्ढे में तब्दील है। इससे लोगों का निकलना भी दूभर हो गया है। इससे आमजन 10 किलोमीटर दूरी तय करने को मजबूर हैं। समाज सेवी मोहन गुप्ता, राजाराम प्रसाद, जटाशंकर सिंह, कमलेश सिंह , राजेश कुमार, सुदामा प्रसाद, विकास मुखिया, मोतीलाल प्रसाद, आफाक मियां, सलीम देवान, सुखदेव प्रसाद, नारद सिंह, नमाजी मिया, मनुबाबू कुशवाहा, अमित चौबे, खुर्शेद आलम, तपन सरकार, अमर देव प्रसाद, अमृत कुमार ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के कई इलाकों में सड़कों की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। लंबे समय से यहां के लोग अच्छी सड़कों की मांग करते रहे है, परंतु लोगों को सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। गौरतलब हो कि दर्जनों गांव को जोड़ने वाली यह सड़क से सैकड़ों छोटी बड़ी वाहनों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए, अविलंब सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

### बच्चों की मां ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बगहा :** पुलिस जिला के चौतरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाई टोला में एक महिला ने फांसी के लगा कर आत्महत्या कर ली। चार बच्चों की माँ के इस कृत्य से परिजन भी हैरान है कि यह कैसे हो गया। मृतका के भाई ने बताया की मेरे बहनोई ने सूचना दिया की मेरी बहन आशा देवी ने फांसी लगा ली है। सूचना पर हमलोग बहन के घर आए तो देखा की वह लोग शव को ले जा रहें थें। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया और पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे लेते हुए थाना लाई और पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया। मृतका के एक पुत्र मनीष कुमार व तीन पुत्रिया नीलम कुमारी, शंध्या कुमारी व नागिन कुमारी हैं। मृतका के भाई मुन्ना कुमार पासवान ने बताया कि मेरी बहन की शादी चौतरवा थाना क्षेत्र के गोसाई टोला में मुन्ना पासवान से हुई थी। शाद के बाद सब कुछ सही था। लेकीन बीच में मुन्ना कुमार शराब पीकर मारपीट कर रहें थें। इसी से तंग आकर आशा ने आत्म हत्या कर लिया हैं।

# एल एस कॉलेज परिसर में आयोजित तीन दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव फोटो प्रदर्शनी का समापन

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** एल एस कॉलेज परिसर, मुजफ्फरपुर में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी द्वारा 21 से 23 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 8 साल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण विषय पर फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर श्री अजय कुमार एवं आरबीबीएम कॉलेज, मुजफ्फरपुर की प्राचार्या डॉ ममता रानी उपस्थित थी। जिला



शिक्षा पदाधिकारी श्री अजय कुमार प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने आजादी के गुमनाम शहीदों के योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन इस क्षेत्र की जनता के लिए एक उपलब्धि है, जिससे सभी लाभान्वित होंगे। खासकर छात्र-छात्राओं को काफी लाभ होगा।

आज अंतिम दिन संत जेविअर किंडरगार्डटेन स्कूल, रमना, मुजफ्फरपुर के छात्र-छात्रों ने भारी संख्या में प्रदर्शनी देखने आए। इनके द्वारा भाषण, कविता पाठ और सामूहिक नृत्य के माध्यम से यहाँ उपस्थित लोगों को मंत्र-मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, सीतामढ़ी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी जावेद अंसारी ने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नृत्य, कविता पाठ सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सांस्कृतिक दल कला जत्था, मुजफ्फरपुर के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, गायन, नृत्य, भाषण आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें अनुष्का रानी, वर्षा रानी, अभिषेक कुमार, आदर्श सिन्हा, अदिथी झा, कुमार आर्यन, प्रतिक कुमार, दिव्या सिंह को पुरस्कार एवं प्रणाम पत्र प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ग्यास अख्तर, आकाशवाणी संवाददाता डॉ के. के कौशिक, राकेश कुमार, संजय राय भी उपस्थित थे।

# महानगर की तर्ज पर बेतिया के विकास को चार अरब की बजट पर विशेष बोर्ड बैठक आहूत

▸▸ स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को धरातल पर उतारने को जागृति पर बल

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम की महापौर गरिमादेवी सिकरिया ने बेतिया को महानगर के तर्ज पर विकसित और व्यवस्थित करने का संकल्प व्यक्त किया है। बेतिया के विकास को संकल्पित दृष्टिकोण के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए तैयार बजट प्रारुप को अंतिम रुप दिया जा रहा है। नये बजट में नगर निगम के मानक के अनुरुप, निर्धारित सभी सुविधा और व्यवस्था का समावेश होगा। बजट में 46 वार्ड को एक समान ख्याल रखने की ईमानदार पहल की गई है। इसलिए सभी वार्ड पार्षद से बजट पर सुझाव मांगे गए हैं। जिससे पूरे नगर निगम क्षेत्र और



सभी वार्ड की आवश्यक को ध्यान में रखकर प्राथमिकता तय की जा सके। महापौर श्रीमती सिकारिया ने इस बजट में क्लीन, ग्रीन और ब्यूटी बेतिया के संकल्प को पूरा करने का प्रावधान किया जा रहा है। केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सभी व्यवस्था दुरुस्त, धरातल पर दिखे और प्रत्येक नागरिक शहर को लेकर जागरुक हों, इसको ध्यान में रखकर जागृति बढ़ाने के लिए भी बजट प्रावधान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में सड़क और नाली पक्कीकरण के साथ सुगमता पूर्वक जल निकासी व्यवस्था को पहली प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है। चौक चौराहा सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक स्थलों, रैन बसेरा, मीना बाजार और अन्य विस्तारित क्षेत्रों के बाजारों तथा सामुदायिक भवनों के अलावा महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में जानकारी लेकर उनका ध्यान रखा जाएगा। निगम अंतर्गत नित्य बन रहे नए मुहल्लों की सड़क, नाली और अन्य सुविधाओं के लिए भी नए बजट में प्रावधान किया जाएगा। इसके अलावा शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने, एयर इंडेक्स को सुधारने और वाटर हार्वेस्टिंग के साथ कचरा प्रबंधन पर केंद्रित किया जायेगा।

शहर >> अपडेट

### पीएचसी प्रभारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों की हुई बैठक

**बगहा/पिपरासी** : पिपरासी पीएचसी में गुरुवार को स्वास्थ कर्मियों के साथ प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । जिसमें लुह से बचाव को लेकर जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। पीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्रों वह आशा, नर्स को भी ओआरएस का पाउडर उपलब्ध करा दी गई है। क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाएं। कारण कि गर्मी की बढ़ती मौसम को लेकर लुह चलने की संभावना बढ़ गई है। इसके लिए ओआरएस पाउडर उपलब्ध करा दी गई है। तेज बुखार उल्टी होने पर तुरंत पीएचसी में रेफर कराएं। पाउडर पिलाएं। उधर बंध्याकरण के लिए एक दर्जन महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हुई है। खबर प्रेषण तक आधा दर्जन महिलाओं का बंध्याकरण जिला से गठित संस्था के द्वारा किया गया।

# चैती छठ, रामनवमी एवं प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर** : चैती छठ, रामनवमी पर्व एवं प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर विधि व्यवस्था को लेकर आज जिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी यतेन्द्र कुमार पाल, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार ने समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि ये काफी महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व हैं एवं धार्मिक रूप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में आस्था के साथ मनाया जाता है। मुंगेर जिला की परम्परा रही है कि शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भावपूर्ण वातावरण में सभी पर्वों को मनाया जाता रहा है। नागरिकों का भी जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था के संधारण में पूर्ण सहयोग मिलता रहा है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से मुंगेर जिला के नागरिकों से आने वाले चैती छठ, रामनवमी पर्व एवं प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर पूर्व की भांति जिला प्रशासन को सहयोग की अपील की है।

चैती छठ पूजा को लेकर तीन मुख्य घाटों सोझी घाट, कष्टहरणी घार तथा बबुआ घाट एवं अन्य चिन्हित घाटों पर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी जिसके तहत नाव सहित गोताखोर की प्रतिनियुक्ति, नियंत्रण कक्ष, बिजली, बैरिकेटिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएगी। दिनांक 25 मार्च से 28 मार्च तक दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की पुलिस बल के साथ उक्त घाटों पर प्रतिनियुक्ति हेतु निदेश दिए जा रहे हैं। 30 मार्च को रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। अवांछित एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107 एवं 110 सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। शोभा यात्रा के मार्ग में एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। तीन ड्रोन कैमरों के द्वारा पूरे नगर क्षेत्र में निगरानी रखी जाएगी। शोभा यात्रा के मार्ग के घरों/प्रतिष्ठानों की छतों के जांच का निर्देश दिया गया। रामनवमी शोभा यात्रा के प्राप्त अनुज्ञप्ति में जिन व्यक्तियों का नाम अंकित है उनका भी भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। भगदड़ एवं पशु क्रूरता के मद्देनजर शोभा यात्रा में घोड़ा, हाथी, उंट को शामिल करने पर प्रतिबंध रहेगा। सभी से अपील की गयी है कि शोभा यात्रा में पशुओं को लेकर न आएं अन्यथा पशु मालिक सहित संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाइक सहित सभी वाहन का परिचालन शोभा यात्रा के मार्ग में प्रतिबंधित रहेंगे। डीजे एवं साउण्ड बॉक्स पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा 28 एवं 29 मार्च को फ्लैग मार्च किया जाएगा। सभी संवेदनशील स्थलों को बैरिकेटिंग कराने एवं यातायात व्यवस्था के समुचित प्रबंधन के निदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रामनवमी पर्व एवं विधि व्यवस्था के परिपेक्ष्य में 500 आरएएफ एवं बीएमपी बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी। प्रतिमा विसर्जन को लेकर पांच नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। विसर्जन स्थलों के सत्यापन कर लेने के निर्देश दिए गए। सभी स्थलों पर स्टैटिक, गश्ती एवं क्यूआरटी की पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। सीसीटीवी एवं ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाएगी।

### विकास योजनाओं को लेकर चंदरपुर रतवल पंचायत में शिविर का आयोजन

**बगहा** : अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा एक के चंदरपुर - रतवल पंचायत के रतवल गांव स्थित पंचायत भवन में बुधवार को विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने व सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए मुखिया नीतेश राव की अध्यक्षता में विकास शिविर का आयोजन किया गया। विकास शिविर में समाजिक सुरक्षा पेंशन , कन्या विवाह योजना , कबीर अंतेष्टि, विकलांगता , विधवा पेंशन , वृद्धा पेंशन समेत विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं की चर्चा शिविर में की गई। मुखिया ने सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि उक्त योजना के पंचायत के पात्र ग्रामीण अगर अभी तक उक्त सरकारी योजनाओं की लाभ लेने से वंचित हैं , तो वे पंचायत कार्यालय में आकर अपना आवेदन जमा करें। ताकि सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ पंचायत के लोगों को मिल सके। उन्होंने पंचायत सचिव, लेखापाल समेत कर्मियों को निर्देशित किया की पंचायत में पारदर्शी पूर्वक योजनाओं को क्रियान्वयन करें। ताकि पंचायत वासियों को सरकारी योजनाओं की समुचित लाभ मिल सके। इस दौरान राष्ट्रीय जल मिशन के तहत पानी बचाने की मुखिया ने शपथ लेते हुए जल बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ लेते हुए कर्मियों व लोगों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पंचायत सचिव रामचन्द्र काजी, लेखापाल मधुकर, कार्यपालक सहायक मनीष कुमार, उप मुखिया प्रतिमा देवी, शिव साह, वार्ड सदस्य लक्ष्मण राम समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।

### प्रशासनिक चौकसी से बिहार बन्द विफल



**बेतिया** : यूट्यूबर मनीष कश्यप की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार बन्द और विरोध प्रदर्शन का बेतिया में कोई असर नहीं दिखा। प्रतिदिन की भांति सभी दुकानें खुली रहीं, लोगों ने इस बंद के आह्वान को असरहीन करार दिया। गुरुवार को समाहरणालय गेट के पास कुछ युवकों को प्रदर्शन और धरना का योजना बनाते देखा गया, लेकिन प्रशासन ने उसे विफल कर दिया। पुलिस ने गोलबंद हो रहे कुछ युवकों को भी खदेड़ दिया। इस लिए बेतिया में कोई धरना ना कोई प्रदर्शन हुआ, हमारे संवाददाता के खबर प्रेषण तक कोई भी धरना प्रदर्शन या बंदी की खबर बेतिया में कहीं से नहीं मिली है।

# रामधनी भगत महाविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया अनिकेत

राष्ट्रीय खबर



**संग्रामपुर** : बिहार विद्यालय परीक्षा समिति इंटरमीडिएट का रिजल्ट प्रकाशित होते ही छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इसको लेकर कई छात्र-छात्राओं के माता-पिता अभिभावकों के आंख से खुशी के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बताते चलें कि प्रखंड में कई छात्र टॉप 10 में आकर अपने कॉलेज, माता-पिता एवं अपने गांव का नाम रोशन किया है। उसी कड़ी में एक लड़का जिनका नाम अनिकेत कुमार है। यह बेहद ही गरीब परिवार से आते हैं। इनके पिता का नाम राजेश कुमार है। यह भी संग्रामपुर के रामधनी भगत महाविद्यालय के छात्र है। यह अपने कैरियर शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है, इनके पिता की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण यह ट्यूशन का भी सहारा नहीं लिए। अपने दम पर 12वीं में 425 अंक लाकर के रामधनी भगत महाविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आज उनके आवास पर पहुंचकर पत्रकारों ने मिठाई खिलाकर उनको आगे बढ़ने की शाबाशी दी। वहीं अनिकेत का सपना है कि मैं आईएएस बनू पर इनके आगे पीछे इनको आर्थिक मदद करने वाला कोई नहीं है। जिसको लेकर के सरकार से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई है।

# सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगा

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर** : बिहार विधान परिषद में प्रतिपक्ष के नेता सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर है. तारापुर विधानसभा क्षेत्र से कार्यकर्ता उनके पटना आवास पर जाकर बधाई देने के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी बधाई दे रहे हैं. कार्यकताओं ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार प्रदेश भाजपा नई ऊंचाइयों को छुएगा. बिहार में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में विजय पताका लगाएगी. सम्राट चौधरी के रूप में बिहार भाजपा को नया कप्तान मिला है जो भाजपा को बिहार में और बुलंदियों पर पहुंचाएंगे आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी अब कमर कस चुकी है और नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने को लेकर कटिबद्ध है. इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष वीर कुंवर उपाध्यक्ष राकेश कुमार बमबम, किसान प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष रामखेलावन शर्मा एवं प्रखंड भाजपा अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, संजय रजक, कैलाश साह, मनोज ठाकुर, रजनीश कुमार मुकेश साह ने इसके लिए भाजपा नेतृत्व को बधाई दी है। इस मौके पर संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर खुशी व्यक्त की गई।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए चार दिवसीय कर्मशाला का आयोजन

**ढकराहा** : जीएमयू उच्च विद्यालय में प्रधान शिक्षक उपेंद्र राय के देखरेख में चार दिवसीय शिक्षकों को विज्ञान के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए कर्मशाला का आयोजन मां विद्यावती देवी सेवा संस्थान कुशीनगर के तरफ से किया गया है। मां विद्यावती देवी सेवा संस्थान की तरफ से प्रशिक्षक राष्ट्रपति से पुरस्कृत वैज्ञानिक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 30 पुरुष एवं महिला शिक्षकों को विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कर्मशाला के पहले दिन प्रशिक्षक के सहायक मानवी कुमारी ने बताया कि कर्मशाला में उपस्थित शिक्षकों को आंखों की दृष्टि, हृदय की धमनी, हेलीकॉप्टर उड़ने की विधि एवं ध्वनि की गति के बारे में प्रयोगात्मक जानकारी दिया गया। वही प्रशिक्षण ले रहे शिक्षिका रितु सिंह ने बताया कि विज्ञान से ही किसी भी क्षेत्र में क्रांति लाई जा सकती है कर्मशाला के पहले ही दिन हम सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बहुत सारी नई जानकारी वैज्ञानिक दीपक कुमार शर्मा सर के द्वारा दिया गया है इस जानकारी को हम सभी शिक्षक एवं शिक्षिका अपने विद्यालय जाकर बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। वही प्रशिक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि विज्ञान को अपने आसपास हो रही घटनाओं में महसूस कराने के दृष्टिकोण से संस्था के तरफ से विभिन्न प्रखंडों में जाकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान कंचन गुप्ता, चंदन, स्फूर्ति, ऋतु सिंह, सतीश पटेल, श्रीवास्तव, प्रेम शिला इत्यादि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष हुए सम्मानित

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : बिहार दिवस के अवसर पर मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल को बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में थॉट्स न इंक द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। तथा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोकप्रिय सांसद एवं भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार मनोज तिवारी बतौर मुख्य अतिथि द्वारा बिहार में बेहतर कार्य शैली से अपनी कर्मठता से बिहार में बेहतर योगदान के लिए मोमेंटो द्वारा सम्मानित किया गया। मौका था एक स्वतंत्र विकसित बिहार के रूप में 111 वर्षों की अवधि की यात्रा करता बिहार को देश की राजधानी दिल्ली के अक्षरा थिएटर में साहित्यिक तथा सामाजिक संस्था थॉट्स न इंक द्वारा आयोजित बिहार भाग्य विधाता कार्यक्रम का आयोजन बिहार दिवस पर किया गया था। जिसमें बिहार के सामाजिक तथा बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में चम्पारण, बगहा के लाल मेरा स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल शामिल हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा अपने संबोधन में परिचचाओं के माध्यम से विकसित बिहार की संकल्पना किय तथा बिहार की संस्कृति, साहित्य तथा सिनेमा के ऐतिहासिक तथा समसामयिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए अपने जन्मस्थली वाल्मीकि नगर के बगहा की भगौलिक बनावट तथा महात्मा गाँधी, गौतम बुद्ध जैसे अनेको महापुरुषों की कर्मस्थली, महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि तथा लव-कुश की जन्मस्थली की विशेषता का वर्णन करते हुए बिहार तथा अपनी जन्मस्थली पर प्रकाश डाला।

हृदयानंद दुबे, नागेंद्र सहनी, मनोज साहू, श्याम भालोटिया, अजय गुप्ता, जटाशंकर प्रसाद, गोविंद यादव, गौरी शंकर जयसवाल, सुभाष गुप्ता, राजेश गुप्ता, रजत जायसवाल ,ओम प्रकाश राही, डॉ अजय कुमार, पिंटू भालोटिया गोविंद कनोडिया, सोहन तुलस्यान, बबलू शुक्ला, सुनील सिंह, अशोक गुप्ता, रुपेश तिवारी, हरी यादव आदि नगर के गणमान्य लोगों ने उनके बिहार दिवस पर सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामना दिया।

# शिविर लगाकर 160 नेत्र रोगियों का किया निशुल्क जाँच

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : बगहा -2 प्रखंड के अंतर्गत बकुली पंचगावा पंचायत के बहुअरवा गांव में गुरूवार के दिन ध्रुव नेत्रालय हरनाटाड के संचालक डॉ चिंतामणि काजी के द्वारा निशुल्क आख जाँच का शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 160 नेत्र रोगी पहुंचे हुए थे। जांच के उपरांत 70 मरीज मोतियाबिंद के शिकार मिले। जिन का मुफ्त ऑपरेशन दो बार अलग-अलग दिन किया जाएगा। ध्रुव नेत्रालय के संचालक डॉ चिंतामणि काजी ने बताया कि मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क जाँच, आपरेशन व दवाओं के लिए यह शिविर लगाया गया है। कोशिश है कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में क्रमवार शिविर लगाकर मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों का निशुल्क ईलाज किया जाय। उन्होंने बताया कि 160 नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें 70 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन 25 मार्च एवं 1 माई को किया जाएगा। रोगियों की संख्या अधिक होने के कारण दो स्लॉट में उनका ऑपरेशन किया जाएगा। बकुली पंचगावा पंचायत मुखिया भरत कुमार गुप्ता ने बताया कि पंचायत मे चिन्हित करके गरीब निस्सहाय लोगों को निशुल्क आंख जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा इसके लिए ध्रुव नेत्रालय डा. चिन्तामणि काजी ने निशुल्क शिविर लगाकर हमारे पंचायत गरिबों उठान किया है

निशुल्क जांच शिविर मे प्रधान चिकित्सक डा. चिंतामणी काजी, सहायक चिकित्सक अमित कुमार श्रीवास्तव, केमिस्ट भुवनेश्वर प्रसाद, मेडिकल टीम से जितेंद्र काजी, सत्येंद्र कुमार, राजन कुमार, ऋषिराज आदि पहुंचे हुए थे।

### जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कटाव निरोधी कार्य का किया निरीक्षण

**बगहा/पिपरासी** : जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता के द्वारा कटाव निरोधी कार्य का निरीक्षण कर दिशा निर्देश संवेदक और अभियंताओं को दी गई। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार सिंह के द्वारा जीएच प्रभाग, कट एंड पॉइंट आदि का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता ,कनीय अभियंता, कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया। कार्य में कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली। उधर विधायक प्रतिनिधि यशवंत प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा गलत तरीके से वीडियो बनाकर विभाग को भेजी जा रही है। गलत सूचना विभाग को भेजने वाले पर कार्रवाई होनी चाहिए। रंगललही के सामने कटाव निरोधी कार्य बेहतर तरीके से हो रहा है। सात किलोमीटर से संवेदक मिट्टी की धुलाई कर रहा है। जबकि विभाग तीन किलोमीटर की दूरी लीड मिट्टी लाने का दे रहा है। तीन किमी के भीतर बेहतर किस्म की मिट्टी उपलब्ध नहीं हैं। इस प्रकार संवेदक जय प्रकाश कंस्ट्रक्शन को नुकसान हो रहा है। कुछ राजनीतिक द्वेष के कारणों से गलत सूचना विभाग को दी जा रही है। ग्रामीण सुबोध सिंह ,अमन सिंह, शंभू राम, मुखिया राकेश चौधरी, कन्हैया साह आदि ग्रामीणों ने बताया कि कार्य में कोई गड़बड़ी नहीं हो रही है। विभाग के अभियंता कार्यस्थल पर मौजूद हैं। स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह के पहल पर कटाव निरोधक कार्य कराई जा रही है। रंगललही गांव के सामने नदी ठोकर से सीधे टकरा रही है। कटाव रोधी काम होने के बाद बाढ़ से एवं कटाव से निजात मिलेगी।

# रक्तदान समूह फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने रक्तदान शिविर का आयोजन

राष्ट्रीय खबर




**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया के कमलनाथनगर स्थित चौधरी पैलेस मे रक्तदान समूह फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मदन लालपरी गुप्ता हैंडीक्राफ्ट फाउंडेशन के संस्थापक आदित्य कुमार गुप्ता, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष इंदिरा पोद्दार, सचिव रेणु पोद्दार, रक्तदान समूह के अध्यक्ष आशीष उदयपुरिया, नीरज मिश्र ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान समूह के आशीष उदयपुरिया ने बताया के विगत 3 वर्ष से रक्तदान समूह प्रतिवर्ष 23 मार्च की तिथि को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। जिससे समय पर हम किसी भी जरूरतमंद की सहायता कर सके। हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है कि रक्तदान के लिए लोगों में जागृति फैलाकर अधिकांश लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया करे। जिससे रक्त के अभाव में किसी की मौत नहीं हो सके। प्रायः देखा गया है कि रक्त के अभाव में बहुत से लोग असमय काल के गाल में समा जाते हैं। समाज के सहयोग से हमारा यह प्रयास रहता है कि अधिकांश जरुरतमंद लोगों को रक्त देकर उनकी जान बचाई जा सके। इस पुनीत कार्य में समाज का भी बढ़-चढ़कर सहयोग मिल रहा है। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की अध्यक्ष इंदिरा पोद्दार ने बताया कि ऐसे समाजिक कार्यों में हमारी बहनें बढ़ चढ़कर शामिल होती है। ऐसे पुनीत कार्यक्रमों को सफल बनाने में तन, मन और धन देकर अपनी पूरी ताकत झोंक देती है। हमारी बहने प्रत्येक वर्ष सैकड़ों की संख्या में विभिन्न रक्तदान शिविरों में अपना रक्त स्वेच्छा से दान करती है। सचिव रेणु पोद्दार ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है।

# सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : रामनगर थाना क्षेत्र के बरगदवा पकड़ी गांव के समीप लौरिया-रामनगर मुख्य मार्ग में टेलर और बाइक की टक्कर में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान देवराज गांव निवासी मरहूम शादिक अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र मो. इम्तियाज के रूप में हुई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। इसके साथ ही परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार मृतक रामनगर से रमजान का सामान खरीद कर वापस लौट रहा था कि उसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गया। मृतक अकेले कमा कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उस के उपर तीन बच्चें, पत्नी और मां का जिम्मेदारी थीं। उसके पिता की मौत लग भग 10 वर्ष पुर्व हुई थी। अभी रमजान का मुबारक महिना शुक्रवार से शुरू हो रहा है। अब यह परिवार में कैसे मनाएगा रमजान और ईद इसको लेकर लोगों मे दुख हैं।

मामले में रामनगर थानाध्यक्ष अन्नत राम ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया हैं। और टैक्टर को जप्त कर लिया गया हैं। परिजनों के द्वारा अभी आवेदन नहीं मिला हैं आवेदन मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र अभिव्यक्ति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

संपादकीय

# अडाणी पर उठे सवालों का उत्तर आना जरूरी है

अडाणी समूह में एक रिपोर्ट की वजह से भूचाल आ गया। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने अडाणी समूह को लेकर ऐसी रिपोर्ट जारी की, जिसने कोहराम मचा दिया है। सड़क से लेकर संसद कर इस मामले पर हंगामा हो रहा है।अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी की निजी संपत्ति 10 दिन में 127 अरब डॉलर से गिरकर 59 अरब डॉलर पर पहुंच चुकी है। रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद सिर्फ तीन घंटों में निवेशकों को 59,844 करोड़ का नुकसान हुआ है। 24 जनवरी से लेकर अब तक कंपनी के को 11.17 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पीएम गरीब कल्याणा अन्न योजना के लिए 2 लाख करोड़ का बजट निर्धारित किया है। यानी 2 लाख रुपये के खर्च से सरकार देश की 80 करोड़ आबादी को हर महीने मुफ्त राशन उपलब्ध करवाएगी। इसका दूसरा अर्थ यह है कि यानी अडाणी समूह जनवरी से अब तक इस मुफ्त राशन योजना के कुल बजट से पांच गुना अधिक




गंवा चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो अडाणी पिछले 10 दिनों में जितना गंवा चुके है, उतने में 5 साल तक देश की 80 करोड़ जनसंख्या मुफ्त में राशन पा सकती है। 2023 में रेल बजट के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजज आवंजित किया गया है। यानी इस बजट से तुलना करें तो अडाणी रेल बजट से भी पांच गुना अधिक गंवा चुके है। इतना ही नहीं अगर कृषि, हेल्थ, स्वास्थ्य, शिक्षा के बजट को भी जोड़ दें तो भी अडाणी के नुकसान के बराबर नहीं होगी। इतना ही नहीं रक्षा बजट से दो गुना गंवा चुके अडाणी । एक रिपोर्ट ने कितना हाहाकार मचाया है, इसका अंदाजा आप इन आंकड़ों से लगा सकते हैं। अडाणी ने पिछले 10 दिनों में जितना गंवाया भारत के कुल बजट (45.03 लाख करोड़) से एक चौथाई गंवा चुके हैं। अब दोबारा हिंडबनर्ग ने खुलासा किया है कि एक और बड़ी रिपोर्ट जल्द ही एक बड़ी रिपोर्ट आ रही है। कंपनी का दावा है कि वो खास तौर पर अकाउंटिंग में गड़बड़ियां, अवैध तरीके या फिर अनैतिक तरीके से व्यापार करने वाली कंपनियों को सामने लाती है। हिंडनबर्ग रिसर्च की वेबसाइट की मुताबिक दशकों से कंपनी फोरेंसिक वित्तीय रिसर्च में की फील्ड में काम कर रही है। अदाणी समूह कोई पहला नहीं है जिसपर अमेरिकी फर्म ने रिपोर्ट जारी की है। इससे पहले इसने अमेरिका, कनाडा और चीन की करीब 18 कंपनियों को लेकर अलग अलग रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसके बाद काफी घमसान मचा। ज्यादातर कंपनियां अमेरिका की ही थीं, जिनपर अलग-अलग आरोप लगे। हिंडनबर्ग की सबसे चर्चित रिपोर्ट अमेरिका की ऑटो सेक्टर की बड़ी कंपनी निकोला को लेकर रही। इस रिपोर्ट के बाद निकोला के शेयर 80 फीसदी तक टूट गए थे। निकोला को लेकर जारी रिपोर्ट में व्हिसलब्लोअर और पूर्व कर्मचारियों की मदद से कथित फजीवाड़े को उजागर किया गया था। देश के संसद में इस मुद्दे पर जारी हंगाम के बीच उन विदेशी कंपनियों के नाम भी आ गये हैं जो टैक्स चोरी की छूट देने वाले देशों में स्थापित है। कई माध्यमों से यह पता चला है कि इन कंपनियों के जरिए गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडाणी ने अडाणी समूह में काफी अधिक पैसा विदेश से यहां भेजा है। आम तौर पर इस किस्म के विदेशी कंपनियों को शेल कंपनी कहा जाता है, जिनका उपयोग सिर्फ अवैध धन के लेन देन के लिए किया जाता है। संसद में और सदन के बाहर भी इस पर न सिर्फ सवाल उठ चुका है बल्कि उन कंपनियों के नाम भी सामने आ चुके हैं। अडाणी समूह और सरकार इस किस्म की गड़बड़ियों से इंकार तो कर रही है लेकिन घटनाक्रम इस इंकार को समर्थन नहीं कर रहे हैं। अब सरकार के इंकार और सदन के घटनाक्रमों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई के जरिए ही सच सामने आयेगा। सरकार इस मामले की जांच के लिए जेपीसी के गठन से इंकार कर चुकी है। दरअसल यह इंकार भी उसी संदेह को पुख्ता करता है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि दस्तावेजों में गड़बड़ी के प्रमाण मौजूद हैं। जेपीसी की जांच होने पर इन सारे दस्तावेजों को जांच समिति के समक्ष रखना पड़ सकता है। इसलिए लोकसभा चुनावी की सरगर्मी के बीच यह मुद्दा कितना कारगर होगा, यह देखने वाली बात होगी। वैसे आम जनता के जेहन में यह सवाल तो है कि वह कौन सा व्यापार फार्मूला है, जिसे आजमाकर गौतम अडाणी इतनी जल्दी इतना अधिक कामयाब हो गये हैं। सरकार की मेहरबानी या उससे भी आगे कुछ है तो यह आज नहीं तो कल जनता के सामने आ ही जाएगा। जिस तरह पेगासूस मामले में भी सरकार के इंकार के बाद भी यह स्पष्ट हो गया कि सरकार के किसी एजेंसी ने जनता की निजता को भंग किया है।

# राजस्थान का प्रसिद्ध लोकोत्सव है गणगौर

राजस्थान का नाम सुनते ही मन खुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने आप में एक विरासत को संजोए हुए हैं। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है।

राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो अनुचित नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। राजस्थानी शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सदा सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी पौराणिक एवं वैदिक देवी देवताओं के मन्दिर हैं। उनके उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। काल प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्तंभकार

गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैंः-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैंः-

*म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,*
*बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,*
*म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।*

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैंः-

*म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,*
*ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।*

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का 'बिन्दौरा' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैंः-

*ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।*

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैंः-

*गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।*

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-'तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर'। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। 'सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे'।

हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।



साहित्य

# सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता के मूल आधार है हमारे सामाजिक त्यौहार



सत्यवान सौरभ
साहित्यकार

हिंदुस्तान त्योहारों का देश है। त्योहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है। ह्यह्यव्रत -त्यौहारों के दिन हम देवताओं का स्मरण करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं, जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी समाज में पहुंचता है। इसमें ही भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। हमारे सामाजिक जीवन में कुछ ऐसे दिन आते हैं जिनसे मात्र एक व्यक्ति, या परिवार ही नहीं वरन पूरा समाज आनंदित और उल्लासित होता है। भारत को यदि पर्व-त्योहारों का देश कहा जाए तो उचित होगा। यहां भोजपुरी भाषा में एक कहावत है- 'सात वार नौ त्यौहार'। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु - परिवर्तन हंसी - खुशी मनोरंजन के साथ अपना - अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्योहार का समावेश किया गया है , जो उचित है।

**बाजारीकरण ने सारी व्यवस्थाएं बदल कर रख दी है। हमारे उत्सव-त्योहार भी इससे अछूते नहीं रहे। शायद इसीलिए प्रमुख त्योहार अपनी रंगत खोते जा रहे हैं और लगता है कि हम त्योहार सिर्फ औपचारिकताएं निभाने के लिए मनाये जाते हैं।**

प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव , पर्व - त्योहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े - बड़े पर्व - त्योहार आ जाते है , जैसे - होलिका - उत्सव , दीपावली , बसन्त , श्रावणी , संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व - त्योहार आते है , हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है , उसके गुणों , लीलाओं , पावन चरित्र , महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी , कृष्णाष्टमी , भीष्म - पंचमी , हनुमान - जयंती , नाग - पंचमी आदि त्योहार रखे जा सकते हैं। यानि यहां हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान सी बनती जा रही जिंदगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएं, रीति -रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं।

सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं। पारस्परिक कौशल में दूसरों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता शामिल है और आत्मविश्वास स्वयं और स्वयं की क्षमताओं में विश्वास है, जो दोनों दूसरों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए आवश्यक हैं। इस लेख में, हम कुछ तरीकों पर गौर करेंगे कि ये आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल को बनाने में कैसे मदद करते हैं। सामाजिक त्योहार विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं के संपर्क में लाते हैं, जो उनके क्षितिज को व्यापक बना सकते हैं और उन्हें दूसरों के प्रति सहानुभूति और समझ विकसित करने में मदद कर सकते हैं। नए दोस्त और संपर्क बना सकते हैं, जो समुदाय से अधिक जुड़ाव महसूस करने और अपनेपन की भावना विकसित करने में मदद कर सकते हैं। ये आयोजन इसे विकसित करने का एक शानदार तरीका है क्योंकि वे बहुत सारे लोगों को एक साथ लाते हैं, और इस तरह एकता और भाईचारे की भावना पैदा करते हैं। ये जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के प्रति अधिक स्वीकार्य, सहिष्णु और समावेशी होना सिखाते हैं।

# जीवन दर्शन एक ज़िन्दगी जीने का तरीका है

जीवन दर्शन एक ज़िन्दगी जीने का तरीका है । आप किसी भी संप्रदाय को मानते हो परन्तु दुनियां में मानव धर्म सर्वोपरि है । मानव अद्भुत प्राणि है जब से पैदा हुआ तब से मन में स्वयं को जानने की जिज्ञासा हुई की मै कौन हूं ये प्रकृति क्या है ? ये किसने उत्पन्न की ? प्रकृति के नियम क्या है ? क्या कोई शक्ति है जो इस सृष्टि का संचालन करती है ?
इन प्रश्नों का उत्तर पाने का मानव ने प्रयत्न किया तथा सृष्टि के रहस्यों को समझा व जाना । मृत्यु क्या है ? क्या इस लोक से परे कोई ओर लोक है ? इस संसार को चलाने वाली शक्ति क्या है ? कैसे इस शक्ति को प्राप्त करके मानव अपने जीवन को आन्नदपूर्ण बना सकता है ?
इन प्रश्नों का उत्तर मानव ने प्राप्त किया तो उसने सोचा की अन्य लोगों को भी इस आन्नद के रहस्य को बताया जाए ताकि सभी मानव का जीवन सुखी तथा आन्नदपूर्ण बन सके । जिन लोगों ने रहस्य जैसा अनुभव किया उसकों सभ को बताने लगे चुंकि इन्होंने लोगों को ज्ञान देने का रास्ता चुना , लोगों की भलाई का मार्ग चुना वे गुरू कहलाए। इन गुरूओं तथा महापुरूषों ने परमात्मा के रहस्य को खुद अनुभव कर अपने ह्रदय के अंधकार को दुर कर ज्ञान प्राप्त किया तथा लोगों को इस ज्ञान को बांटा जिससे सभी प्रेम-आनंद प्राप्त करे । तथा जिस प्रकार गुरू सदैव चौबीसों घंटे आनंद में रहते है वैसे सभी मानव आनंदपूर्ण हो जाए तथा सारा संसार एक कुटुम्ब की भांती प्रेम से रहे तथा वसुधैव कुटुम्बकम की भावना विकसित की ।
प्रारम्भ में केवल एक ही धर्म था सनातन धर्म । आप किसी भी गुरू को मानते हो, किसी भी संप्रदाय या धर्म को हो या नास्तिक हो सभी को जीवन दर्शन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना विकसित करने का प्रयत्न किया जायेगा। आप निर्गुण उपासक हो या सगुण उपासक आपकी कोई भी विचारधारा हो आपको आत्मचेतना को विकसित करने की जानकारी भी आपको प्राप्त होगी । आप किसी भी विचारधारा के समर्थक हो अर्थात किसी भी धर्म को मानते हो परन्तु वह विचारधारा यदि मानव विरोधी हो तो सोचने की आवश्यकता है। यदि हम यह मानते है कि हमारी जो विचारधारा है उस विचारधारा उस विचारधारा के व्यक्तियों को ही संसार में रहने का अधिकार है अन्य को नहीं तो समझो की विचारधारा का यह कट्टरपन संसार की सुन्दरता को समाप्त कर देगा।

जानकारी

# हमारा भारतवर्ष

भारत विश्व की सबसे पुरानी सम्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके साथ ही यह अपने-आप को बदलते समय के साथ ढ़ालती भी आई है। आजादी पाने के बाद भारत में बहुआयामी सामाजिक और आर्थिक प्रगति की है। भारत कृषि में आत्मनिर्भर बन चुका है और अब दुनिया के सबसे औद्योगीकृत देशों की श्रेणी में भी इसकी गिनती की जाती है। साथ ही उन चंद देशों में भी इसका शुमार होने लगा है, जिनके कदम चांद तक पहुंच चुके हैं। भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग कि.मी. है, जो हिमाच्छादित हिमालय की ऊंचाइयों से शुरू होकर दक्षिण के विषुवतीय वर्षा वनों तक फैला हुआ है। विश्व का सातवां बड़ा देश होने के नाते भारत शेष एशिया से अलग दिखता है जिसकी विशेषता पर्वत और समुद्र ने तय की है और ये इसे विशिष्ट भौगोलिक पहचान देते हैं। उत्तर में बृहत पर्वत श्रृंखला हिमालय से घिरा यह कर्क रेखा से आगे संकरा होता जाता है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर तथा दक्षिण में हिन्द महासागर इसकी सीमा निर्धारित करते हैं। पूरी तरह उत्तरी गोलार्ध में स्थित भारत की मुख्यभूमि 8 डिग्री 4 मिनट और 37 डिग्री 6 मिनट उत्तरी अक्षांश और 68 डिग्री 7 मिनट तथा 97 डिग्री 25 मिनट पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है । उत्तर से दक्षिण तक इसकी अधिकतम लंबाई 3,214 कि.मी. और पूर्व से पश्चिम तक अधिकतम चौड़ाई 2,933 कि.मी. है। इसकी जमीनी सीमाओं की लंबाई लगभग 15,200 कि.मी. है। जबकि मुख्यभूमि, लक्षद्वीप और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की तटरेखा की कुल लम्बाई 7,516.6 कि.मी है।

# बेकार होगा 5G मोबाइल. 6 महीने के भीतर चालू हो जाएगा 6G सेवा. 1 हजार गुना ज्यादा तेज हैं 5G से

साइबर दुनिया

आपको याद है कि भारत में 3G लॉन्च हुआ था और उसके विभिन्न प्रकार के मोबाइल पर लांच किए गए थे लोगों ने धड़ाधड़ 3G मोबाइल खरीदना शुरू किया था और सुपर फास्ट इंटरनेट का आनंद अपने नोकिया और सैमसंग जैसे फोन में चलाना शुरू ही किया था की धड़ से 4जी मोबाइल सेवा आ गया. स्पीड के मामले में 3जी से कई गुना ज्यादा तेज था वही हवा भी नहीं लगा और 3G का नेटवर्क और पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम गायब हो गया. जिओ का 4G पैक आया और मुफ्त में लोगों को 4G इंटरनेट मिलने लगा और देखते ही देखते सबके हाथों में 4G मोबाइल पहुंच गया.
कुछ ऐसा ही फिर से होने जा रहा है. 5G मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को लॉन्च तो कर दिया गया है लेकिन इसके ऊपर चल रहे टैरिफ वार अभी तक खत्म नहीं हुए हैं. किसी भी कंपनी के तरफ से भरपूर 5G इस्तेमाल करने के लिए अब तक कोई शानदार पैकेज ग्राहकों को मुहैया नहीं कराया गया है. लेकिन देश में 6G सेवाओं को शुरू करने के सारे पैमाने पूरे कर लिए गए हैं और महा 6 महीने के भीतर उसको भी रोलआउट किया जा सकता है.
फायदा 60 में 5G के तुलना में 1000 गुना ज्यादा तेज स्पीड होगा और साथ ही साथ अन्य इतने फीचर मुहैया कराए जाएंगे जिसकी गिनती करते आप थक जाएंगे. देश में 5जी आने के छह माह के भीतर ही 6जी की तैयारी की जाने लगी है.
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 6- जी दृष्टिकोण पत्र (टीआईजी - 6जी) का अनावरण किया इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने ये जो पहल की है, इससे उसका आत्मविश्वास झलकता है. प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के नए ह्यक्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया. क्षेत्रीय कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्तपोषित है. यह सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट ) भवन में स्थित है. उन्होंने कहा कि यह आईटीयू कार्यालय देश में 6जी के लिए सही परिवेश बनाने में मदद करेगा.

टॉप ट्वीट

मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं कहा और मेरे बयान से याचिकाकर्ता को कोई नुकसान नहीं हुआ है। ...

राहुल गांधी
पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस





सुहाना अपनी ग्लैमरस तस्वीरों की वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। सुहाना की सोशल मीडिया पर अच्छी खासी फैन फोलोइंग है।

सुहाना खान
शाहरूख खान की बेटी

संपादक के नाम पत्र

## अभिव्यक्ति की आजादी में निजी जिंदगी पर निशाना कानून का उल्लंघन

राहुल गांधी को सूरत सेशन कोर्ट ने मोदी सरनेम को चोर कहने पर दो साल की सजा सुनाई है ।बोलना सरल है,मगर क्या बोलना चाहिए इसका ज्ञान हरेक को नही होता है ।लिखना और छापना इस वैज्ञानिक युग मे बहुत सरल हो गया है लेकिन क्या लिखना है और किसको छपाना है इसका ज्ञान ज्ञान सभी को नही होता है ।शब्द को ब्रह्म माना गया है ।शब्द एक और व्यक्ति को तार देता है वही दूसरी और बड़ी मुसीबत में डाल भी देता है ।मुह से निकली बात फिर लौट कर नही आती है ।कानून को हाथ मे लेने वालों को जेल की सजा होती है ।आखिर कैद तो कैद ही होती है ।हथौड़ा यदि सोने का होता है तो क्या ज्ञानवान मनुष्य उसका प्रयोग सिर पर मारने के लिए करता है,नही ऐसा कभी नही करेगा ।राहुल गांधी के बयान से सियासी हड़कंप मच गया था ।राहुल को दो साल की सजा मिलने के बाद कांग्रेस की चिंता बढ़ गई है ।राहुल उपरी अदालत में अपील कर सजा माफ करने की अर्जी करते है और हाईकोर्ट दो साल की सजा मान्य रखता है तो राहुल के सांसदपद भी खतरे में पड़ सकता है ।राहुल का भाषण लिखने वाले ने विचार नही किया ।कोर्ट का फैसला पक्ष हो या विपक्ष सबको मानना पड़ता है ।गांधी परिवार के लिए कठिन समय है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### ढोरी क्षेत्र लगातार प्रगति की और अग्रसर है: जीएम

**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल के सीसीएल ढोरी एरिया के अंतर्गत खास ढोरी के 7-8 इंक्लिन में गुरुवार को महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने बेहतर काम करने वाले 20 कामगारों को पुरस्कृत किया। कहा कि? 2022-23 का कोयला उत्पादन का लक्ष्य 42 लाख है। इसे सभी को मिलकर हर हाल पूरा करना है। कहा कि कोल इंडिया सहित ढोरी क्षेत्र लगातार प्रगति की और अग्रसर है।

## सिटी अपडेट्स >>

### बूथ सशक्तिकरण अभियान

**पीरटांड़ :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के निर्देशानुसार गिरिडीह विधानसभा अंतर्गत पीरटांड़ प्रखंड के कुम्हरलालो पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान हेतु शक्ति केंद्र के प्रभारी और सह प्रभारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित कि गई । बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साहू मिशन मोदी अगेन के जिला अध्यक्ष एस चंद्रा मुखिया अनीता देवी पंचायत समिति सदस्य जागो रजक उपस्थित थे।बैठक में बूथ स्तरीय कार्य विभाजन के लिए कार्यकर्ता का नाम एवं दायित्व की जिम्मेदारी सोंपी गई । पन्ना प्रमुख का नाम भी चढ़ाया गया। उसके बाद राष्ट्रपति महोदया का अभिभाषण को पढ़कर सुनाया गया।एवम बैठक में संगठन के प्रभारी एवं उपप्रभारी के द्वारा संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए अगामी लोकसभा व विधानसभा की चुनाव की तैयारी पर जुटने की बात कही गई।बैठक मे मुखिया पति सुभाष कुमार, ,अरविंद कुमार बरनवाल, बालेश्वर यादव,पंचम सिंह, चोला गोप,शंकर सिंह,घनश्याम महतो, जीवलाल पंडित, धनुष धारी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### रामनवमी को लेकर बैठक की गई

**इचाक :** इचाक कुटुम सुकरी गैर मंडा में रामनवमी को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अशोक कपरदार ने किया। सर्वसम्मति से कमेटी मनाया गया।अध्यक्ष अजय यादव ,उपाध्यक्ष उदय भगत, सचिव रुपेश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार ,राहुल सिन्हा। सभी की सर्वसम्मति से रामनवमी झांकी निकालने को लेकर सहमति बना ।बैठक में उपस्थित बलराम कुमार, विकास कुमार ,किशुन रविदास ,रामवृक्ष रविदास, रामचंद्र रविदास ,कामेश्वर रजक ,जितेंद्र रविदास ,शुभम कुमार ,आकाश कुमार अजयशर्मा ,पेमन साव,निशांत सिन्हा, टिंकू कुमार ,लखन रविदास समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मधुबन में मनाया गया शहीद दिवस

**पीरटांड़ :** मधुबन के शहीद सत्यनारायण भटाचार्य मैदान मे गुरुवार को मजदूर संगठन समिति मधुबन शाखा द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह का 92 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक विशाल रैली निकाली गई जो मधुबन के मुख्य मार्गों से गुजरता हुआ शहीद मैदान में आम सभा में परिवर्तित हो गई जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजीत राय ने की । वहीं संचालन सचिव मनोज कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन कर जयजयकार के नारे लगाए। ततपचात शाखा अध्यक्ष अजीत राय ने उनकी जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला एवम उनके द्वारा देश मे किए गए कार्यो की जानकारी दी।बैठक में मुख्य रूप से द्वारीका राय,सुरज तुरी,अनिल किस्कू,मंशु हांस्दा, कैलाश सिंह,रूपलाल महतो,चिरंजीवी महतो,थानूराम महतो,सोहन महतो,अशीश मंडल,पचीया देवी,डेगनी देवी,आदि लोग उपस्थित थे।

**टेंडर मैनेज**

### साहिबगंज जिले में नहीं थम रहा टेंडर मैनेज करने का खेल

# टेंडर मैनेज कर सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं ठेकेदार

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज:** साहिबगंज जिले में बाइट कुछ समय से कतिपय विभागों में टेंडर घोटाला की जो वयार बही है, वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। विभाग चाहे जिला परिषद हो या नगरपालिका या फिर आरईओ हो या एनआरईपी या माइनर इरिगेशन या फिर अन्य कई विभाग जहां टेंडर मैनेज करने का चल रहा है आपसी प्रतिस्पर्धा। यही कारण है कि सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद भी यहां पर यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।



अकेले जिला परिषद की बात की जाए तो पिछले 2 माह में तीन से चार बार विभिन्न योजनाओं का टेंडर निकाला गया और यहां निकाले गए योजनाओं में से लगभग 80 फीसदी को मैनेज करने का खेल खेला गया। यही हाल एनआरईपी का भी रहा। यहां टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी सूची जारी करने में एक सप्ताह से भी अधिक का समय लगा। बताया जाता है कि इस बीच टेंडर मैनेज करने का होता रहा खेल। इसके पूर्व आरईओ और माइनर इरिगेशन में भी इसी प्रकार का खेल खेला जाता रहा। कुछ समय पूर्व बरहरवा में बैरियर टोल टैक्स वसूली का टेंडर का मामला काफी चर्चा में रहा। मामले को लेकर प्राथमिकी तक दर्ज की गई। उच्चस्तरीय जांच भी की जा रही है। बावजूद इसके जिले के विभिन्न विभागों के सेहत पर इसका कोई असर पड़ता नहीं दिखा। टेंडर मैनेज करने के खेल की आड़ में बड़े-बड़े ठेकेदार, विभागीय पदाधिकारी, कतिपय राजनीतिक दलों के नेता अपनी जेब भरने की फिराक में सरकारी राजस्व को चुना लगाने में लगे हैं

**क्या है टेंडर मैनेज करने का खेल?**

सरकारी नियमों के अनुसार कोई भी ठेकेदार किसी भी योजना को प्राप्त करने के लिए निर्धारित राशि से अनलिमिटेड बिलो जाकर कर भी टेंडर डाल सकता है। मसलन कोई योजना एक करोड़ की है। कोई ठेकेदार उस योजना को निर्धारित राशि से 40 से 50 फीसदी से भी अधिक विलो जाकर टेंडर डाल सकता है। ऐसे में इसका लाभ सरकार को राजस्व के रूप में हो सकता था, लेकिन यही राजस्व की चोरी करने के लिए टेंडर मैनेज करने का खेला जा रहा है खेल। बीक्यू की बिक्री होने के साथ ही कतिपय नेताओं और सेटिंग बाजों के द्वारा विभागीय पदाधिकारियों की मिलीभगत से यह तय किया जाता है कि कौन से ठेकेदार को कौन सी योजना दी जानी है। जिस ठेकेदार को योजना देने के लिए तय की जाती है, उनसे योजना कि कुल राशि का 10 फीसदी राशि वसूली की जाती है। फिर उक्त योजना से अलग किए गए ठेकेदारों और अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों के बीच उक्त राशि को बांट दी जाती है। तय किए गए ठेकेदारों के द्वारा योजना के निर्धारित राशि से महज कुछ रुपए कम कर के टेंडर डाला जाता है। टेंडर तय करने के लिए दो डमी ठेकेदारों से भी टेंडर डलवाया जाता है।

## भाजपा बुथ शशक्तिकरण को लेकर सातों मोर्चा की बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग भाजपा जिला के सातों मोर्चा के जिला अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक स्थानीय अटल भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बुथ शशक्तिकरण अभियान और पन्ना कमेटी निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि इस अभियान को पूरा करने के लिए भाजपा के साथ-साथ सातों मोर्चा की कमेटी बुथ स्तर से लेकर जिला तक सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं और उम्मीद है कि आने वाले 26 मार्च तक इस अभियान को पूर्ण कर लिया जाएगा। सभी मोर्चा के द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन जिला अध्यक्ष को सुपुर्द किया जा रहा है बैठक में जिला कोषाध्यक्ष विनोद भगत भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजीत कुमार चंद्रवंशी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका देवी एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र बिहारी आदि उपस्थित थे।

### देश बदल रहा है महिलाओं की दशा में सुधार आ रहा है

## समय के साथ साथ नारी शक्ति और सशक्त होती जा रही है



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा परियोजना प्रभावित महिलाओं के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाए जा रहे हैं। एनटीपीसी केरेडारी परियोजना द्वारा पांडु में स्थित कावेद ग्राम, अगारटोला, गौसिया ग्रामों में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया है। प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में 30-30 महिलाओं के बैच को सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जब एक महिला आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती है तो वो बेहतर तरीके से अपने परिवार को हर तरह से सहयोग कर पाती है। यह सिलाई-कढाई के प्रशिक्षण केन्द्र केरेडारी परियोजना के प्रमुख श्री फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में कार्यरत है। इस अभियान पर परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब ने कहा की सिलाई-कढाई के प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाएं व युवतियों के लिए आय का साधन बन सकता है। साथ ही वे आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं। सिलाई-कढ़ाई रोजगार का महत्वपूर्ण साधन है। ऐसे महिलाओं व युवतियों के लिए सिलाई-कढ़ाई आय का एक उत्तम माध्यम हो सकता है।

### सरहुल पर्व 2023 के दौरान सदर अनुमंडल क्षेत्र में

## निषेधाज्ञा लागू,अनुमंडल पदाधिकारी ने जारी किए आदेश



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सरहुल पर्व- 2023 के अवसर पर जुलूस दिनांक 24/03/2023 को निकाले जाने की संभावना है। पूर्व के दिनों में शरारती तत्वों के द्वारा सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत कई जगहों पर अफवाह फैलाने के कारण साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न हुई थी। उक्त को देखते हुए सरहुल पर्व-2023 के अवसर पर जुलूस निकाले जाने की स्थिति में शांति भंग न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए हजारीबाग सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत दं०प्र०सं० की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इस दौरान निम्नांकित आदेश जारी किए गए है: (किसी भी प्रकार के घातक हथियार, अग्नेयास्त्र इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध लागू रहेगा। सरहुल पर्व- 2023 के अवसर पर सोशल मिडिया जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक व अन्य मीडिया प्लेटफार्म पर भड़काऊ साम्प्रदायिक मैसेज / ऑडियो/विडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति / एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायगी। द झारखंड कंट्रोल ऑफ द यूज एंड प्ले ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक वर्जित रहेगा साथ ही किसी भी परिस्थिति में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सरहुल पर्व- 2023 के जुलूस के अवसर पर यातायात बाधित नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। यह निषेधाज्ञा आदेश सरकारी कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/पुलिस बल / सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। यह निषेधाज्ञा आदेश शव यात्रा एवं शादी-विवाह में लागू नहीं होगा।यह निषेधाज्ञा आदेश दिनांक 24/03/2023 को लागू रहेगा। चूंकि नोटिस सभी संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से तामिला करवाना संभव नहीं है।

### बसरिया में पूर्व विधायक ने किया

## निःशुल्क सिलाई सेंटर का उदघाटन

राष्ट्रीय खबर

**चौपारण :** चौपारण बसरिया में संचालित ग्राम उदय सेवा संस्थान द्वारा चित्रांश पब्लिक स्कूल परिसर में निःशुल्क सिलाई सेंटर का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उदघाटन किया। सिलाई सेंटर में उपस्थित महिलओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सिलाई सेंटर खुलने से महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आत्मनिर्भर बनेगी। रोजगार से जुड़कर महिलायें जीवकोपार्जन का एक माध्यम बनाएंगी। संस्थान के सचिव संजय सिन्हा के दुगार्मी सोच का परिणाम है कि बसरिया व आसपास इलाके के महिलाएं निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण ले पाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक ने संस्थान को अपने तरह से दो सिलाई मशीन देने का घोषणा किया। इससे पहले संस्थान सचिव व स्कूली बच्चों ने बुके देकर अतिथियो का स्वागत किया। संस्था सचिव ने पूर्व विधायक द्वारा मिले सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि गरीब से गरीब महिलाएँ व बच्चियां सिलाई सीखे। कहा कोई महिला सिलाई सीखने के लिए अपना पंजीयन करवा सकती है। इस दौरान चित्रांश विद्यालय के स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति से अतिथियों का मन मोह लिया। मौके पर स्थानीय मुखिया मंजू देवी, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, पिंकी कुमारी प्रियंका कुमारी सहित अन्य।

**शहीद दिवस**

### देश की माटी को बचाने की खातिर

# भगत सिंह जैसे युवाओं की है आवश्यकता : लोकनाथ

- गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए अपनी जान गवां दिए
- देश की सुरक्षा के लिए निस्वार्थ से हमें काम करने की आवश्यकता



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग धर्मशाला के प्रांगण में आंदोलनकारी जन संगठन के तत्वाधान में शहीद-ए-आजम भगत सिंह सुखदेव राजगुरु की शहीद दिवस मनाई गई । इसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन लखींद्र ठाकुर ने किया । पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि भगत सिंह ,राजगुरु, सुखदेव अपने देश को गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए अपनी जान गवां दिए। आज भी भगत सिंह जैसे युवाओं की आवश्यकता है, ताकि जल ,जंगल ,जमीन एवं देश की सुरक्षा के लिए निस्वार्थ से हमें काम करने की आवश्यकता है। अधिवक्ता अनिल कुमार ने कहा कि आज पूंजीवादी कंपनियां देश भर में हावी होती जा रही है । वामपंथी भाटिया पूंजीवादी कंपनियों को समर्थन कर रही है एनटीपीसी अदानी जैसी पूंजीवादी कंपनियां कोयला खदान खोलने के नाम पर हरियाली जमीन को जबरन ले रही है । परिणाम स्वरूप हरियाली जमीन अब खतरे में हमें हरियाली को ही नहीं जल जंगल जमीन को बचाना होगा लखींद्र ठाकुर ने कहा कि जल, जंगल ,जमीन को बचाने के लिए हमें एकताबद्ध तरीके से आंदोलन करना होगा।

जब तक हम संघर्ष नहीं करेंगे हमारी वजूद नहीं बचेगी । भाजपा नेता कैलाश सावन ने कहा कि कोल कंपनियों से बड़कागॉव को बचाने के लिए हम सभी वर्गों को गिला शिकवा भूलकर आंदोलन तेजी से करें। इसके अलावा सरोज सोनी ,मनोज गुप्ता ,अवध किशोर यादव, धनेश्वर प्रसाद ,डिलेश्वर महतो ,रोहन साव, रामदुलार कुमार साव, ननकू राम ,राजेश कुमार यादव ,विजय राम, विजय कुमार , राम प्रसाद साव, कैलाश साव, भदेश्वर साव, धनु प्रसाद निराला, समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मार्खम कॉलेज में आजादी के शहीदों का किया गया नमन



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहीद दिवस पर मार्खम कॉलेज में क्रांतिवीर आजादी के अमर शहीदों के सम्मान में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ श्याम किशोर सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अमर शहीद भगत सिंह ,राजगुरु एवं सुखदेव की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश के लिए शहीदों ने जो बलिदान दिया उसी के सम्मान में 23 मार्च को शहीद दिवस का आयोजन किया जाता है। कॉलेज के प्रोग्राम ऑफिसर भोला नाथ सिंह ने कहा कि 23 मार्च, 1931 को शाम 7 : 25 बजे देश के लिए सरदार भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर ने अपनी बलिदान देकर क्रांतिकारी अमर शहीद हुए। उन आजादी के शहीदों कि बलिदान से देश में हम खुली सांस ले पा रहे हैं। मंच का संचालन पूर्व ग्रुप लीडर तेजवंत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन ग्रुप लीडर प्रगति प्रेरणा ने की। इस अवसर पर स्वयंसेवकों में मुख्य रूप से ग्रुप लीडर शिवा कुमार , पूनम कुमारी ,सुजाता कुमारी, कृष्णा कुमार साव, सन्नी कुमार, वीरेंद्र कुमार ,तनु सिंह समेत कई स्वयंसेवकगण उपस्थित थे।

### चैत नवरात्र के शुभ अवसर पर दामोदर नदी छठ घाट के तट पर सांध्य गंगा आरती का आयोजन



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड के ग्राम बुंडू में सनातन हिन्दू धर्म स्वलंवियों द्वारा विक्रम साल संवत (2080)२०८० ई. वर्ष का नया साल के आगमन एवं शुक्लपक्ष चैत नवरात्र के शुभ अवसर पर दामोदर नदी छठ घाट के तट पर सांध्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम बुंडू, हफुवा, बाराडीह क्षेत्र के महिला, पुरुष,बच्चें एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम समाज सेवी शिव शंकर साव के नेतृत्व में प्रारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम में सनातन हिन्दू धर्म के लोगों को अपने धर्म के प्रति जागरूक करते हुए सनातन धर्म के मूल विचारो को बताए गए एवं अपने ईष्ट देवता के नाम से सभी लोग एक एक दिया घी की दीपक जला कर पूजा अर्चना करते हुए मां गंगे को जय कारा के साथ ध्यान पूर्वक आराधना की गई। पूरे विश्व के जीव जंतुओं तथा इंसानों के लिए आशीर्वाद मांगी गई। एक साथ सभी लोग क्षमा आचना करते हुए जाने अंजाने में हम मनुष्यों से कोई भूल पर क्षमा आचना की गई। भगवान से क्षमा मांगते हुए जयकारा के साथ सभा को समापन किया गया।

### आदर्श युवा संगठन के तत्वाधान में निःशुल्क इलाज

**इचाक :** इचाक आदर्श युवा संगठन झारखंड, के तत्वधान में मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना तकनीकी के द्वारा निः शुल्क इलाज विवेकानंद अस्पताल दुगार्पुर कोलकाता विशिष्ट डाक्टरों के द्वारा जय माता दी नर्सिंग होम इचाक में दिन रविवार 11 बजे से बुढ़िया माता मंदिर के सामने में किया जा रहा है। जो भी बीमार व्यक्ति थेलीसीमिया,कैंसर,ब्रेस्ट कैंसर,किडनी रोग,लीवर रोग ,लकवा,प्लास्टिक सर्जरी,हार्ट से संबंधित बीमारी ग्रसित हो वे निःशुल्क इलाज करवा सकते है। मरीच को इलाज के लिए आधार कार्ड का फोटोकॉपी व पुराने इलाजरत पेपर लेकर आना अनिवार्य है।इलाज के लिए ईसीजी जांच भी निशुल्क किया जाएगा।संपर्क के लिए न. 9852945640,9122267679,8340391563 युक्त बातों की जानकारी आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने दिया ।

### इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति के लगातार मेहनत एवं संघर्ष का लाया रंग होगी जीत : भागवत

**इचाक :** इचाक झारखंड कोंग्रेस पार्टी के विधायक दल के उप नेता विधायक प्रदीप यादव (पोड़ैयाहाट )द्वारा राजेश कुमार गुप्ता( उपाध्यक्ष )भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के पहल एवं अथक प्रयास से विधानसभा में जोरदार तरीके से इको सेंसेटिव जोन हजारीबाग का मामला को उठाया गया जिसमें झारखंड सरकार के मंत्री चम्पई सोरेन , एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इको सेंसेटिव जोन के मामला को संज्ञान में लेना पड़ा और घोषणा पकरना पड़ा की हजारीबाग इको सेंसेटिव जोन की दूरी वास्तव में झारखण्ड में सबसे अधिक 5 किलोमीटर है जो जनहित में नहीं है, इस मामला पर झारखंड सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाया जाएगा ,केंद्र सरकार को आवश्यक कारवाई हेतू अवगत कराया जाएगा जिससे 218 गाँव के समस्या को निजात मिल पाए इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की ओर से माननीय विधायक प्रदीप यादव समेत अन्य संसद विधायक को आभार व्यक्त किया गया जिसमें भागवत प्रसाद मेहता इको संघर्ष समिति अध्यक्ष ,सचिव राजेश कुमार मेहता ,कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार मेहता ,उपाध्यक्ष प्रसादी प्रसाद संरक्षक ,बसंत नारायण मेहता (जिला परिषद सदस्य )सह अध्यक्ष इको सेंसेटिव जोन पदमा प्रखंड,संरक्षक चंद्रदेव प्रसाद मेहता पूर्व प्रमुख इचाक समेत समिति के कई सदस्य पदाधिकारी शामिल हैं।

### रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने बिंदेश्वरी कुमार दांगी



**बड़कागांव :** बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में बड़कागांव के दैनिक बाजार स्थित बसंती दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रामनवमी महासमिति अध्यक्ष का चुनाव हुआ । अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन राजु कुमार सोनी ने किया। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों नामांकन करवाया। जिसमें से प्रथम उम्मीदवार शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू एवं दूसरा उम्मीदवार बिंदेश्वरी कुमार दांगी उर्फ बिंदु चुनाव मैदान में उतरे। चुनाव में 12 समितियों के अध्यक्ष व सचिव वोट किया .शिव शंकर उर्फ शिबू कुमार को 7 वोट मिला। जबकि बिंदेश्वरी कुमार दांगी उर्फ बिंदु को 17 वोट मिला. इस तरह से बिंदेश्वरी कुमार दांगी उर्फ बिंदु ने 10 वोट से शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू को हराकर जीत हासिल किया । चुनाव प्रभारी के रूप में राजू कुमार सोनी ,शंभू चौरसिया, सांवरमल अग्रवाल, पत्रकार संजय सागर एवं गौतम कुमार वर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई । मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ,पूर्व मुखिया विशुन रजक ,रामसेवक सोनी, उमेश साव, शशि कुमार मेहता, कालेश्वर सॉव, दशरथ कुमार, भाजपा नेता पूनम साव, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा दामोदर प्रसाद मेहता लालमणि महतो ,जय नाथ महतो, सुरेंद्र कुमार सोनी ,सुभाष राणा, पिंटू गुप्ता आशीष कुमार गुप्ता कांग्रेस के युवा प्रखंड उपाध्यक्ष आनंद कुमार, जितेंद्र कुमार राणा, अनु विश्वकर्मा, मनोज सोनी कैलाश सोनी, लखन विश्वकर्मा, प्रवीण कुमार मेहता,समेत अन्य गणमान्य एवं विभिन्न अखाड़ों के सदस्यगण मौजूद थे।

# प्रदेश >> अपडेट

## शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मना

**पेटरवार** : पेटरवार भाकपा अंचल कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को पार्टी कार्यालय में दिवाकर ।महतो की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। भाकपा कार्यकताओं ने शहीद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कार्यकताओं ने एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा को भाकपा जिला मंत्री पंचानन महतो, इफ्तेखार महमूद, उमा चरण रजवार, अजित कुमार महतो, चुम्बन महतो, राजेश नायक, दिवाकर महतो, बाबूराम महतो, प्रहलाद महतो, राधेश्याम राम, दुखतार अंसारी सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए शहीद भगत सिंह की जीवनी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।मौके पर कालू वंशल, बिरालाल किस्कू, अजय यादव, बादल प्रसाद सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लंबित आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से पांकी पहुंचे उपायुक्त

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर (पलामू):** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लंबित आवासों को पूर्ण कराने को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे गंभीर हैं। उन्होंने बुधवार को इस संबंध में प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक व सभी बीडीओ के साथ बैठक की थी एवं सभी प्रखंडों में आवास पूर्ण कराने को लेकर जिले के विभिन्न वरीय पदाधिकारियों को टास्क भी सौंपा था। इसी क्रम में पांकी के वरीय पदाधिकारी के रूप में उपायुक्त आज पांकी पहुंचे जहां उन्होंने ब्लॉक ऑफिस में बीडीओ-सीओ एवं प्रखंड के सभी मुखियागण के साथ बैठक कर आगामी 15 दिनों में प्रखंड के सभी लंबित आवासों को पूर्ण करने को लेकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर चर्चा किया। उन्होंने सर्वाधिक लंबित आवासों वाले पंचायतों की जानकारी ली इसपर बीडीओ ने बताया कि सबसे अधिक आवास केकरगढ़ पंचायत में लंबित है इसपर उपायुक्त ने केकरगढ़ के मुखिया साथ संवाद कर लंबित आवासों को पूर्ण करने में सहयोग देने की बात कही। इसी तरह उन्होंने सभी मुखिया से उनके क्षेत्र के लंबित आवासों को पूर्ण कराने में सहयोग देने की बात कही। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई लाभुक पैसा लेने के पश्चात अब तक कार्य शुरू भी नहीं किये हैं उपायुक्त ने ऐसे सभी लाभुकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही।

मनरेगा की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने हर हाल में प्रति ग्राम 5 योजनाओं का संचालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया साथ ही जिन पंचायतों में 5 योजनाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है उन सभी पंचायतों के रोजगार सेवकों को स्पष्टीकरण किया गया। वहीं पोटो हो खेल विकास योजना के तहत नये खेल के मैदान का निर्माण कराने पर बल दिया.वहीं गर्मी के मद्देनजर 15वें वित्त से पेयजल की समस्या को दूर करने को लेकर बीडीओ को निर्देशित किया।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि पीडीएस डीलरों द्वारा लाभुक को कम राशन दिए जाने संबंधित कई शिकायतें उनके संज्ञान में आयी है। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया काम राशन देने वाले डीलरों की शिकायत सीओ से करें जिसके बाद जांच के पश्चात दोषी डीलर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

इसी तरह उन्होंने मिडडे मील, आंगनवाड़ी केंद्र,बच्चों को दिए जाने वाले शिक्षण सामग्री की भी समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए.मौके पर उपरोक्त के अलावे प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक,बीपीओ, जेएसएलपीएस के बीपीएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

# न्यूज फटाफट

## भगत सिंह ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हरिहरगंज/पलामू :** अखिल भारतीय नौजवान संघ के द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर सुखदेव भगत सिंह और राजगुरु अमर रहें, नौजवानों को रोजगार दो रोजगार नही तो बेरोजगारी भत्ता दो। पलामू जिला में उद्योग की स्थापना करो, बालू को चालू करो जैसे नारा लगाते हुए हॉस्पिटल चौक के पास शहीद भगत सिंह ने आदमकत प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।उसके बाद रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय में नौजवानों का सम्मेलन सह छात्र नौजवानों का संवाद भगत सिंह और उनके सपनों के भारत पर विचार गोष्ठी किया गया जिसकी अध्यक्षता एआइवाइएफ के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय नौजवान संघ एवं राज्य प्रभारी रुचिर कुमार तिवारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य के डी सिंह मौजूद थे। सर्वप्रथम भगत सिंह और आन्दोलन में शहीद हुए पार्टी कार्यकताओं के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु का शहादत दिवस है और इसीलिए आज के छात्र -- नौजवानों को फिल्मी जगत के रिल हिरो के जगह रियल हीरो शहीदों को याद करनी चाहिए ।तभी उनमें देशभक्ति की भावना जागृत होगी ।पुरे देश में हमारा डिमांड है कि भगत सिंह रोजगार गारंटी योजना लागू करो और नही तो बेरोजगारी भत्ता दो रन आज पुरे देश के नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। पलामू जिला में रोजगार के लिए कोई उद्योग नहीं है बंद पड़े बालू के कारण नौजवानों की बेरोजगारी और बढ़ गई है। केंद्र की मोदी सरकार प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ और राज्य सरकार ने 5 लाख रोजगार देने का वादा खौखला साबित हुआ ।सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता के डी सिंह ने कहा कि आज देश में नाथूराम गोडसे को पूजने वाले भगत सिंह को भी मानने लगे हैं यह उनकी दोमुंहे रूप का दर्शन करवाता है। आज देश में पुन: इन्कलाब की आवश्यकता है और इस लिए नौजवानों को भगत सिंह के रास्ते पर चलनी चाहिए । उनके रास्ते पर चलकर भगत सिंह के सपनों का भारत का निर्माण होगा ।सभा को संबोधित एआइवाइएफ के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि आज देश में नौजवानों की स्थिति दयनीय हो गई है वही नई शिक्षा नीति को लाकर देश के शिझा को कारपोरेट के हवाले करने का काम मोदी जी ने किया है जिसके खिलाफ संघर्ष की आवश्यकता है अंत में सर्वसम्मति से चन्द्रशेखर तिवारी को जिला अध्यक्ष और अभय कुमार भूइंया को जिला सचिव चूना लगा।

# जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन एवं हेल्थ चेकअप कैंप का किया गया आयोजन, जिले भर की सभी सहिया रहीं मौजूद

राष्ट्रीय खबर



**गुमला:** गुरुवार को बख्तर साय इंडोर स्टेडियम गुमला में जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रति वर्ष आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में जिले भर की सभी सहियाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त हेमंत सती एवं एसडीओ सदर द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल के बाहर लगे स्वास्थ्य शिविर( हेल्थ चेकअप कैंप) का भी उप विकास आयुक्त एवं एसडीओ सदर द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। कैंप में स्वास्थ्य संबंधित 15 स्टॉल लगाते हुए विभिन्न स्वास्थ्य से जुड़े हेल्थ का चेकअप किया गया वहीं स्वास्थ्य से संबंधित विषयों पर लोगों को जानकारी दी गई।इस दौरान ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। कैंप में सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप करवाया साथ ही लोगों ने ब्लड भी डोनेट किया।

बख्तर साय में आयोजित सहिया सम्मेलन में साल भर में सहियाओ द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर चर्चा की गई वहीं साल भर में बेहतरीन कार्य करने वाले सहियाओ को उप विकास आयुक्त एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।जिसमें 55 सहियाओं को सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सहिए की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि सहिया डॉक्टर्स का स्वरूप होती है। दूर दराज के क्षेत्रों में जहां डॉक्टर्स का पहुंच पाना मुश्किल होता है है वहां सबसे पहले सहिया पहुंच कर प्राथमिक उपचार देकर मरीजों को ठीक करने का काम करती है ।सभी सहियाओं को अपनी जिम्मेदारी को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी सहियाओं से इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया वहीं कुपोषित बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारी एवं उनके उपचार के लिए सहायता करने की बात कही। उन्होंने छूटे हुए लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही। इसके अलावा श्ल्रठऊ डे में ग्रामीणों को स्वास्थ्य समन्मशित जानकारी देने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित एसडीओ सदर रवि जैन ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम स्तरों पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु साहियाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने सभी सहियाओं द्वारा किए गए कार्यों के लिए उनकी सराहना की ।एवं इसी प्रकार से स्वास्थ्य चिकित्सा सुविधा सभी को देने की बात कही।

# चमेली एस.एच.जी. जन वितरण प्रणाली विक्रेता का अनुज्ञप्ति रद्द

- 4,52,039 रूपए राशन वितरण नहीं करने का है आरोप, होगी एफआईआर दर्ज
- राशन कार्डधारी का हक न मारने मारने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़:** उपायुक्त वरुण रंजन के निदेर्शानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार दास ने चमेली एस.एच.जी. मालपहाड़ी जन वितरण प्रणाली विक्रेता (अनुज्ञप्ति संख्या 68/2009) का अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इन पर 4,52,039 रूपए राशन वितरण नहीं करने का आरोप है। उपरोक्त राशि वसूली के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज करने एवं नीलाम पत्र दायर करने का दिया निर्देश दिया गया है।उपायुक्त ने कहा है कि जो डीलर खाद्यान्न वितरण नही करेंगे उनको ऊपर अब तीन तरह की कार्रवाई की जाएगी। पहला तो उसका लाइसेंस कैंसिल होगा। दूसरा उसपर एफआईआर होगा, तीसरा उसके द्वारा किंतना खाद्यान का वितरण नही किया गया है। उसके समतुल्य राशि की वसूली के लिए नीलाम पत्र दायर किया जाएगा। साथ ही साथ उपायुक्त ने निर्देश दिया गया है की जिस माह का खाद्यान्न वितरण करना है उसी माह में डीलर वितरण करना सुनिश्चित करें। अगर कोई भी जन वितरण प्रणाली के विक्रेता कम राशन देते हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। राशन कार्डधारी का हक न मारने की सख्त हिदायत दी।

# युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करेगा वीरों की शहादत: बृजेश शुक्ला

राष्ट्रीय खबर

**हरिहरगंज/पलामू :**गुरुवार को मेदिनीनगर के शहीद भगत सिंह चौक पर पलामू के पूर्व सैनिकों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी की शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही राजगुरु एवं सुखदेव जी की शहादत को नमन किया गया। शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान राष्ट्र के प्रति सदैव युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करता रहेगा। देश की आजादी के लिए भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गए और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए । इनका शौर्य और साहस आज भी युवाओं को प्रेरित करता है। देश के आजादी की लड़ाई में इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश सर्वोपरि नारे को बुलंद करते हुए पूर्व सैनिकों ने देश के वीर सपूतों की शहादत को नमन किया। मौके पर कैप्टन योगेन्द्र शर्मा, पूर्व सैनिक सह



भाजपा जिलाध्यक्ष विजय नन्द पाठक, पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला, भास्कर दुबे, ई.विपुल गुप्ता, अभिषेक सिंह रंजन कुमार, शैलेंद्र सिंह, खुशदिल शुक्ला, दीपक सिंह एवं राहुल पांडेय समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बालू के अभाव में निर्माण कार्य ठप्प, पलायन को मजबूर हैं मजदूर, ईंट छड़ सीमेंट व्यवसाई परेशान

- सरकार बालू घाटों की बंदोबस्ती करे या आम लोगों के लिए बालू को फ्री करे
- घाटों की जल्द बंदोबस्ती नहीं की गई तो होगा आंदोलन: बीनू

राष्ट्रीय खबर



**हुसैनाबाद,पलामू:** इंटक के प्रदेश अध्यक्ष सह एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने हुसैनाबाद स्थित पार्टी कार्यालय में कहा कि बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। इस संबंध में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कई बार विधान सभा के माध्यम आवाज बुलंद की है। मगर आज तक सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।वरीय अधिकारी बालू का अवैध कारोबार अपने अधीनस्थ अधिकारियों के मध्यम कराकर सरकारी खजाने में सेंध लगा रहे हैं। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। अधिकारी बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं। सरकार और अधिकारियों से उन्होंने जानना चाहा है कि जब राज्य में बालू घाट का बंदोबस्ती नहीं हुआ है, तो भवनों,सड़को आदि का निर्माण कैसे हो रहा है। पुलिस की मिली भगत कर बालू का अवैध कारोबार हुसैनाबाद समेत पूरे राज्य में फल फूल रहा है, और यह पैसा कहां तक जाता है सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में निजी निर्माण कार्य के साथ साथ सरकारी योजनाएं भी अधर में लटकी है। निजी आवास निर्माण कताओं ने पत्थर के डस्ट का उपयोग कर निर्माण कराने को भी मजबूर हैं। निजी घरों का निर्माण कर रहे लोग परेशान है। बालू के अभाव में उनका भवन निर्माण का काम बंद है। संवेदकों ने बताया कि उन्हे आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र भवन, सड़क निर्माण करना है। बालू के अभाव में वह कार्य नहीं करा पा रहे है। उन्होंने कहा कि बालू के अभाव में विकास कार्य ठप्प हो जाने से राज मिस्त्री, मजदूर और अन्य कारीगरों का पलायन दूसरे राज्यों में होने लगा है। सीमेंट, ईंट,छड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि सरकार 10 दिनों के अंदर निर्णय नहीं लेती है तो एनसीपी जनता के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# अकाल के दौरान महुआ ने गरीबों की भूख मिटाई , अब उसी पेड़ की हो रही कटाई

राष्ट्रीय खबर



**हरिहरगंज/पलामू :** कहते हैं कि जब जब भी भयंकर सूखे के कारण अकाल पड़ा तब तब जंगल और पेड़ पौधों ने ही जन जीवन की रक्षा की है। किंतु इस उपभोक्तावादी युग में इंसानों ने ही जंगलों की कटाई कर वनों को बर्बाद किया है। हम बात कर रहे हैं भारत के हर हिस्सों में पाए जाने वाले महुआ पेड़ों की जिसने अकाल के दौरान गरीबों की जान बचाई। उल्लेखनीय है कि 1873 / 74 में चाहे बंगाल का अकाल हो चाहे 1966 / 67 में एकीकृत बिहार में सूखे की वजह से पड़े अकाल की बात हो । उस संकट काल में यही बहुतायत महुआ का फल और जंगलों के कंद मूल को खाकर हजारों लाखों गरीबों ने अपनी जान की रक्षा की थी। बता दें कि विभिन्न हिस्सों में इसे हनी ट्री, बटर ट्री जैसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। लेकिन इसका सबसे प्रचलित उपनाम महुआ है। यह पेड़ पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु राज्यों में फैला हुआ है। जो बिना लागत के आमदनी का जरिया है महुआ पेड़। बहरहाल मार्च अप्रैल महीने में सैंकड़ों बेरोजगारों को महुआ चुनते देखा जा सकता है। ये फसल के खेतों, नदी के किनारों और घने घास के मैदानों में लंबे समय तक खड़े रहते हैं। कहा जाता है कि 1770 में भी बंगाल में अकाल के दौरान महुआ ने हजारों लोगों को भुखमरी से बचाया था। उस समय पेड़ के सूखे फल और फूलों का मांसल कोरोला कई लोगों के आहार का प्रमुख हिस्सा बन गया था। 1873-74 के रिकॉर्ड यह भी कहते हैं कि बिहार में भोजन की कमी के दौरान बहुतायत से बढ़ी महुआ ने गरीबों की भूख मिटाया। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ , बिहार , झारखण्ड के गांवों में महुआ का उपयोग शराब बनाने के लिए किया जाता है। जानकारों का कहना है कि महुआ के फूलों के रस को त्वचा पर लगाने से विभिन्न प्रकार के स्किन संबंधी समस्याओं से निजात मिल सकता है।

# निकाली गई भव्य कलश यात्रा

राष्ट्रीय खबर

**मोहम्मदगंज/पलामू:** प्रखंड के भजनियां गांव स्थित शिव मंदिर प्रांगण में चतुर्थ श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नर-नारी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा शिवमंदिर प्रांगण से शुरू होकर देवीधाम, मुख्य पथ व पासी मोड़ से होते हुए कोयल-काशीसोत संगम पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर कर श्रद्धालुओं ने शिवमंदिर प्रांगण में स्थापित किया। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष बिपिन बिहारी सिंह मंटू के अलावा, कामेश्वर सिंह, मनोज कुमार सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, जय सिंह, कामता मेहता,रामवचन प्रसाद,अखिलेश मेहता, अरुण गुप्ता, रामबालक गुप्ता, इंतलेश सिंह, रामरेखा मेहता,राजन सिंह, पप्पू प्रजापति, विश्वनाथ चौधरी,लल्लू विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह,अशोक सिंह,सुदर्शन शर्मा,रामनाथ



रजवार, शंकर गुप्ता,गणेश राम,गोखुल प्रसाद, बृजनारायण सिंह व जवाहर पासवान सहित अन्य कई लोगों ने अगुवाई की। उक्त यज्ञ यज्ञाचार्य दयाशंकर तिवारी के सान्निध्य में सम्पन्न होगा। पूजापाठ विद्वान पंडित सुरेश पाठक जी के द्वारा किया जा रहा है ।वही गुरुवार की संध्या से प्रतिदिन कथावाचन पं. आनंद स्वरूप व श्री बालकृष्ण गणेशदत्त जी शास्त्री (उज्जैन, मध्यप्रदेश) के द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम के आयोजन से गांव का वातावरण भक्तिमय बन गया है। साथ ही रामनवमी महोत्सव को लेकर महावीरी झंडे से पूरा गांव पट गया है। इन धार्मिक कार्यक्रम को लेकर मुख्य पथ में काशीसोत व बैरिया डीह नहर पुल, पासी मोड़ के अलावा शिवमंदिर पर तोरण द्वार भी बनाए गए हैं।

# ट्रैक्टर और ट्रक की टक्कर में 30 वर्षीय युवक हुआ जख्मी



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर-गुम्मामोड़ मुख्य सड़क के नंदनपाड़ा गांव के पास गुरुवार सुबह बालू लदे ट्रैक्टर एवं ट्रक के आमने सामने टक्कर में ट्रैक्टर के चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी ट्रैक्टर चालक बांसकेंद्री गांव निवासी गोरांग साह 30 वर्ष है। टक्कर इतनी जोरदार था कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही थाने के जेएसआइ अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन किया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण एवं स्वजनों ने जख्मी ट्रैक्टर चालक को उपचार के लिए रामपुरहाट लेकर चले गए। वही घटना के बाद ट्रक के चालक एवं खलासी ट्रक छोड़कर भाग निकले। घटनास्थल पर मिली जानकारी के अनुसार बालू लदे ट्रैक्टर रोलाग्राम के तरफ से बालू लेकर महेशपुर के तरफ आ रहा था। वही विपरीत दिशा महेशपुर के तरफ से जा रहे ट्रक संख्या डब्ल्यूबी59सी- 8322 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से ट्रक चलाते हुए ट्रैक्टर को सामने से जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में ट्रैक्टर चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। इस संबंध में जेएसआइ अभिषेक कुमार ने बताया कि दुर्घटना की छानबीन की गई। ग्रामीणों के द्वारा ट्रैक्टर चालक की उपचार का खर्च एवं ट्रैक्टर की क्षतिपूर्ति की राशि की मांग किए जाने पर दोनों वाहनों को स्थानीय ग्रामीणों के जिम्मे में रखा गया है। लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है ट्रैक्टर बलियापतरा निवासी अनिल साहा का है।

## शहीद दिवस पर याद किए गए भगत सिंह

**पाकुड़ :** शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह चौक पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह का प्रतिमा पर आजसू पार्टी का जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में आजसू पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि शहीद भगत सिंह क्रांतिकारी देशभक्त ही नहीं बल्कि एक अध्ययनशीरल विचारक, कलम के धनी, दार्शनिक, चिंतक, लेखक, पत्रकार और महान मनुष्य थे। उन्होंने 23 वर्ष की छोटी-सी आयु में फ्रांस, आयरलैंड और रूस की क्रांति का विषद अध्ययन किया था।हिन्दी, उर्दू, अंग्रेजी, संस्कृत, पंजाबी, बंगला और आयरिश भाषा के मर्मज्ञ चिंतक और विचारक भगत सिंह भारत में समाजवाद के पहले व्याख्याता थे। भगत सिंह अच्छे वक्ता, पाठक और लेखक भी थे। उन्होंने 'अकाली' और 'कीर्ति' दो अखबारों का संपादन भी किया। उन्होंने कहा कि इन्हीं क्रांतिकारियों के बल पर देश को आजादी मिली।जेल में भगत सिंह ने करीब दो साल रहे।

## न्यूज फटाफट

### सतगावां प्रखंड में हुआ श्री राम रथ का आगमान

सतगावां : हिंदू नव वर्ष के शुभ अवसर पर एकल अभियान के एकल हरि कथा प्रसार योजना की तरफ से संच- सतगावां व खुट्टा के सभी विद्यालयों में श्री राम रथ जाएगी एवं अपना कार्यक्रम प्रसारण करेगी। इस बीच जब रथ आया तो कलीडीह चौक के बगल शिव मंदिर के पास श्री राम रथ का बहुत ही भव्य तरीके से स्वागत किया गया एवं वहाँ से गांव गांव के लिए रवाना किया गया। मौके पर खुट्टा संच अध्यक्ष दीपेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष बब्लू कुमार वर्णवाल व उज्जवल कुमार, सुजीत कुमार, खुट्टा संच प्रमुख पवन कुमार पटेल, सतगावां संच प्रमुख प्रीति कुमारी व आचार्य सनुप कुमारी, पूजा कुमारी, बेबी कुमारी, रंजू कुमारी एवं साथ ही साथ सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह अपने पूरे दल बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे।

### कोडरमा थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक संपन्न

कोडरमा : कोडरमा थाना परिसर में बुधवार को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर सीओ अनिल कुमार, बीडीओ रौशमा डूंगडूँग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं बैठक दोनों समुदाय के लोग मौजूद हुए इस दौरान थाना प्रभारी द्वारिका राम ने कहा कि रामनवमी शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए व जुलूस पर निकलें। वहीं शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार को मनाने का भी निर्णय लिया गया। इधर थाना प्रभारी द्वारा ने बताया कि जो व्यक्ति गलत करेगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर ध्यान ना दें तथा आपत्तिजन पोस्ट नहीं डालने की नसीहत दी। मौके पर साजिद हुसैन लल्लू, जिप सदस्य महेंद्र यादव, विजय कुमार सिंह, मोहम्मद इस्लाम, किशन पंडित, चंद्र देव यादव, महावीर यादव, छोटू पंडित, अजय पांडे, भगवान दास साहू, अजीत नायक, मनोज यादवस चंद्रदेव यादव, बैजनाथ यादव, गौरी लाल, लखन सिंह, गोपाल सिंह, राणा कृष्ण साहू जानकी मल्ला, चंद्र राम, मनोज कुमार साहू, संजय पासवान, संतोष चंद्रवंशी, मनोज कुमार झुन्नु, राजकुमार यादव, विकास कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### मांगो को लेकर जलसहिया कर्मचारी संघ ने निकाली रैली

**कोडरमा :** कोडरमा जिला जलसहिया कर्मचारी संघ के बैनर तले अपनी मांगो को लेकर कोडरमा पेयजल विभाग के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। इसके पहले कर्दम ऋषि पार्क के समीप से रैली निकाली जिसके बाद पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता की मौजूदगी में पेयजलविभाग के कार्यपालक पदाधिकारी चंद्रशेखर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जलसहियाओं के द्वारा बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि की भुगतान की मांग की। मौके पर संघ की जिला अध्यक्ष रूबी राणा, जिला सचिव अणु देवी एवं जिला कोषाध्यक्ष अनीता देवी नें कहा कि वे लोग पिछले 12 वर्षों से कार्यरत है लेकिन पहले उन्हें कुछ नहीं मिला। वर्ष 2019 मार्च से मानदेय के रूप में एक हजार की घोषणा किया गया था। जिसके बाद मात्र 6 महीने तक ही इसका भुगतान किया गया। बाकी भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। कहा कि जब तक मोबाइल और रिचार्ज की राशि नहीं दिया जाता है तब तक सभी जलसहिया ऑफलाइन कार्य करेंगे, इसके साथ ही जल सहिया को वर्ष में दो बार पोशाक देने एवं सभी जलसहिया को सम्मानजनक मानदेय देने की मांग की गई है।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**कोडरमा :** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने अवैध पत्थर, क्रशर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध रूप से खनिज लदे वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिये। साथ ही क्रशरों का प्रदूषण जांच करने का भी निर्देश दिये। प्रदूषण सुरक्षा के मद्देनजर क्रशरों को बाउंड्री वॉल और क्रशर के चारों तरफ पौधारोपण करने का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से ब्लू स्टोन के उत्खनन न हो, इस हेतु नियमित जांच करने का निर्देश जिला खनन पदाधिकारी को दिया गया। मौके पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय एवं संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने पूजा और पार्वती को किया सम्मानित

**कोडरमा :** हमार गांव हमार जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन से कोडरमा जिला को जल शक्ति अभियान के तहत कैच दा रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड के पार्वती देवी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आकोर्सा गांव की पूजा देवी को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सम्मानित किया गया था। बुधवार को जिले के मरकच्चो प्रखंड के आकोर्सा गांव की पूजा देवी और कोडरमा प्रखंड की जरगा पंचायत स्थित कंझाटांड की पार्वती देवी एवं डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव की पार्वती देवी को सम्मान मिला है। विश्व जल दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर इन तीनों महिलाओं को सम्मान मिला है। विश्व जल दिवस पर विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जल संसाधन विभाग के मंत्री द्वारा पार्वती देवी और पूजा देवी को सम्मानित किया गया। डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव की पार्वती देवी को भी जल संरक्षण की दिशा में बेहतर कार्य करने हेतु शील्ड और शॉल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जिला के लिए गौरवान्वित पल है। जिला प्रशासन कोडरमा के टीम द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निरंतर बेहतर कार्य किये जा रहे हैं, कोडरमा जिला हर क्षेत्र में बेहतर करते आगे बढ़ रहा है।

### अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए कमिटि गठित

**बालूमाथ :** बालूमाथ मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर में दिन गुरुवार को कौलेश्वर राम के आवास में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह वृहद रूप से मनाने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसमे डॉ भीमराव अंबेडकर 132 वां जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराने पर सहमति बनी है। मिली जानकारी के अनुसार जिसमे उत्तर प्रदेश के प्रोफेसर सह मिशनरी गायिका सनोज त्यागी और मुख्य वक्ता के रूप में संतोष यादव उपस्थित रहेंगे। वही डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती14 अप्रैल को हरिजन टोला में बाबा साहेब के चित्र पर मालार्पण किया जाएगा। और 16 अप्रैल को प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है प्रभातफेरी सुबह सात बजे अंबेडकर नगर से लेकर मुरपा मोड़,ब्लॉक,थाना चौक होते हुए राजकीय बुनियादी विद्यालय में सभा स्थल पर स्थागित किया जाएगा बताते चले कि 16 अप्रैल को स्थान बेसिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमिटी गठन किया

### आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता

**जयनगर :** प्रखंड के बाघमारा में सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने जानकारी दिया कि विद्यालय में हैंड आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कलाकृतियों को बनाया एवं अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अच्छे-अच्छे नमूने बनाकर अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम किया। विद्यार्थियों ने मॉडल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, अच्छे आर्किटेक्ट का परिचय देते हुए विद्यालय के भवन को फोम से हूबहू बनाने का काम किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि जिले में कई तरह के आर्ट के कंपटीशन परीक्षाओं में विद्यालय के विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किए हैं। मौके पर विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, श्याम सुंदर यादव, विनोद यादव, वीना कुमारी, अनु कुमारी, कपिल देव गुप्ता, विक्रम गुप्ता सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### सड़क हादसे में सहायक अध्यापक का निधन

**कोडरमा :** जिले के सतगावां स्थित यूपीएस मोहनरीया के सहायक अध्यापक खुभलाल यादव (42) का सड़क हादसे में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम विद्यालय से आते हुए टेम्पो के दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हो गए। उन्हें इलाजे के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वे अपने पीछे एक पुत्र तथा पत्नी को छोड़ गए हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### विकलांग पेंशन स्वीकृत करने की मांग

**झुमरीतिलैया :** निवर्तमान वार्ड पार्षद पिंकी जैन ने अंचल अधिकारी कोडरमा से मिलकर शहर के जरूरतमंद 20 लोगों के विधवा, वृद्ध, विकलांग पेंशन स्वीकृत करने के लिए आवेदन फॉर्म दिया और सभी को जल्द से जल्द पेंशन दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व भी कई जरूरतमंद लाभुकों का फार्म उनके द्वारा जमा किया गया था परंतु उनका स्वीकृत आदेश पत्र नहीं मिला है जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। अंचल अधिकारी ने यह भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द सभी लोगों का पेंशन आवेदन फार्म स्वीकृत कर उन्हें इसका लाभ दिलाया जाएगा।

### भूमि पूजन आज

**झुमरीतिलैया :** 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ को लेकर 24 मार्च को महुआटांड़ मैदान में सुबह 7 बजे से गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में धरती माता की पूजा, वीर हनुमान का झंडा तोलन किया जाएगा। यह जानकारी गायत्री शक्तिपीठ मुख्य ट्रस्टी अर्जुन राणा ने दी। उन्होंने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार ईस्ट जोन (बिहार, झारखंड ,बंगाल) के प्रभारी वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में संपन्न होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी,सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कांग्रेस ने सांसद का पुतला दहन किया

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी के गोड्डा से सांसद निशिकांत दुबे ने महागामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह पर असभ्य भाषाओं का प्रयोग करते हुए बयान दिया जिस पर कांग्रेस कार्यकताओं में उबाल है। कोडरमा जिला के चंदवारा प्रखंड में पिपराडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पूर्व मुखिया धीरज कुमार के अध्यक्षता में गुरुवार को निशिकांत दुबे का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में से कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू और प्रदेश प्रतिनिधि नवनीत ओझा बंटी ने उपस्थित होकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद लगातार अमर्यादित बयान देते हैं और आज निशिकांत दुबे ने एक महिला विधायक पर असभ्य भाषा का प्रयोग कर सभी मयार्दा को तोड़ते हुए अपने संस्कार और ओछी मानसिकता को दशार्या है।

### पूजा-पाठ में जुटीं नवविवाहिताएं

**झुमरीतिलैया :** हरिये गोबर गोली दाबो भोला चोक.. पुराबो का देय आखां ल्याबो गोर पुजाओ। ऐसे ही भक्तिमय गीतों की गूंज इन दिनों झुमरीतिलैया शहर के राजस्थानी परिवारों के घरों में सुबह से ही सुनाई देने लग रही है। राजस्थानियों का महत्वपूर्ण गणगौर पर्व को लेकर नवविवाहिताएं और युवतियां इस तरह के गीत अहले सुबह से ही गुनगुनाते हुए पूजन कार्य में जुट जा रही हैं। होलिकादहन के साथ शुरू हुआ यह पर्व आगामी 24 मार्च को संपन्न होगा। मालूम हो कि राजस्थानी नवविवाहिताओं के लिए यह पर्व अतिमहत्वपूर्ण होता है। इसमें नवविवाहिताएं अपने ससुराल से इस पर्व को मनाने के लिए होलिकादहन के पूर्व मायके पहुंच जाती हैं ।

# ऑटो के पलटने से युवक की मौत, दो अन्य घायल



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** गुरुवार को दिन के लगभग 2 बजे जिले के जयनगर थाना अंतर्गत गरचांच पेट्रोल पंप के समीप टेम्पो पलटने से एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गए। मृतक युवक की पहचान शमशेर आलम (उम्र 26 वर्ष, पिता मोहम्मद सलीम) जबकि घायल की पहचान जब्बार (उम्र 25 वर्ष पिता अबदुल), शकील अंसारी (उम्र 24 पिता होली मियाँ) सभी नौवाडीह लखीबागी, कोडरमा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो में पुट्टी लोड करके पिपचो पहुंचाने गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान गरचांच पेट्रोल पंप के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसपर सवार तीन युवक घायल हो गए। इन्हें ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। युवक शमशेर आलम की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना पाकर कोडरमा पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# देश का संविधान खतरे में: महादेव

▶▶ शहादत दिवस कांको पंचायत भवन में विचार गोष्ठी




राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** अखिल भारतीय नौजवान संघ जिला इकाई कोडरमा के तत्वधान में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव का शहादत दिवस चंदवारा प्रखंड के काको पंचायत भवन मे मनाया गया। वहां आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने की। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं जिप सदस्य चंदवारा महादेव राम ने कहा कि आज देश का संविधान व लोकतंत्र खतरे में है। देश के नौजवानों को भगत सिंह राजगुरु सुखदेव के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है। विरोध को सत्ता की ताकत से दबाया जा रहा है। सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि भगत सिंह के विचारों पर सभी नौजवानों के बीच ले जाने की आवश्यकता है ताकि भगत सिंह के सपनों का भारत बनाया जा सके। अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव कयूम उद्दीन ने कहा कि देश के नौजवानों को भटकाया जा रहा है उनके मन में गुलामी का जहर भरा जा रहा है। एटक नेत्री सोनिया देवी ने कहा कि देश की गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा बेकारी से मुक्ति के लिए संघर्ष तेज करने की आवश्यकता है जो संघर्ष भगत सिंह ने किया था। पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि आधी अधूरी आजादी को संपूर्ण आजादी में तब्दील करने की आवश्यकता है। गोष्ठी को पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश्वर सिंह, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, सच्चिदानंद पांडे, रामेश्वर यादव, युगेश प्रसाद यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, रामकृष्ण शर्मा, ब्रह्मदेव दास ने भी संबोधित किया। शहादत दिवस में रामचंद्र यादव, रंजीत भारती, किशोर चौधरी, विनोद पासवान, छोटे लाल दास, कुलेश्वर पंडित, धनपत यादव, गुफरान खान, उदय भारती, कामेश्वर पंडित, बसमतिया देवी, रामकृष्ण शर्मा, दशरथ पासवान आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन महेश प्रसाद सिंह ने किया।

# सीटू ने मनाया भगत सिंह , राजगुरु सुखदेव की शहादत दिवस




राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 92 वीं शहादत दिवस पर झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन (सीटू) ने वार्ड नंबर 19 अंतर्गत इंदरवाटांड़ में शहादत दिवस मनाया। इस अवसर पर भगत सिंह के चित्र पर उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। जहां शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे, शहीदों ले लो लाल सलाम आदि नारे नारे लगाए जा रहे थे। शिवनंदन भूइयां की अध्यक्षता में हुई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्माण कामगार यूनियन के नगर सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि 23 मार्च 1931 को आजादी के दिवाने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को ब्रिटिश साम्राज्यवादियों द्वारा फांसी दे दी गई थी।

ये क्रांतिकारी चाहते थे कि साम्राज्यवाद को खात्मा हो तथा शोषणकारी व्यवस्था हो। सांप्रदायिक सद्भाव बनी रहे, वर्गीय भेदभाव खत्म हो और वैज्ञानिक समाजवाद की स्थापना हो। मौजूदा केन्द्र सरकार ब्रिटिश हुकूमत की नीतियों पर चलते हुए लोकतंत्र को लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने मोदी सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू और किसान सभा के आह्वान पर 5 अप्रैल को दिल्ली रैली में हजारों की संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शम्भु पासवान, राजेन्द्र पासवान, शिवनंदन भूइयां, अनील कुमार, जागेश्वर भूइयां, पप्पू भूइयां, रामचन्द्र भूइयां, अनारकली देवी, गंगा देवी, मंजू देवी, नलिया देवी, संजू देवी, बिरजू भूइयां, सुनील दास, बब्लू दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रेलवे ट्रैक के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ स्थित टोरी-शिवपुर रेलखंड के ब्रिज नंबर 41 पोल संख्या 16/14,16/16 के पास गुरुवार सुबह में रेलवे ट्रैक के किनारे एक अधेड़ व्यक्ति का शव पाया गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालगाड़ी के चालक ने उक्त शव को रेलवे ट्रैक के किनारे पडा हुआ देखा और इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी ।स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना बालूमाथ पुलिस को दी ।जिसके बाद बालूमाथ पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को बरामद कर लिया । समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।इस संबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की शव की पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है ।फिलहाल शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है की युवक रेलवे ट्रैक में बुधवार देर रात ही गिर गया होगा और सर में चोट लगने की वजह से वह वहां से उठ नहीं पाया ।घंटों खून का रिसाव होने के कारण उसकी मौत हो गई होगी ।उन्होंने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा की यह हत्या या कोई दुर्घटना।

**उद्घाटन** विश्व जल दिवस पर तालाब, वाटर टैंक का उद्घाटन

# उपायुक्त ने ग्रामीणों को जल सरंक्षण का पाठ पढ़ाया

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** विश्व जल दिवस पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने बनपोक, लक्ष्मीपुर, देवपुर, शेरसिंघा (डोमचांच) का भ्रमण किया। उपायुक्त ने बनपोक, लक्ष्मीपुर, देवपुर, शेरसिंघा (डोमचांच) में तालाब, वाटर टैंक का उद्घाटन किया। वहीं उपायुक्त ने गांव के बीच पेड़ की छांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा जल सरक्षण के लिए प्रेरित किया।

उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि जल संरक्षण की दिशा में आपके द्वारा किए जा रहे कार्य बहुत ही सराहनीय है। हमें अपने गांव को विकास की ओर ले जाने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। अपने आजीविका संवर्धन के लिए कार्य करना चाहिए। अगर आज हम जल संरक्षण के लिये कार्य करते हैं तो आने वाले समय में जल की कमी नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना, नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना का लाभ लेकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करें। उपायुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधा और वन एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही गांव में पूर्ण रूप से कुल्हाड़ी बंदी किया गया है, आगामी भविष्य में और ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण के लिए ग्रामीणों ने संकल्प लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच, पीएमयू सदस्य धनपाल, बीपीओ, बीपीएम, जेएसएलपीएस के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

### कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ

**पाकुड़ :** सूरत न्यायालय, गुजरात द्वारा राहुल गांधी को 2 साल सजा सुनाए जाने पर देशभर के कांग्रेस कार्यकताओं में रोष व्याप्त है। इसे लेकर स्थानीय कांग्रेस भवन पाकुड़ में जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार के नेतृत्व में बैठक कर संकल्प लिया कि हम सभी राहुल गांधी के संघर्ष में उनके साथ हैं और कदम से कदम साथ मिलाकर आगे बढ़ेंगे तथा हर चुनौतियों का सामना करने में हर मोड़ पर खड़े रहेंगे। मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनूल इस्लाम, गुलाम अहमद, प्रदीप रजक, जमीरुल शेख, शाकिर अली, वसिकुल शेख, मिथुन मरांडी आदि मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### सुनील गावस्कर ने दी टीम इंडिया को चेतावनी, कहा यह वर्ल्ड कप का साल है,आप नहीं कर सकते ऐसा



**नई दिल्ली:** टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज हारने के बाद कई दिग्गजों के निशाने पर है। पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने भारतीय खिलाड़ियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह वर्ल्ड कप का साल है और आपको फिर से ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना पड़ सकता है। ऐसे में आपको अपनी कमियों को याद रखना होगा, भले ही आईपीएल शुरू हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने चेन्नई में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में भारत को 21 रन से हराया। इस तरह से उसने 3 मैचों की सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया। भारत ने 2019 के बाद घर पर कोई वनडे सीरीज गंवाई। वनडे वर्ल्ड कप भी इसी साल भारत में होना है। स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए सुनील गावस्कर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने बेहतरीन फील्डिंग के दम पर भारतीय बल्लेबाजों को शॉट लगाने के लिए मजबूर कर किया। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को आसानी से एक रन नहीं मिल रहे थे। ऐसे में उन्होंने धैर्य खो दिया और वह शॉट खेलने लगे, जैसा वे अधिकतर नहीं करते हैं। टीम को अपनी इस बड़ी कमी की ओर देखना होगा।

**फुटबॉल लीग**

### गोलकीपर ने अपने छोर से ही शॉट लगाकर गोल दागा

# इतिहास में सबसे लंबी दूरी का गोल का रिकार्ड बन सकता है यह

एजेंसियां

**सांटियागो :** अर्जेंटीना के गोलकीपर लिएंड्रो रिकेना ने चिली की शीर्ष फुटबॉल लीग में कोबरेसल पक्ष की कोलो-कोलो पर 3-1 से जीत के दौरान सबसे आक्रामक लक्ष्यों में से एक स्कोर किया। उनकी टीम 77वें मिनट में पहले से ही 2-0 से आगे चल रही थी, रिक्वेना ने वह लिया जो शुरू में काफी सहज गोल किक की तरह लग रहा था। हालांकि, विरोधी टीम के गोलकीपर ब्रायन कोर्टस अपने पेनाल्टी क्षेत्र से काफी आगे निकल आये थे। अचानक सीधे गेंद उनके गोल पोस्ट के तरफ आने के क्रम में उनके सर के ऊपर से गुजर गयी। उन्होंने खतरा को भांपकर इसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह लड़खड़ा गये। उनके ऊपर से गुजरने के बाद गेंद सीधे गोल पोस्ट के अंदर चली गयी। टीएनटी स्पोर्ट्स चिली के अनुसार, गोल 101 मीटर की दूरी से किया गया था, जिसे अगर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो यह इतिहास में सबसे लंबी दूरी के गोल के रिकॉर्ड को तोड़ देगा। वैसे अब तक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इस बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है।



सबसे लंबी दूरी के गोल का वर्तमान रिकॉर्ड 96.01 मीटर है, जो टॉम किंग ने 2021 में इंग्लैंड के चौथे टीयर में न्यूपोर्ट काउंटी और चेल्टेनहैम टाउन के बीच मैच के दौरान बनाया था।

लेकिन इस घटना के बाद इसे भी एक रिकार्ड के तौर पर दर्ज किये जाने के लिए गिनीज बल्र्ड रिकार्डस के पास अनुरोध किया जाएगा। वैसे इस घटना का वीडियो ट्विटर पर जारी होने के बाद कई विशेषज्ञों ने कहा कि इसे सत्यापित करने की आवश्यकता है। वास्तव में दूरी क्या थी, यह सत्यापित करने के लिए क्या आवश्यक है। इस लीग का आयोजन करने वाले एएनएफपी (चिली फुटबॉल फेडरेशन) ने उन्हें मैदान की माप की जांच करने के लिए बुलाया, जो कि 150 मीटर से थोड़ा ज्यादा है। यदि ऐसा है, चूंकि क्षेत्र पांच मीटर है, तो यह तार्किक रूप से 100 से अधिक होगा।

रिकोना ने कहा कि उन्होंने सोचा कि यह स्टेडियम समुद्र तल से 24 सौ मीटर की ऊंचाई पर है। इसलिए उन्होंने इसकी कोशिश की थी। उसने बाद में पत्रकारों से कहा कि मैं जल्दी से किक लेना चाहता था, जैसा कि हमने ऊंचाई पर कई बार किया है। जैसे ही गेंद मेरे पैर से छूटी, मैंने सबसे पहले अपना सिर पकड़ लिया क्योंकि दो खिलाड़ी पलटवार करने की स्पष्ट स्थिति में थे और मुझे एहसास हुआ कि यह लंबा चला गया था। जब मैंने देखा कि उछाल ने ब्रायन के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है और यह उसके पास से गुजरा है, तो मुझे लगा कि गेंद अंदर जा सकती है।

## खेल जगत अपडेट्स

### पहली महिला केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज

**सांगली :** महिला महाराष्ट्र



केसरी कुश्ती प्रतियोगिता गुरुवार से जिला खेल परिसर मैदान में शुरू हो रही है। जो पुरुषों की महाराष्ट्र केसरी की तर्ज पर राज्य में इस तरह की पहली प्रतियोगिता है। महाराष्ट्र कुस्तीगीर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष नामदेव मोहिते ने आज सुबह एक बयान में कहा कि महिला कुश्ती की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं जबकि राज्य के नगर निगमों की टीमों सहित 45 टीमों की 400 से 450 से अधिक महिला पहलवान दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। मोहिते ने कहा कि प्रतियोगिता की शुरुआत सभी महिला प्रतिभागियों के भारोत्तोलन के साथ हुई और शुक्रवार शाम का कुश्ती का अंतिम मुकाबला होगा। मैच दो कुश्ती अखाड़ों में होंगे जिन्हें प्रतियोगिता के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। विजेता टीम को रजत पदक और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

### हिन्दू कॉलेज की जीत में सिद्धार्थ-राजेश चमके

**नयी दिल्ली :** हिन्दू कॉलेज ने सिद्धार्थ और राजेश (दो -दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 टूर्नामेंट के लीग मैच में आईजीआईपीएस कॉलेज को चार विकेट से मात दी। पीजीडीएवी कॉलेज के मैदान पर आईजीआईपीएसएस टीम 19 .3 ओवर में 80 रन पर ऑल आउट हो गयी। हिन्दू कॉलेज ने 84 रन का लक्ष्य 16 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। आईजीआईपीएस के लिये चंदन मिश्रा ने 29 रन बनाये लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला। निखिल ( 34 रन, 39 गेंद) ने हिन्दू कॉलेज की पारी की अगुवाई करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। चंदन और पीयूष ने दो-दो विकेट चटकाए। निखिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिल्ली विश्वविद्यालय अकादमिक परिषद के सदस्य डॉ अशोक यादव और श्याम लाल कॉलेज की डॉ सुनीता पुनिया ने दिया।

# कार्यभार कम करने के लिये आईपीएल में आराम कर सकते हैं खिलाड़ी : रोहित



एजेंसियां

**चेन्नई :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि उनकी टीम के खिलाड़ी अपना कार्यभार कम करने के लिये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कुछेक मैच छोड़ सकते हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2023 की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई एकदिवसीय शृंखला के मात्र 10 दिन बाद 31 मार्च से होनी है। आईपीएल का समापन 28 मई को होगा और सात जून को भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के सामने होगा। रोहित ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा,'' यह सब अब फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है। वे अब उनके (खिलाड़ियों के) मालिक हैं। हमने टीमों को कुछ संकेत दिए हैं लेकिन दिन के अंत में यह फ्रेंचाइजी पर निर्भर करता है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है, उन्हें पता है कि उन्हें अपने शरीर का कैसे खयाल रखना है।'' रोहित ने कहा, ''वह सभी वयस्क हैं, उन्हें अपने शरीर की देखभाल करनी है। अगर उन्हें लगता है कि कार्यभार जरूरत से ज्यादा हो रहा है तो वे इसके बारे में बात कर सकते हैं और एक या दो मैचों के लिये ब्रेक ले सकते हैं, हालांकि मुझे नहीं लगता ऐसा कुछ होगा।'' गौरतलब है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा भी लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। रोहित ने चोटग्रस्त खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए उन्हें आवश्यक आराम देने पर जोर दिया। रोहित ने कहा, ''यह चिंता का विषय है क्योंकि हमारी अंतिम एकादश के खिलाड़ी चोटग्रस्त हो रहे हैं। ये खिलाड़ी नियमित रूप से अंतिम एकादश में खेलते हैं। हम खिलाड़ियों के प्रबंधन पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं,यही कारण है कि आप देखते रहते हैं कि हमें निश्चित समय पर कुछ खिलाड़ियों को आराम देना पड़ता है। '' उन्होंने कहा,'' जाहिर है जब आप इतना क्रिकेट खेलते हैं तो चोट लगना तय है। इसलिए इस पर ज्यादा ध्यान न दें। जो चीज हमारे हाथ में है हम उसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। ''उन्होंने कहा,खिलाड़ी भी निराश हैं। वे खेलना चाहते हैं, वे बाहर नहीं बैठना चाहते। यह थोड़ा दुखद है लेकिन आप सही मायने में ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। मैं आपको यह बता सकता हूं कि पर्दे के पीछे काम करने वाले लोग चीजों को ठीक करने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं। (खिलाड़ी को) किसी भी समय अजीब चोट लग सकती है, जैसे श्रेयस (अय्यर) इसका सबसे अच्छा उदाहरण थे। वह पूरे दिन बैठे रहे और जब अभ्यास के लिये गये तो उनकी पीठ में खिचाव आ गया। इसके बारे में आप कुछ नहीं कर सकते। हम सिर्फ यह कर सकते हैं कि खिलाड़ियों को पर्याप्त ब्रेक दें और मुझे लगता है हम ऐसा कर रहे हैं।

# आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष बनीं अभिनेत्री प्रीति झंगियानी



एजेंसियां

**महाराष्ट्र :** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति झंगियानी को गुरुवार को महाराष्ट्र आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष नामित किया गया। संगठन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि प्रीति को पिछले कुछ वर्षों में पूरे भारत और विदेशों में आर्म-रेसलिंग (पंजा लड़ाना) के खेल को बढ़ावा देने और पूरे महाराष्ट्र में आर्म-रेसलिंग समुदाय के विकास के लिये उनके काम को देखते हुए इस पद पर नियुक्त किया गया। प्रीति ने महाराष्ट्र के आर्म-रेसलिंग समुदाय का आभार व्यक्त किया और महिलाओं के साथ विशेष रूप से विकलांग एथलीटों को आर्म-रेसलिंग के खेल को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। प्रीति ने कहा, महाराष्ट्र आर्म -कुश्ती एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त होना मेरे लिये सम्मानजनक है। डॉ श्रीकांत वालंकर, सचिन मत्ते, प्रमोद वालमाद्रे और हमारी मजबूत टीम के साथ मिलकर, हम महाराष्ट्र में आर्म रेसलिंग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना चाहते हैं। उन्होंने कहा,मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ और महाराष्ट्र मेरा घर है। मैं हमेशा अपने महाराष्ट्र और उसके एथलीटों की प्रगति और सशक्तिकरण के लिये काम करूंगी। प्रीति झंगियानी के नेतृत्व में आगामी 34वीं राज्य स्तरीय आर्म कुश्ती प्रतियोगिता पुणे में आयोजित की जाएगी। महाराष्ट्र आर्म-रेसलिंग एसोसिएशन महाराष्ट्र सरकार के सोसाइटी अधिनियम 1860 और बीपीटी अधिनियम 1950 के तहत पंजीकृत एक सार्वजनिक ट्रस्ट है। उल्लेखनीय है कि प्रीति ने परवीन डबास के साथ फरवरी 2020 में प्रो पंजा लीग लॉन्च की। यह लीग पिछले दो सालों में एशिया की सबसे बड़ी आर्म रेसलिंग प्रतियोगित बन गयी है। प्रो पंजा लीग ने देश भर में कुछ रैंकिंग टूर्नामेंट, कई मेगा मैच और कई प्रचार कार्यक्रम आयोजित किये हैं। इसी बीच, महाराष्ट्र आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव और भारतीय आर्म रेसलिंग फेडरेशन के उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकांत वालंकर ने बताया कि एसोसिएशन ने नागपुर में विकलांग नागरिकों के लिये आर्म रेसलिंग और पॉवरलिफ्टिंग के लिये एक प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू किया है।

# आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म गुमराह का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर स्टारर गुमाराह का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आदित्य रॉय कपूर और मृणाल ठाकुर जल्द ही फिल्म गुमराह में नजर आने वाले हैं। फिल्म गुमराह का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत मृणाल ठाकुर के डायलॉग के साथ होती है। जिसमें वह कहती सुनाई दे रही हैं कि, ह्यसस्पेक्ट एक स्मार्ट क्रिमिनल है। जिसके बाद आदित्य रॉय कपूर की एंट्री होती है। गुमराह में आदित्य रॉय कपूर के साथ मृणाल ठाकुर भी दोहरी भूमिका में हैं, जो पहली बार एक महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। फिल्म गुमराह का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और मुराद खेतानी के सिने वन स्टूडियो द्वारा किया गया है। गुमराह तेलुगू फिल्म थडम का हिंदी रीमेक है। यह फिल्म 07 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# निथिन के साथ काम करेंगी रश्मिका मंदाना



एजेंसियां

**मुंबई :** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और अभिनेता निथिन की जोड़ी फिर से साथ नजर आयेगी। रश्मिका अपनी नई फिल्म के लिए निथिन और निर्देशक वेंकी कुदुमुला के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।रश्मिका मंदाना ने ट्विटर पर ऐलान किया है कि वह वेंकी कुदुमुला और निथिन के साथ एक फिल्म करेंगी । उन्होंने आने वाली फिल्म का एक वीडियो शेयर किया है । उनके ट्वीट में लिखा ,यह ट्रायो(तिकड़ी) इतनी दुर्लभ है कि हम भी जानते हैं! वीएनट्रायोकुछ अधिक एंटरटेनिंग और अधिक एक्साइटमेंट के साथ वापस आ गया है। निथिन, रश्मिका और वेंकी की अपकमिंग फिल्म का प्रोडक्शन माइथरी मूवी मेकर्स बैनर के तहत नवीन येरनेनी और वाई रविशंकर द्वारा किया जाएगा । म्यूजिक जीवी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है । इससे पहले निथिन, रश्मिका और वेंकी ने भीष्म में साथ काम किया था ।

# कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन पर लोगों के प्रति आभार जताया



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपने जन्मदिन के अवसर पर उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जो उनसे प्यार करते हैं। कंगना रनौत का आज 36वां जन्मदिन है। इस खास मौके उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है। कंगना इस वीडियो में ट्रेडिशनल लुक में नजर आयी। वीडियो में कंगना ने कहा,''आज अपने जन्मदिन के अवसर पर मैं अपने माता-पिता,अपने कुल देवी मां अंबिका जी और मेरे सारे गुरु, मेरे सारे प्रशंसक, शुभचिंतक, मेरा परिवार, दोस्त फैन्स सबके लिए आभार व्यक्त करती हूं।''कंगना ने कहा, मेरे शत्रुओं का भी आभार व्यक्ति करती हूं, जिन्होंने आज तक कभी मुझे आराम नहीं करने दिया। चाहे कितनी भी सफलता मिली, पर फिर भी मुझे सफलता के मार्ग पर तत्पर रखा, मुझे लड़ना-संघर्ष करना सिखाया उनकी भी मैं हमेशा आभारी रहूंगी। दोस्तों मेरी विचारधारा बहुत सरल है, मेरा आचरण और सोच भी बहुत सरल है और मैं हमेशा ही सबका अच्छा चाहती हूं। इसके चलते यदि मैंने कभी किसी के लिए कुछ देशहित में या लार्जर पिकचर के लिए मैंने किसी के लिए कुछ कहा हो और उनको उसका दुख हुआ हो ठेस लगी हो मैं उसके लिए भी क्षमा चाहती हूं। मेरे दिल में सभी के लिए केवल प्यार है। श्री कृष्ण के सौभाग्य से मुझे बहुत कुछ मिला है। मेरे मन में किसी के लिए दुर्भावना नहीं है।

# अमिताभ बच्चन ने ओके शब्द को लेकर शेयर की दिलचस्प जानकारी



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने ओके शब्द को लेकर अपने प्रशंसकों के साथ दिलचस्प जानकारी शेयर की है। अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर अकसर फैन्स के साथ मजेदार जानकारी शेयर करते हैं। इस बार उन्होंने ओके शब्द को लेकर जानकारी दी है।अमिताभ ने ट्वीट कर ओके शब्द के बारे में कुछ दिलचस्प बातें शेयर की है। अमिताभ बच्चन ने ट्वीट में लिखा, '23 मार्च को ओके शब्द 184 साल का हो जाएगा।

## प्रदेश >> अपडेट

### बरसाती गड्ढे में गिर कर मासूम की मौत

**जालौन** : उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के कदौरा कोतवाली क्षेत्र में नमामि गंगे की टंकी निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में पानी भरे होने के कारण एक मासूम की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने नवरात्र के अवसर पर भागवत कथा का आयोजन किया था जिसमें छह वर्षीय मासूम राज भी गया था। देर शाम घर वापस नहीं लौटने पर परिजनो ने उसकी तलाश शुरू की और राज का शव बरसाती पानी से लबालब गहरे गड्ढे में मिला।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### फिरोजपुर में इंटरनेट बंदी रहेगी जारी

**चंडीगढ़** : पंजाब में तरण तारण और फिरोजपुर जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर बंदी जारी रहेगी। पंजाब सरकार के सूत्रों के अनुसार इंटरनेट सेवाएं शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक बंद रहेंगी। 'वारिस पंजाब दे' प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ शनिवार से चलाये पुलिस के अभियान के कारण अफवाहों को फैलने से रोकने और प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था के मद्देनजर इंटरनेट सेवाएं समूचे प्रदेश में बंद कर दी गई थी। तीन दिन बाद बाद बाकी जगहों पर तो इंटरनेट सेवाएं शुरू कर दी गईं लेकिन चार जिलों तरण तारण, फिरोजपुर, मोगा और संगरूर में इंटरनेट सेवाओं पर बंदी लगी हुई थी।

### सी पी जोशी राजस्थान भाजपा अध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए सांसद सी पी जोशी को पार्टी का नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। चित्तौड़गढ़ सांसद जोशी को डा सतीश पूनियां के स्थान पर भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया हैं। इस संबंध में संगठन महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने जोशी की नियुक्ति के आदेश जारी किए कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उहें राजस्थान भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन व्यक्तियों की मौत

**अजमेर** : राजस्थान मे अजमेर के बांदरसिंदरी थाना क्षेत्र हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन लोगों की अकाल मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने तीनों को कुचल दिया जिसमें दो की मौके पर ही और एक की अस्पताल में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुधवार देर रात एक पिकअप गाड़ी खराब होने पर उसको मोबाइल की रोशनी में ठीक कर रहे युवको ने मदद के लिए हाईवे पर किसी वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन अज्ञात वाहन की चपेट में आने से काल के ग्रास बन गए। तीनों को किशनगढ़ की यज्ञनारायण अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने तीसरे को भी मृत घोषित कर दिया। मृतकों में माधोपुरा निवासी शंकर रैगर एवं शिवराज रैगर तथा दातारी निवासी दयाल रैगर की मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

### सचिवालय सेवा में 250 नवीन पद सृजित को मंजूरी दी

**जयपुर** : राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सचिवालय सेवा (राजपत्रित) और राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा (अराजपत्रित) में 250 नवीन पदों के सृजन को मंजूरी दी है। गहलोत के निर्णय से इस निर्णय से पदोन्नति के अवसर बढ़ेंगे वहीं वरिष्ठ शासन उप सचिव के 2 पद, शासन उप सचिव के 8 पद, सहायक शासन सचिव के 19 पद अनुभागाधिकारी के 31 पद, सहायक अनुभागाधिकारी के 51 पद, लिपिक ग्रेड-प्रथम के 55 पद एवं लिपिक ग्रेड-द्वितीय के 84 नवीन पद सहित कुल 250 पद सृजित हुए हैं। अभी इन सेवाओं में कुल पद 1972 है, जिन्हें बढ़ाकर 2222 कर दिया गया है। इससे सचिवालय सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

---

**जांच** मेहुल प्रकरण के आने के बाद सीबीआई ने माल्या पर दी जानकारी

# कर्ज लेकर घी पीने का काम किया है भगोड़े अरबपति ने

- मेहुल चोकसे के खिलाफ कार्रवाई में ढील क्यों दी है
- माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कर्ज और छंटनी से जूझ रही है

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** संस्कृत में एक श्लोक है, ऋणं कृत्वा घृतम पिवती। यानी कर्ज लेकर भी घी का सेवन करना। देश का हजारों करोड़ लेकर लंदन भागे उद्योगपति विजय माल्या ने कुछ ऐसा ही किया है। वैसे यह जानकारी उस समय सीबीआई द्वारा दी गयी है जबकि मेहुल चोकसे के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस हटा लिया गया है। चोकसे पर इंटरपोल की इस कार्रवाई की वजह से सरकार संदेह के घेरे में है।

अब विजय माल्या के बारे में सीबीआई का दावा है कि माल्या की किंगफिशर एयरलाइंस कर्ज और छंटनी से जूझ रही है, उद्योगपति ने इंग्लैंड और फ्रांस में 330 करोड़ रुपये की संपत्तियां खरीदी हैं। माल्या के खिलाफ चल रही जांच में सीबीआई ने हाल ही में मुंबई की एक अदालत में अतिरिक्त चार्जशीट दायर की थी। बताया जाता है कि 2015 से 2016 के बीच जब उनकी कंपनी गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही थी तब माल्या ने इंग्लैंड और फ्रांस में ये संपत्तियां खरीदीं।

माल्या पर आरोप है कि वह आईडीबीआई बैंक से 900 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाए बिना देश छोड़कर भाग गया। इस घटना में जांचकताओं ने अतिरिक्त चार्जशीट में उस बैंक के तत्कालीन महाप्रबंधक बुद्धदेव दासगुप्ता को भी नामजद किया है। बुद्धदेव पर आरोप है कि 2009 में उन्होंने माल्या को 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज दिलाने के लिए अपने पद और ताकत का गलत इस्तेमाल किया।

नियमों के मुताबिक माल्या को 750 करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज नहीं मिलना था। लेकिन उस अतिरिक्त 150 करोड़ के लिए माल्या की ऋण राशि 900 करोड़ थी। सीबीआई के साथ ईडीओ माल्या के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर रहा है। जनवरी 2019 में मुंबई की एक विशेष अदालत ने माल्या को भगोड़ा घोषित किया था।

अगर अदालत किसी को भगोड़ा घोषित करती है तो जांच एजेंसी उस शख्स की सारी संपत्ति जब्त कर सकती है। लेकिन सीबीआई द्वारा जानकारी देने के समय पर सवाल उठ रहे हैं तथा दूसरी तरफ यह सवाल अब भी खड़ा है कि सीबीआई और ईडी ने मेहुल चोकसे के खिलाफ कार्रवाई में ढील क्यों दी है।

## राहुल की आवाज को दबा नहीं सकते राजनीतिक विरोधी : कमलनाथ



- गांधी या कांग्रेस की आवाज को दबा सकते हैं
- पार्टी कानूनी प्रक्रिया का पालन करेगी
- गांधी ने हमेशा हर वर्ग और व्यक्ति का सम्मान किया है

एजेंसियां

**भोपाल** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को आज एक अदालत की ओर से सजा सुनाए जाने के बाद पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और कानून पर भरोसा करने वाला दल है, लेकिन राजनीतिक विरोधी ये न सोचें कि वे गांधी या कांग्रेस की आवाज को दबा सकते हैं। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि पार्टी लोकतंत्र और कानून में भरोसा करने वाली पार्टी है। गांधी ने हमेशा हर वर्ग और व्यक्ति का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सजा के मामले में भी पार्टी कानूनी प्रक्रिया का पालन करेगी और सत्य की जीत होगी, लेकिन राजनैतिक विरोधी यह ना समझें कि वे श्री गांधी या कांग्रेस पार्टी की आवाज को दबा सकते हैं। पूरा देश गांधी के साथ है।

## दिल्ली में पोस्टर युद्ध में आप पार्टी बनाम भाजपा




राष्ट्रीय खबर

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने वाले पोस्टरों पर पुलिस की कार्रवाई के दो दिन बाद, आज सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हटाने के लिए इसी तरह के पोस्टर सामने आए। मोदी हटाओ, देश बचाओ के नारे वाले हजारों पोस्टर मंगलवार को एक बड़े ऑपरेशन में पुलिस द्वारा हटा दिए गए। घटना के बाद एक प्रिंटिंग प्रेस के दो मालिकों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई मामले दर्ज किए गए। आज सामने आए नवीनतम पोस्टरों में केजरीवाल को बेईमान, भ्रष्ट तानाशाह बताया गया है और अरविंद केजरीवाल हटाओ, दिल्ली बचाओ का नारा दिया गया है।

पोस्टरों में दावा किया गया है कि इन्हें भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लगाया है। इस तरह दिल्ली की राजनीति अभी एक दूसरे के खिलाफ वाले इन पोस्टरों के ईर्दगिर्द घूमने लगी है। दरअसल आम आदमी पार्टी ने मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से ही आक्रामक रुख अपना रखा है। नई शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद भाजपा-आप के आमने-सामने की कड़ी में पोस्टर युद्ध नवीनतम है। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने अपनी कार्रवाई की व्याख्या करते हुए कहा कि गिरफ्तारियां सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए की गई थीं और कानून के तहत पोस्टरों पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम होना जरूरी था। उन्होंने कहा कि दर्ज किए गए 138 मामलों में से 36 पीएम मोदी विरोधी पोस्टरों के लिए थे। केजरीवाल ने पुलिस के स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया और कहा कि दरअसल प्रधानमंत्री मोदी अब डर गए हैं।

## डिजीक्लेम का कृषि मंत्री तोमर ने किया शुभारंभ



एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के डिजिटाइज्ड क्लेम सेटलमेंट मॉड्यूल डिजीक्लेम का गुरुवार को यहां शुभारंभ किया। इस नवाचार के साथ ही, दावों का वितरण अब इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ प्रारंभ में छह राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और हरियाणा के संबंधित किसानों को होगा। दावा भुगतान की प्रक्रिया अब स्वचालित हो जाएगी क्योंकि राज्यों द्वारा पोर्टल पर उपज डेटा जारी किया जाता है। तोमर ने बटन दबाकर इन राज्यों के बीमित किसानों को 1260.35 करोड़ रुपए के बीमा दावों का भुगतान किया। तोमर ने कहा कि डिजीक्लेम के साथ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नई विधा का शुभारंभ हुआ, जिससे केंद्र-राज्य सरकारों को सुविधा के साथ ही, किसानों को क्लेम मिल जाएं, इसकी सुनिश्चितता पारदर्शिता के साथ की जा सकेगी। आयुष्मान भारत योजना के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, देश की बहुत बड़ी योजना है, जो प्राकृतिक परिस्थितियों पर आधारित है। पिछले छह साल से संचालित इस योजना के अंतर्गत बीमित किसानों को उनकी उपज के नुकसान की भरपाई के रूप में अभी तक 1.32 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय सभी राज्य सरकारों, बीमा कंपनियों और किसानों के संपर्क में भी रहता है और समय-समय पर आने वाली कठिनाइयों का परिमार्जन किया जाता है।

बेमौसम बारिश से प्रभावित इलाकों में

## फसल नुकसान का जायजा लेंगे : केसीआर



एजेंसियां

**हैदराबाद** : तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) हाल ही में हुई बेमौसम बारिश के कारण खम्मम, वारंगल, महबूबाबाद और करीमनगर जिलों में फसलों को हुए नुकसान का गुरुवार को जायजा लेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 1015 बजे बेगमपेट हवाईअड्डे से रवाना हो कर खम्मम जिले के बोनाकल मंडल के रामापुरम पहुंचेंगे। यहां मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ फसल क्षति को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे और किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे। बाद में वह महबूबाबाद के पेड्डावंगारा मंडल के रेड्डी कुंटा टांडा पहुंचेंगे और फसल क्षति का जायजा लेंगे। इसके बाद वारंगल जिले के दुगोंडी मंडल के अदवी रंगापुरम में फसल को हुए नुकसान का जायजा लेने जाएंगे। राव करीमनगर जिले के रामदुगु मंडल में लक्ष्मीपुरम का भी दौरा कर वहां फसलों के नुकसान का भी जायजा लेंगे।

**सब्सिडी राशि का भुगतान**

20,200 करोड़ रुपये की सब्सिडी का अनुमान था

## एक दशक में पहली बार पीएसपीसीएल को बकाया पूरी सब्सिडी राशि मिली

एजेंसियां



**जालंधर** : पंजाब सरकार ने इस साल 15 मार्च तक पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) को देय पूरी सब्सिडी राशि का भुगतान कर दिया है। यह पहली बार है कि एक दशक से अधिक समय में पीएसपीसीएल को बकाया सब्सिडी की पूरी राशि प्राप्त हुई है। पीएसपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 20,200 करोड़ रुपये की सब्सिडी का अनुमान लगाया है क्योंकि पंजाब राज्य बिजली नियामक आयोग (पीएसईआरसी) ने इस वर्ष देय किसी भी सब्सिडी राशि का निर्धारण नहीं किया है। अनुमानित 20 हजार 200 करोड़ में पिछले वर्ष की लंबित सब्सिडी राशि 9020 करोड़ रुपये में से 1804 करोड़ रुपये की पहली किस्त शामिल है। पंजाब सरकार लंबित सब्सिडी का भुगतान 1804 करोड़ रुपये की पांच वार्षिक किस्तों में करने पर सहमत हो गई है। वित्तीय वर्ष के लिए देय कुल सब्सिडी 20 हजार 200 करोड़ रुपये है और पीएसपीसीएल को 18691 करोड़ रुपये नकद मिले हैं। इसमें कृषि बिजली (एपी) सब्सिडी के लिए 7416 करोड़ रुपये, घरेलू उपभोक्ता सब्सिडी के लिए 8205 करोड़ रुपये और औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 2539 करोड़ शामिल हैं। पीएसपीसीएल को फरवरी के महीने में 4120 करोड़ प्राप्त हुए हैं। अब चालू माह में पीएसपीसीएल को मिलने वाली शेष सब्सिडी केवल 968 करोड़ रुपये है। पंजाब सरकार ने अपने बजट प्रस्तावों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पीएसपीसीएल को देय बिजली सब्सिडी के रूप में 20244 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। किसानों को मुफ्त बिजली के लिए 9331 करोड़ रुपये बिजली सब्सिडी के लिए रखे गए हैं। औद्योगिक इकाइयों को सब्सिडी वाली बिजली के लिए 3133 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी देने के लिए 7780 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका में कार दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राज्य मैरीलैंड में एक कार के राजमार्ग कार्य क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से छह लोगों की मौत हो गयी। मैरीलैंड राज्य पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जांच के अनुसार, एक भूरे रंग की कार अस्थायी रूप से रखी गई जर्सी की दीवारों के बीच यात्रा करते हुए कार्य क्षेत्र में घुस गयी और कई निर्माण श्रमिकों को टक्कर मारने के बाद पलट गयी। आपातकालीन चिकित्सा सेवा कर्मियों ने घायलों में से छह को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है। कार का चालक बाल-बाल बच गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि चालक की पहचान नहीं हो सकी है और दुर्घटना की जांच की जा रही है। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने बुधवार दोपहर ट्वीट किया कि उनका कार्यालय स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति की निगरानी करना जारी रखेगा।

### एचआईवी/एड्स के नए मामले 20 वर्ष के निचले स्तर पर

**टोक्यो** : जापान में पिछले वर्ष एचआईवी और एड्स के नए मरीजों के परीक्षण में 870 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं,जो 20 वर्ष के निचले स्तर पर है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त आंकड़े में 625 नए एचआईवी और 245 नए एड्स रोगी शामिल हैं। इस बीच, वर्ष 2022 में सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य स्थानों पर किए गए एचआईवी एंटीबॉडी परीक्षणों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14,932 यानी 25.6 प्रतिशत बढ़कर 73,104 हो गई तथा एचआईवी के बारे में परामर्श लेने वालों की संख्या 12,458 यानी 22.8 प्रतिशत बढ़कर 67,009 हो गई।

### पाकिस्तान ईसीपी ने सुरक्षा खतरों के बीच पंजाब में चुनाव टाले

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को सुरक्षा कारणों के मद्देनजर पंजाब प्रांत में आगामी चुनावों को स्थगित करने की घोषणा की। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के पिछले महीने के विभाजित फैसले को लेकर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने ईसीपी से परामर्श के बाद पंजाब चुनाव की तारीख की घोषणा की। देश में निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर अपनी जिम्मेदारी का हवाला देते हुए, चुनाव आयोजन प्राधिकरण ने अपनी अधिसूचना में यह सुनिश्चित करने के विभिन्न प्रयासों का जिक्र किया कि आयोग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाए। अधिसूचना में कहा गया कि आयोग ने यहां शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव आयोजित करने के लिए गृह तथा रक्षा मंत्रालय को सभी मतदान स्थलों पर पाकिस्तानी सेना, रेंजर्स और फ्रंटियर कोर की तैनाती के लिए पत्र लिखा है। इसके अलावा, स्टेटिक मोड में पंजाब की प्रांतीय विधानसभा के आम चुनाव के संचालन के लिए स्टेशनों की स्थापना की गई। अधिसूचना के अनुसार, देश में आंतरिक सुरक्षा इसलिए बढ़ायी गयी है क्योंकि यहां पर हाल ही में आतंकवादी हमले हुए हैं और आगे भी होने की आशंका हैं।

### चेक गणराज्य में सांसदों पर टिकटॉक के उपयोग पर प्रतिबंध

**प्राग** : चेक गणराज्य की संसद के दोनों सदनों के सदस्यों पर सुरक्षा कारणों और राष्ट्रीय साइबर एवं सूचना सुरक्षा एजेंसी की सिफारिश पर सरकारी उपकरणों पर चीन की वीडियो-शेयरिंग ऐप टिकटॉक के उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। चेक रेडियो सेस्की रोझलास की बुधवार की रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों सदनों के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभागों को सरकारी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर टिकटॉक इंस्टॉल और उपयोग नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। चैंबर ऑफ डेप्युटीज सेक्रेटरी मार्टिन प्लिसेक ने संवाददाताओं को बताया कि सभी सांसदों और उनके सहायकों को सलाह दी गयी है कि वे निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर भी इस एप्लिकेशन का उपयोग न करें। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और कनाडा सहित कई यूरोपीय देश सुरक्षा कारणों से चीन के वीडिया शेयरिंग ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगा चुके है।

### तूफान से पांच लोगों की मौत

**फ्रांसिस्को** : अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में तूफान से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गयी है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि मंगलवार अपराह्न पेड़ गिरने से संबंधित अलग-अलग घटनाओं में सैन फ्रांसिस्को के दो निवासियों की मौत हो गयी। खराब मौसम की वजह से सैन मेटियो काउंटी, वॉलनट क्रीक और ओकलैंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सैन फ्रांसिस्को में गगनचुंबी इमारतों के आस-पास के क्षेत्रों को नियंत्रित करने के लिए अग्निशमन दल काम में जुटे हुए हैं

### सांसदों से विदेशी सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करने की सलाह

**पेरिस** : फ्रांस की संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली ने सांसदों से सुरक्षा कारणों से अमेरिका और चीन के सोशल नेटवर्क के इस्तेमाल को सीमित करने का आग्रह किया है। पोलिटिको समाचारपत्र ने बुधवार को एक गोपनीय ईमेल के हवाले से यह रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अनुशंसा सूची में टिकटॉक, स्नैपचैट, टेलीग्राम, सिग्नल, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्योंकि इन प्लेटफार्मों द्वारा एकत्र किए गए व्यक्तिगत डेटा का उपयोग विदेशी खुफिया सेवाओं द्वारा किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नेशनल असेंबली ने सांसदों को अपने काम का समन्वय करने के लिए फ्रांसीसी सॉफ्टवेयर डब्ल्यूआईएमआई का उपयोग करने की सलाह दी है।

### वैश्विक स्तर पर हैजा का जोखिम बहुत अधिक : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा** : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हैजे के खतरे का आकलन प्रकोपों की संख्या में वृद्धि और उनके भौगोलिक विस्तार के कारण बहुत अधिक है। यहां जारी एक बयान में डब्ल्यूएचओ ने कहा,''संसाधनों की वैश्विक कमी के कारण कई एक साथ प्रकोपों का जवाब देने की समग्र क्षमता पर दबाव बना हुआ है। इसमें मुंह से दिए जाने वाले हैजा के टीके की कमी के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा कर्मियों पर अत्यधिक दबाव भी शामिल है, जो कि एक ही समय में कई रोग प्रकोपों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों से निपट रहे हैं। डब्लयूएचओ वर्तमान स्थिति के आधार पर इसके वैश्विक स्तर पर जोखिम का आकलन बहुत अधिक करता है।''बयान में यह बताया गया है कि 20 मार्च तक 24 देशों में हैजा फैलने की रिपोर्ट है। संगठन के अनुसार हैजा के प्रकोप से प्रभावित अधिकांश देश अफ्रीका और पश्चिम एशियाई देश हैं।

## आज का इतिहास

- 1837 : कनाडा में अश्वेत नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया।
- 1878 : ब्रिटेन के युद्धपोत यूरीडाइस के पलटने से 300 लोग लापता हो गये।
- 1883 : न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहली बार फोन से बातचीत हुई।
- 1932 : अमेरिका में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो का प्रसारण किया गया।
- 1953 : ब्रिटेन की महारानी की दादी महारानी मैरी का सोते हुए निधन।
- 1959 : इराक ने बगदाद संधि से खुद को अलग कर लिया।
- 1979 : बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का जन्म।
- 1993 : एजर वीजमैन इजरायल के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1994 : जैकब जुलु का गीत प्लायमाउथ थिएटर न्यूयॉर्क सिटी में खुला।
- 1994 : रॉबर्ट एफ केनेडी, जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
- 1997 : ऑस्ट्रेलियाई संसद ने दुनिया के पहले और केवल इच्छामृत्यु के कानून को पलटा।

## पूजा सिंघल ईडी कोर्ट में हुई हाजिर

रांची:निलंबित आइएएस पूजा सिंघल कि डिस्चार्ज पिटीशन की आशिक सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी पूजा सिंघल ओर से बहस जारी रही। कोर्ट ने अगली सुनवाई की अगली तिथि 25 मार्च निर्धारित की है। मामले में अदालत ने पूजा सिंघल समेत, उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ के खिलाफ 25 मार्च को आरोप गठन की तिथि निर्धारित है।

**प्रदर्शन** 60-40 नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन हुआ उग्र

# पुलिस ने किया लाठीचार्ज, छोड़े आंसू गैस के गोले

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी में छात्र उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। 60-40 नियोजन नीति के विरोध में 5-6 सौ की संख्या में छात्रों ने विधानसभा की ओर मार्च किया। काफी संख्या में छात्र विधानसभा के पीछे पहुंच गए। जहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया। छात्र काफी आक्रोशित दिख रहे थे। आक्रोशित छात्रों को रोकने के लिए पुलिस को लाठी और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा।दरअसल, छात्रों का जुलूस विधानसभा की तरफ कूच किया। 60-40 नाय चलतो के नारे के साथ विधानसभा घेराव के लिए छात्र आगे बढ़ रहे थे। विधानसभा के समीप बेरिकेडिंग तोड़ने का छात्रों ने प्रयास किया। आक्रोशित छात्रों को जगन्नाथ मंदिर के पास पुलिस ने रोका। पुलिस के द्वारा रोके जाने के बाद छात्र मैदानी रास्ता पकड़कर विधानसभा के पिछले हिस्से पहुंच गए।आक्रोशित छात्रों के जुलूस को देखते हुए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। फिर भी छात्र नहीं रूके। जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस छोड़ कर छात्रों को तितर-बितर किया। वहीं आक्रोशित छात्रों की तरफ से पथराव किया गया। जिसमें कई पुलिसवालों को चोट लगी है। बता दें कि नियोजन नीति को लेकर राज्य के युवा काफी आक्रोशित हैं। अपना विरोध करने के लिए उन्होंने विधानसभा घेराव करने ऐलाना किया था। जिसके बाद राज्य भर से छात्र रांची में जुटे हैं।वहीं, जयराम महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और जो छात्र आक्रोशित थे उन्हें विधानसभा के खदेड़ दिया है। गिरफ्तार होने के बाद छात्र नेता जयराम महतो ने कहा कि हमलोग शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। पता नहीं पुलिस ने क्यों उन्हें पकड़ लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की हिरासत से बाहर आने के बाद आगे की रणनीति पर मंथन करेंगे।बात दें कि हेमंत सोरेन सरकार नियोजन नीति को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था, जिसके बाद हेमंत सरकार ने नई नियोजन नीति की घोषणा की जिसमें 60-40 के प्रावधान को लेकर स्थानीय युवाओं में नाराजगी है। युवा नई नियोजन नीति को लेकर पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। इनके विरोध को स्लोगन है, 60-40 नाय चलतो।

## रांची नगर निगम में नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक रहेगी जारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने रांची नगर निगम से नक्शा स्वीकृति पर रोक जारी रखी है। साथ ही सुनवाई की अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की है। कोर्ट ने मामले में रांची नगर निगम और आरआरडीए से पूछा है कि ऑनलाइन मोड में नक्शा स्वीकृति का कार्य होने के बाद से अब तक कितने नक्शे स्वीकृत हुए, कितने नक्शे स्वीकृति का काम लंबित है और कितने नक्शे को अस्वीकृत किए गए। इस पर स्टेटस रिपोर्ट दायर करें। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट से नक्शा स्वीकृति पर लगी रोक हटाने का आग्रह किया , जिस पर कोर्ट ने महाधिवक्ता को इससे संबंधित पिटिशन दाखिल करने को कहा है। गुरूवार को सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।बता दें कि इससे संबंधित खबर पूर्व में रांची के स्थानीय समाचार पत्र में छपी थी, जिस पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले को एलपीए 132 / 2012 के साथ टैग करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि 20-30 रुपए प्रति वर्ग फीट चढ़ावा, तब पास होता है नक्शा शीर्षक से यह खबर छपी हुई है। इसमें कहा गया है की राज्य के नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के लिए अधिकतम शुल्क 8 रुपया प्रति वर्ग फीट है लेकिन निकायों में तय शुल्क के अलावा 30 रुपए प्रति वर्ग फीट तक चढ़ावा देकर नक्शा की स्वीकृति प्राप्त किया जाता है। नगर निकायों में नक्शा स्वीकृति के हर चरण पर चढ़ावे की रकम फिक्स कर दी गई है।

## सड़कों के शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम से राज्य सरकार ने बनायी दूरी, नहीं पहुंचा कोई भी मंत्री-विधायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** गुरुवार को झारखंड को 9400 करोड़ से अधिक की सड़क, एलिवेटेड रोड और आरओबी की सौगात मिली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों रांची और जमशेदपुर में लोकार्पण, शिलान्यास हुआ। पर इसमें राज्य सरकार की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ जो चर्चा का विषय बना। हालांकि आज ही विधानसभा में इसे लेकर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आपत्ति जताते हुए कह दिया था कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बनेंगे। केंद्र की ओर से राज्य सरकार को नीचा दिखाने की यह कोशिश है। पूर्व में वे सरकार की ओर से इसमें शामिल होनेवाले थे पर अब वे मंच साझा नहीं करेंगे। इसके बाद आखिरकार वही हुआ। न तो सत्ता पक्ष का कोई मंत्री इसमें शामिल हुआ न ही कोई विधायक। आमंत्रण सत्ता पक्ष के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के अलावा रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, जोबा मांझी, बन्ना गुप्ता, जगरनाथ महतो और सत्यानंद भोक्ता (सभी मंत्री) को दिये जाने की सूचना सामने आयी थी। सांसद शिबू सोरेन, धीरज साहू, महुआ माजी का भी इसमें नाम था। साथ ही विधायक राजेश कच्छप, विक्सल कोंगाड़ी, भूषण तिर्की, विकास मुंडा, कुमार जयमंगल, भूषण बाडा, बैद्यनाथ राम और अन्य के भी नाम थे। पर इनमें से कोई नहीं दिखा। अंततः डायस पर केवल भाजपाई सांसदों, विधायकों के अलावा आजसू पार्टी के विधायक लंबोदर महतो और सुनीता चौधरी दिखीं। ऐसे में लोकार्पण कार्यक्रम ह्लएनडीए प्रोग्रामह्व का लुक लिए दिखा।शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा के सांसद दीपक प्रकाश, विद्युत बरन महतो, संजय सेठ, बीडी राम, आदित्य प्रसाद उपस्थित थे। हालांकि लिस्ट में सांसद सुदर्शन भगत, सुनील कुमार सिंह, समीर उरांव, गीता कोड़ा, सीपी चौधरी, धीरज प्रसाद साहू, महुआ माजी का भी नाम था। विधायकों में जेपी पटेल, किशुन कुमार दास, भानु प्रताप शाही, कोचे मुंडा, लंबोदर महतो, सुनीता चौधरी, रामचंद्र चंद्रवंशी उपस्थित थे। इसके अलावा लिस्ट में सबिता महतो, पुष्पा देवी, अनूप सिंह समेत अन्य कई विधायकों का भी नाम था पर वे नहीं दिखे।

### लापता छात्रा छपरा में मिली

**रांची:** डोरंडा थाना क्षेत्र की रहने वाली लापता छात्रा दीक्षा बिहार के छपरा में मिली है। फिलहाल वह पुलिस की निगरानी में है। बीते बुधवार को 8वीं कक्षा में पढ़ने वाली दीक्षा परीक्षा में फेल होने की वजह से दुखी होकर घर से निकली तो लौटकर नहीं आई। डीपीएस की छात्रा दीक्षा का बुधवार को आठवी का रिजल्ट्स निकला तो पता चला कि फेल हो गई।रिजल्ट खराब होने की वजह से दुखी छात्रा 11 बजे के करीब घर से निकली काफी समय तक जब घर नही लौटी तो परिजन खोजबीन शुरू की लेकिन पता नही चल सका। पिता हरेराम सिंह ने डोरंडा थाना पहुंचकर अपने पुत्री की गुमशुदगी रिपोर्ट दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से खोजबीन शुरू की, इधर जानकारी मिली कि छात्रा छपरा पहुंच गयी है।

## वीरेंद्र राम की हुई पेशी, न्यायिक हिरासत की अवधि 6 अप्रैल तक बढ़ी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी बिरसा मुंडा कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट के समक्ष गुरुवार को हुई। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि 6 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। इससे पहले 9 मार्च को विरेंद्र राम की पेशी कोर्ट में हुई थी। ईडी ने वीरेंद्र राम को तीन अलग-अलग बार रिमांड पर लेकर उससे 12 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद 7 मार्च को ईडी के विशेष न्यायाधीश के आवास पर उसकी पेशी हुई थी जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के लिए सबसे पहले 23 फरवरी को ईडी कोर्ट ने 5 दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को ईडी को सौंपा गया था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से 4 दिनों की पुलिस रिमांड पर ईडी को सौंपा था। तीसरी बार 3 दिनों के लिए उसे रिमांड पर उसे ईडी को दिया गया था। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### नगर विकास विभाग ने आयोग से मांगी राशि

**रांची:** नगर विकास विभाग ने 15वें वित्त आयोग से दूसरी किस्त की 745 लाख राशि का भुगतान अविलंब करने का अनुरोध भारत सरकार से किया है। तीन मिलियन प्लस सिटी रांची, धनबाद,जमशेदपुर के एयर क्वालिटी के सुधार और अन्य विकास कार्यों के लिए राशि देने की मांग की है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एयर क्वालिटी के लिए 42 करोड़ पहले किस्त के तहत दी गयी थी, वहीं 1194।00 लाख रुपये दिए गये। वाटर सप्लाई, सैनिटेशन, सॉलिड बेस्ड मैनेजमेंट इत्यादि के काम के लिए राशि खर्च की गयी। केंद्र से मिली पहली किस्त की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जमा करा दिया गया है। अब दूसरी किस्त की राशि प्राप्त होने के बाद आगे का कार्य किया जायेगा।

## सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को लेकर हाईकोर्ट गंभीर, सरकार से मांगा विस्तृत जवाब

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** दिव्यांग बच्चों को झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षा से वंचित रखने को लेकर छाया मंडल की ओर से दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले को गंभीर बताते हुए राज्य सरकार को 4 सप्ताह में विस्तृत शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 27 अप्रैल निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की।सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी छाया मंडल ने अपने दिव्यांग बच्चे का एडमिशन रांची के सरकारी स्कूलों में कराने की कोशिश की थी, लेकिन उनके बच्चे का एडमिशन नहीं लिया गया। बाद में उन्हें पता चला कि राज्य के सरकारी स्कूल में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं है। जिसके बाद इनकी ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई। कहा गया है जिन माता झ पिता के बच्चे दिव्यांग है उनके बच्चों को सरकार के स्कूलों में पढ़ाने अवसर मिलना चाहिए।याचिका में कहा गया है कि शिक्षा के अधिनियम 2009 तथा राइट टू डिसेबिलिटी एक्ट 2016 के तहत सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों का होना आवश्यक है , लेकिन राज्य के सरकारी स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षक नहीं है। प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया है की झारखंड सरकार द्वारा दिव्यांग 5 लाख बच्चों को पढ़ाने को लेकर एनजीओ को 30 से 40 लाख रुपए एनजीओ को दिया जाता है। इसके बाद भी दिव्यांग छात्र शिक्षा से वंचित है। एनजीओ द्वारा दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई जाती है।

**आयोजन** दुमका स्थित दिशोम मांझी स्थल पहुंचे राज्यपाल, कहा

## जनहित में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का प्रयास

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज दुमका स्थित दिशोम मांझी स्थल जाकर पूजा-अर्चना की और सभी राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इससे पूर्व वहां पहुंचने पर उनका स्थानीय युवतियों व लोक-कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य से स्वागत किया गया। राज्यपाल ने वहां उपस्थित स्थानीय लोगों से कहा कि राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें झारखंड राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया और मेरा पूरा प्रयास है कि राज्य के विकास एवं जनहित में सर्वश्रेष्ठ योगदान दूं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लगातार प्रयास करने से ही सफलता मिलती है, इसके लिए आत्मविश्वास बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संताल क्षेत्र का समृद्ध व गौरवशाली इतिहास है और विश्वास है कि पूरे देश में यह अत्यंत ही विकसित क्षेत्र बनेगा। उक्त अवसर पर एसपी महिला महाविद्यालय, दुमका की छात्राओं द्वारा छात्रावास में रसोईया एवं गार्ड के नहीं उपलब्ध होने की समस्याओं से अवगत कराया। राज्यपाल द्वारा उपायुक्त, दुमका से बात कर उनकी इन समस्याओं के निदान के लिये आश्वस्त किया गया।

### बच्चू यादव की जमानत याचिका को किया खारिज

**रांची:** विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दायर जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने गुरूवार को अपना फैसला सुनाया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने बच्चू यादव को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। इससे पूर्व बीते मंगलवार को प्रार्थी और ईडी का पक्ष सुनने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। जमानत याचिका में बच्चू यादव की ओर से कहा गया था कि उन्हें जिस मामले में ईडी ने आरोपी बनाया गया है, उसमें वह शामिल नहीं है। बरहरवा थाने में दर्ज कांड संख्या 85/ 2020 में नाम नहीं है। इनके खिलाफ जितने भी केस है उसमे उन्हें जमानत मिल गई है।बता दें कि इससे पूर्व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बच्चू यादव की जमानत अर्जी ईडी कोर्ट में भी खारिज हो चुकी थी।


